www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक-11 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



नए विचारों व तकनीक के माध्यम से कार्यकुशलता ... 02
■ भाजपा ने देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए किया...
■ आप ने जारी की गुजरात में स्टार प्रचारक की सूची
03
■ ईरान के राष्ट्रपति ने फिर इजरायल को पलटवार...
■ आतंकियों ने आईटीसी पार्कों को निशाना बनाने ...
07 रामनवमी आज

## सरकार बनते ही रदद् करेंगे अग्निपथ योजना : राहुल

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान करार देते हुए आज फिर इसकी आलोचना की और कहा कि केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो अग्निपथ योजना को रद्द किया जाएगा। श्री गांधी ने ट्वीट किया , अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है। उन्होंने कहा शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता,



■ कांग्रेस नेता अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान बताया

हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा इंडिया समूह की सरकार बनते ही हम इस योजना को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करेंगे।

## टीमएसी ने बंगाल को गुंडों को पट्टे पर दिया : मोदी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीमएसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। मोदी ने कहा- टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम पर हुई बहस

# वोटों का वीवीपैट पर्चियों से हो मिलान

### बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने किया मतपत्रों से मतदान की समस्याओं का जिक्र

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवसीएम) से मतदान और वीवीपैट पर्चियों से मिलान की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सर्वोच्च अदालत ने मतपत्रों के जरिए वोटिंग समस्याओं की ओर इशारा किया। जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के वकील प्रशांत भूषण से कहा कि हम अपनी जिंदगी के छठे दशक में हैं। हम सभी जानते हैं कि जब बैलट पेपर्स से मतदान होता था, तब क्या समस्याएं हुआ करती थी। हो सकता है आपको पता नहीं हो, लेकिन हम भूले नहीं हैं।



■ कोर्ट ने कहा, मशीन सही पर मानवीय हस्तक्षेप गलत
■ बहस में वीवीपैट के डिजाइन पर भी उठाए सवाल
■ मतदाता के हाथ में देनी चाहिए वीवीपैट पर्चियां

#### प्रशांत भूषण ने यूरोपीय देशों का दिया तर्क

प्रशांत भूषण यह तर्क दे रहे थे कि कैसे अधिकांश यूरोपीय देश, जिन्होंने ईवीएम के माध्यम से मतदान का विकल्प चुना था, वापस कागज के मतपत्रों पर लौट आए हैं। प्रशांत भूषण ने कहा कि हम वापस मतपत्रों पर जा सकते हैं। दूसरा विकल्प ये है कि ईवीएम से वोटिंग के दौरान मतदाताओं को हाथ में वीवीपैट की पर्ची देना। ये भी हो सकता है कि स्लिप मशीन में गिर जाए और इसके बाद वोटर के ये स्लिप मिले। इसके बाद इसे बैलट बॉक्स में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये वीवीपैट पर्चियां वोटर के हाथ में दी जानी चाहिए। हालांकि, वीवीपैट का डिजाइन बदल दिया गया, यह पारदर्शी ग्लास होना चाहिए था। लेकिन इसे गहरे अपारदर्शी मिरर ग्लास में बदल दिया गया।

#### ईवीएम में छेड़छाड़ रोकने के लिए दें सुझाव

जब प्रशांत भूषण ने जर्मनी का उदाहरण दिया, तो जस्टिस दीपांकर दत्ता ने पूछा कि जर्मनी की जनसंख्या कितनी है। प्रशांत भूषण ने जवाब दिया कि यह लगभग 6 करोड़ है, जबकि भारत में 50-60 करोड़ मतदाता हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा कि देश में कुल रजिस्टर्ड मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ है। हम सभी जानते हैं कि जब बैलट पेपर से वोटिंग होती थी तब क्या हुआ था। जब याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि ईवीएम पर डाले गए वोटों का वीवीपैट पर्चियों से मिलान किया जाना चाहिए। इस पर जस्टिस खन्ना ने जवाब दिया कि आप कहना चाहते हैं कि 60 करोड़ वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जानी चाहिए। सही जस्टिस खन्ना ने कहा कि हां, समस्या तब उत्पन्न होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है, इसी से समस्या बढ़ जाती है। इसके बाद प्रशांत भूषण ने ईवीएम से छेड़छाड़ की संभावना पर एक रिसर्च पेपर पढ़ा। उन्होंने कहा कि 'वे प्रति विधानसभा केवल 5 वीवीपैट मशीनों की गिनती कर रहे हैं जबकि ऐसी 200 मशीनें हैं, यह केवल 5 फीसदी है और इसमें कोई औचित्य नहीं हो सकता है।

## रामदेव ने फिर मांगी माफी



पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। रामदेव ने कहा कि किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था।

### विशेष संपादकीय

## देशबन्धु के 65 बरस

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

*देशबन्धु की स्थापना के आज पूरे 65 वर्ष हो गए। यह सुखद संयोग है कि देशबन्धु अपनी 65वीं वर्षगांठ रामनवमी और 17 अप्रैल की तारीख को मना रहा है। दरअसल रामनवमी संवत् 2016 को रायपुर से देशबन्धु का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था, उस दिन प्रचलित कैलेंडर के हिसाब से तारीख थी, 17 अप्रैल 1959। तब देशबन्धु का प्रकाशन इंदौर नई दुनिया के रायपुर संस्करण के रूप में प्रारंभ हुआ था, उसके बाद 1972 की रामनवमी को नई दुनिया रायपुर का नाम बदलकर देशबन्धु रखा गया।*

*देशबन्धु के संस्थापक-संपादक स्व.श्री मायाराम सुरजन यानी बाबूजी ने अपने लिए लगभग अपरिचित रायपुर शहर से जब इस अखबार की शुरुआत की, तो उनके समक्ष कई तरह की चुनौतियां थीं। लेकिन इरादों में एक अनूठी दृढ़ता और लोकतांत्रिक-प्रगतिशील मूल्यों के लिए अभूतपूर्व प्रतिबद्धता थी, जिसके बूते उन्होंने रेत में नाव खेना शुरु किया। जी हां, जिन मुश्किल परिस्थितियों में बाबूजी ने अखबार निकालना शुरू किया, उसे देखकर उनके बहुत से हितैषियों ने यही कहा कि आप रेत में नाव चला रहे हैं। लेकिन फिर इन्हीं हितैषियों और पाठकों के भरोसे की पतवार का संबल बाबूजी के पास था और वे देशबन्धु की नाव को आगे बढ़ाते रहे। रायपुर से शुरू हुए अखबार के अलग-अलग संस्करण खुले, जबलपुर, भोपाल, बिलासपुर, सतना, सागर, होशंगाबाद के साथ-साथ देशबन्धु का राष्ट्रीय संस्करण भी दिल्ली से पिछले 17 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है। 65 बरस में देश-दुनिया में बहुत सारे बदलाव आए। कई देशों में शासन प्रणालियां बदल गईं। कई देशों के नक्शे बदल गए। दुनिया ने कई तरह की क्रांतियां देख लीं। भारत में भी राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, तकनीकी स्तर पर कई बड़े परिवर्तन हुए, जिनका जनसामान्य पर तो गहरा असर हुआ ही, पत्रकारिता का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक और फिर सोशल मीडिया का दायरा बढ़ता गया। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाने लगा, लेकिन देशबन्धु ने कभी भी खुद को चौथा स्तंभ नहीं माना। बाबूजी की जनपक्षधरता वाली पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले और देशबन्धु को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाले उनके बेटे ललित सुरजन का कहना था कि स्वस्थ जनतंत्र और स्वस्थ प्रेस एक दूसरे के पूरक हैं। यदि जनतांत्रिक संस्थाओं में घुन लगी हो तो वह प्रेस की बुनियाद को भी कमजोर कर देती है, खासकर तब जब अखबार वाले अपने आप को सत्ता का चौथा खंभा मानने लगें। दरअसल हमारी भूमिका तो जनता और सत्ता के बीच एक संवाद सेतु बनने की है और इसमें अगर पक्षधरता है तो वह सत्ता की शक्ति के बजाय जनता की आवाज बनने के लिए है। तो पिछले 65 बरसों से देशबन्धु जनता की आवाज बनकर पत्रकारिता के मोर्चे पर डटा हुआ है। इन साढ़े छह दशकों के लंबे सफर में कई झंझावातों से ये अखबार गुजरा। कई बार हमें सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ा, केवल इसलिए क्योंकि हमने किसी का पिट्ठू बनना स्वीकार नहीं किया। सत्ताधीशों ने तंज कसे कि दिखने के लिए बिकना जरूरी है। लेकिन हमें ये कहने में संतोष भी है और गर्व भी कि दिखने और बिकने से कहीं ज्यादा जरूरी हमारे लिए पाठकों के भरोसे पर खरा उतरना है। अगर तमाम आर्थिक और व्यावसायिक दिक्कतों के बावजूद बिना किसी बाहरी सहारे के देशबन्धु टिका हुआ है तो उसका सबसे बड़ा कारण यही है कि हमारे पाठकों को हमारी संपादकीय रीति-नीति पर विश्वास है। अमेरिकी उपन्यासकार कैमरून हॉले के बहुचर्चित उपन्यास-'द एक्जीक्यूटिव सुईट' या 'अध्यक्ष कौन हो' का उदाहरण देते हुए ललित जी अक्सर कहते थे कि कोई भी प्रतिष्ठान सिर्फ मशीनों और जड़ नियमों से नहीं, बल्कि मानवीय सरोकारों से संचालित होता है। बाबूजी के बाद देशबन्धु को उन्होंने इन्हीं मानवीय सरोकारों के साथ आगे बढ़ाया और अब तीसरी पीढ़ी उन्हीं मूल्यों के साथ पत्रकारिता की इस मशाल को लेकर आगे बढ़ रही है।*

*यह संयोग ही है कि देशबन्धु का 65वां स्थापना दिवस और 18वीं लोकसभा चुनाव लगभग एक वक्त में ही पड़े हैं। इस बार के चुनावों में किसकी सरकार बनती है, इस सवाल से कहीं बड़ी चिंता इस बात की है कि अब संविधान और लोकतंत्र बच पाते हैं या नहीं। संविधान बदलने की इच्छाएं अब खुलकर प्रकट की जा रही है। एक तरफ कहा जा रहा है कि भारत लोकतंत्र की जननी है और दूसरी तरफ आम चुनावों को महज औपचारिकता बताया जा रहा है। मौजूदा वक्त की दिक्कतों पर बात न करके 2047 का सपना देश को दिखाया जाने लगा है। और चौथा स्तंभ कहलवाने में प्रसन्न मीडिया इस पर पलटकर सवाल पूछने से भी कतरा रहा है। इस समय केवल सत्ताधीशों की नीयत पर ही सवाल नहीं उठ रहे, मीडिया की भूमिका और दर्शकों-पाठकों के बीच तेजी से गुम होती उसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोकतंत्र और मीडिया की साख पर मंडरा रहा यह खतरा और कठिन दौर गुजर जाएगा, इसकी उम्मीद हमें है, लेकिन उससे अधिक इस बात की आश्वस्ति है कि जब भविष्य में इस वक्त का मूल्यांकन होगा, तो हमें अपनी भूमिका के साथ न्याय होने की उम्मीद रहेगी। देशबन्धु के इस सुदीर्घ सफर में साथ देने के लिए हम अपने सभी पाठकों, शुभचिंतकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनादाताओं का आभार व्यक्त करते हैं।*

### सार संक्षेप

#### भारतीय तटरक्षक ने समुद्र में फंसी नौका को बचाया



नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक ने तकनीकी खराबी के कारण पिछले तीन दिनों से कारवाड़ के निकट समुद्र में फंसी मछली पकड़ने वाली एक नौका को सुरक्षित बचा लिया है। भारतीय तटरक्षक ने मंगलवार को यहां बताया कि उसे 13 अप्रैल को मछली पकड़ने वाली एक नौका रोजेरी से संदेश मिला कि कारवाड़ से 215 समुद्री मील दूर समुद्र में उसका इंजन खराब हो गया है।

#### प्रेम कुमार चौधरी, मनीष कुमार कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** बिहार की विकासशील स्वराज पार्टी के नेता प्रेम चौधरी तथा प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा मनीष कुमार यादव आज कांग्रेस में शामिल हो गए। बिहार के दोनों प्रसिद्ध नेताओं ने मंगलवार को बिहार कांग्रेस के बिहार मोहन प्रकाश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की उपस्थिति में प्रेम कुमार चौधरी और डॉ. मनीष कुमार यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

#### बिहार में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत



**पटना।** राजधानी पटना में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि एक शख्स गंभीर रूप से घायल है। पटना मेट्रो के काम में लगी क्रेन से एक तेज रफ्तार ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। यह घटना कंकड़बाग थानाक्षेत्र के रामलखन पथ की है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की सुबह एक ऑटो मीठापुर से जीरोमाइल की ओर जा रहा था।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में 29 नक्सली ढेर

**जगदलपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार जप्त किए हैं।

दिन में हुई मुठभेड़ में पहले 18 नक्सलियों के मरने की खबर आई थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 29 हो गई। मृत नक्सलियों में एक कमांडर भी बताया गया है। कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया। इस दौरान हुई भीषण मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली और नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल, इंसास और अन्य राइफल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया है, जिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था।



■ मुठभेड़ में पुलिस के तीन जवान घायल
■ 4 एके 47 राइफल व अन्य हथियार जब्त

### 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया था

दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया है. इसमें 1 लाख रुपए के इनामी नक्सली भी शामिल रहे। इन नक्सलियों ने जिले में बढ़ते नक्सल विरोधी अभियान और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लोन वर्रा टू अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

### भाजपा की 7 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी

## देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी का पत्ता साफ

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसमें सात उम्मीदवारों के नामो का ऐलान किया गया है। देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काट दिया गया है। पार्टी ने यहां से शशांक मणि त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। यूपी की जिन दो सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं, उसमें देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और फीरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह हैं। इस सूची में महाराष्ट्र से एक, पंजाब से 3 और पश्चिम बंगाल से एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।

शशांक मणि त्रिपाठी को उम्मीदवार घोषित किया

### कांग्रेस ने तीन और सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**रांची।** कांग्रेस ने झारखंड की तीन और सीटों के लिए प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। गोड्डा सीट पर विधायक दीपिका पांडेय को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि, चतरा में पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। धनबाद सीट पर अनुपमा सिंह की उम्मीदवारी घोषित की गई है। गोड्डा सीट पर प्रत्याशी बनाई गईं दीपिका पांडेय सिंह संथाल परगना की महगामा सीट की विधायक हैं।

## झेलम में नाव पलटी, छह की मौत

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। आंसुओं और सिसकियों के बीच, हजारों लोगों ने उन पांच लोगों के अंतिम संस्कार की प्रार्थना की, जो मंगलवार सुबह श्रीनगर के गंडाबल इलाके में एक नाव पलटने से डूबकर मर गए थे। का आरोप है कि इलाके में पुल नहीं होने के कारण यह घटना हुई। स्थानीय लोगों का कहना था कि हमें ऊंचा और ऊंचा करने का वादा किया गया था, लेकिन दुर्भाग्य से किसी ने भी इलाके में पुल सुनिश्चित करने की जहमत नहीं उठाई। आज की त्रासदी पुल की अनुपस्थिति के

छह को बचाया, दस अन्य लापता



दरअसल एक दिल दहला देने वाली घटना में, मंगलवार सुबह बटवारा श्रीनगर के पास झेलम नदी में एक नाव पलट जाने से पांच नाबालिग छात्रों सहित 6 लोग डूब गए, 6 को बचा लिया गया, जबकि 10 अन्य लापता हैं। एक महिला, उसके दो बेटों और दो अन्य स्थानीय लोगों सहित पांच मृतकों का संयुक्त रूप से अंतिम संस्कार किया गया। इलाके के एक मैदान में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सुन्न आंखों वाले हजारों लोगों ने भाग लिया। घटना के बाद पूरे बटवारा मोहल्ले में मातम छा गया। स्थानीय लोगों कारण है। नाबालिग छात्रों को एक स्थानीय स्कूल ले जा रही नाव पलट गई, जिससे 5 नाबालिगों और नाविक की मौत हो गई, जबकि बचाव दल ने 6 छात्रों को बचा लिया। उन्होंने कहा कि खबर के तुरंत बाद स्थानीय लोगों के अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। तुरंत, 12 लोगों को ढूंढ लिया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, हालांकि उनमें से छह को वहां पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 6 अन्य को भर्ती कराया गया है।

### यूपीएससी का परिणाम घोषित

## लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा ली जाने वाली देश की सबसे बड़ी सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट आ गया है। सिविल सर्विस परीक्षा में इस साल लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। उन्होंने इस परीक्षा में पहली रैंक हासिल की है। दूसरे नंबर पर अनिमेश प्रधान हैं। टॉप 3 में तीसरा स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने हासिल किया है।



यूपीएससी की इन परीक्षाओं में कुल 180 उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुने गए हैं। वहीं, 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए चुने गए हैं। भारतीय विदेश सेवा के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इन परीक्षाओं के माध्यम से 613 उम्मीदवारों का चयन केंद्र सरकार के विभिन्न ग्रेड ए पदों पर हुआ है।

#### जामिया आरसीए के 31 छात्र चयनित

**नई दिल्ली।** जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने एक बार फिर यूपीएससी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। जामिया आरसीए के कुल 31 छात्रों ने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इनमें से नौशीन नामक छात्रा टॉप 10 में शामिल हैं।

### चुनाव — गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया वं राजगढ़ से दिग्विजय उम्मीदवार

## मध्य प्रदेश में सियासी घरानों की प्रतिष्ठा दांव पर

**भोपाल, 16 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इस बार का चुनाव सियासी घरानों के भविष्य का फैसला करने वाला होगा। पारिवारिक सियासत की विरासत को संभालने वाले ये प्रतिनिधि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही दलों के हैं। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चुनाव चार चरणों में होने वाले हैं। इन चुनाव में तीन संसदीय क्षेत्र की खास चर्चा है। यहां सियासी घरानों के प्रतिनिधि चुनाव मैदान में हैं।**

गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं राजगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और छिंदवाड़ा से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुनाव मैदान में हैं।

#### पिछला चुनाव हारे थे सिंधिया

बात गुना संसदीय क्षेत्र की करें तो ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। वह पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़े थे और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। सिंधिया राजघराने के गढ़ के तौर पर पहचाना जाता है गुना। ज्योतिरादित्य सिंधिया का यह छठा लोकसभा चुनाव है। इससे पहले हुए पांच चुनाव में से उन्हें चार बार जीत मिली है।



■ छिंदवाड़ा से कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ भी मैदान में

#### राजगढ़ से दशकों बाद उतरे

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से दिग्विजय सिंह कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वे लगभग तीन दशक बाद इस संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे वर्ष 1984 और 1991 में यहां से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं मगर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव भोपाल से लड़े थे और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। छिंदवाड़ा की पहचान कमलनाथ के पर्याय के तौर पर है। 1980 के बाद हुए 12 चुनाव में से 11 में कमलनाथ परिवार के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सिर्फ 1997 का एक ऐसा चुनाव था जिसमें कमलनाथ को हार मिली थी। छिंदवाड़ा को भाजपा ने जीत के लिए प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा है और यही कारण है कि पूरी पार्टी इस संसदीय क्षेत्र में जोर लगाए हुए हैं।

# देश

उवाच

"पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा था अगर अनुच्छेद 370 खत्म कर दिया जाएगा तो जम्मू-कश्मीर में कोई भी तिरंगा नहीं उठायेगा, लेकिन हर घर और सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज शान से लहरा रहा है।

-राजनाथ सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 24.0 |
| मुंबई | 36.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 38.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 28.0 |

# नए विचारों व तकनीक के माध्यम से कार्यकुशलता बढ़ाएं अधिकारी : मुर्मू

## राष्ट्रपति भवन में आईईएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों से नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से कार्य कुशलता बढ़ाने को कहा है। मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए आईईएस (2022 और 2023 बैच) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह से मुलाकात के दौरान यह बात कही। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण और साक्ष्य आधारित विकास कार्यक्रमों ने लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि युवा आईईएस अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे अपनी कार्य कुशलता को नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से बढ़ाएं। उनकी रचनात्मकता तेजी से परिवर्तनशील युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी।

### महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का किया आग्रह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह अच्छी बात है कि 2022 और 2023 बैच के आईईएस अधिकारियों में से 60 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत के समावेशी विकास के संकल्प को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिला अधिकारियों से महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास में आर्थिक विकास एक महत्वपूर्ण घटक है।

मध्यम और सूक्ष्म आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी पैरामीटर माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी तथा उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है ऐसे में अधिकारियों को आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूर्णत: विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



अधिकारियों की रचनात्मकता तेजी से परिवर्तनशील युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में करेगी मदद : द्रौपदी मुर्मू

### देश के गरीब व पिछड़े वर्गों के हितों को रखें ध्यान में : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईईएस 2022 और 2023 बैच के परिवीक्षाधीन युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते समय वे, देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों को ध्यान में रखें। मुर्मू ने कहा कि आर्थिक सेवा के अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ संसाधन वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने तथा योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है क्योंकि नीतियों का निर्धारण उनके दिए गए सुझावों पर निर्भर करेगा।

## श्री राम भारत की संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संदेश में कहा कि आप सभी को रामनवमी के पावन अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इसी साल पावन अयोध्या धाम में भव्य और नव्य मंदिर में भगवान श्री राम लला विराजित हुए हैं। इसलिए भी यह राम नवमी हम सबके लिए विशेष है। भगवान श्री राम भारत की संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं। श्री राम भारत के चिंतन और दर्शन के केंद्र हैं। उनका जीवन सभी के लिए आदर्श है। दुनिया को पार लगाने वाले भगवान श्री राम सभी का कल्याण करें। भगवान राम का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। हर परिवार खुशहाल हो, हमारा देश आगे बढ़ता रहे। इसी प्रार्थना और संदेश के साथ आप सभी को जय सिया राम। वहीं दूसरी ओर उप राष्टति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं और शक्तिशाली भारत का निर्माण करने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा और सहिष्णुता का एक शाश्वत प्रमाण है। सदाचार का संदेश देते उनके सिद्धांत युगों से ही सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आइए, आज हम भगवान राम द्वारा प्रज्ज्वलित शाश्वत मूल्यों की ज्योति के प्रति स्वयं को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन प्रभु श्री राम के शाश्वत आदर्शों पर आधारित हो और हम एक समृद्ध एवं शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए संकल्पित होकर कार्य करें।



लोस अध्यक्ष ने देशवासियों को दी राम नवमी की बधाई

## जम्मू-कश्मीर में अब अंतिम सांसें गिन रहा आतंकवाद : अमित शाह

### जम्मू के पलौड़ा में भाजपा के पक्ष में जनता से मांगे वोट

**जम्मू,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है। अमित शाह ने कहा कि श्यामा प्रसाद ने नारा दिया था, एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा। आज जम्मू-कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ये याद करके कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है। शाह ने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा कि महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा।

आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है... हमेशा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि नेकां-पीडीपी कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण से बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है। शाह ने आगे कहा कि नेकां-पीडीपी द्वारा घाटी के युवाओं का शोषण किया गया। उन्होंने कहा कि मैं नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी से पूछना चाहता हूं कि किसके कार्यकाल में सबसे ज्यादा फर्जी मुठभेड़ हुई कश्मीर घाटी के युवाओं पर गोली किसने चलवाई।



## सार संक्षेप

### कश्मीरी नेताओं ने चुनाव प्रचार किया रद्द

**श्रीनगर।** कश्मीर में मुख्यधारा के कई राजनेताओं ने श्रीनगर नाव त्रासदी के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता व श्रीनगर लोस सीट से पार्टी के उम्मीदवार रुहुल्लाह मेहदी ने घोषणा की कि वह दो दिनों तक चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। बडगाम के शिया नेता रुहुल्ला ने पोस्ट किया, आज हम सभी के लिए और बटवारा में अपनी जान गंवाने वाले बच्चों के शोक संतप्त परिवारों के वास्ते यह एक दुखद दिन है।

### पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे 20 को होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** हम मार्च 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के प्रशिक्षकों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें बेलस्प्राउट को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप शनिवार 20 अप्रैल, 2024 को स्थानीय समय (भारत में आईएसटी) अनुसार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होंगे।

### खनन माफिया सरकार की योजना पर लगा रहे पलीता

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार निवेश बढ़ाने के लिए बाहर की और बड़ी कंपनियों को प्रदेश में काम करने का न्योता दे रहे हैं और सुरक्षा की पूरी गारंटी दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बुलंदशहर में इसके उलट कुछ अफसरों की शह पर खनन माफिया और दबंग सरकार की इस योजना में पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। मामला बुलंदशहर के ऊंचा गांव के खादर का है। जहां हैदराबाद की नामी कंपनी मेसर्स सेंसशनल इनपुट्स प्राइवेट लिमिटेड को यूपी सरकार ने खनन के लिए दो पट्टे अलॉट किए हैं। लेकिन कंपनी के कर्मचारियों का आरोप है कि स्थानीय कंपनी और उसके साथ काम करने वाले कुछ दबंग लोग उन्हें यहां काम ही नहीं करने दे रहे हैं। दूसरे पट्टा धारक के आदमी कंपनी के कर्मचारियों को लगातार डरा धमका रहे हैं। अपहरण की धमकी दे रहे हैं। प्रशासन के कुछ अफसरों पर भी ये आरोप लग रहे हैं कि वो कंपनी को काम के लिए सुरक्षित माहौल मुहैया कराने की बजाए स्थानीय कंपनी के साथ समझौते करने का दबाव बनाते हैं। इस संबंध में कंपनी की ओर से ना सिर्फ एफआईआर के लिए पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है बल्कि जिलाधिकारी से भी न्याय की गुहार लगाई गई है।

## मिजोरम ने की नौकरी भर्ती में कदाचार की जांच शुरू

**आईजोल,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। मिजोरम सरकार ने संयुक्त सिविल सेवा परीक्षाओं के संचालन और मिजोरम लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) द्वारा राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के तहत अधिकारियों की भर्ती में कदाचार और अनुचित साधनों के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी माइकल लालमनजुआला को नियुक्त किया। मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने उत्तरपूर्वी ख्वाजावल जिले में आयोजित जनसभा में राज्य सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि जांच का आधिकारिक तौर पर सोमवार को आदेश दिया गया था। हाल ही में जब छात्र नेताओं ने उनसे मुलाकात की तो उन्होंने ये आरोप लगाए। इस तरह के गंभीर आरोपों की जांच की जानी चाहिए और सच्चाई का पता लगाना चाहिए। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव, जो एमपीएससी के पूर्व सदस्य भी हैं, को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए सात दिन का समय दिया गया। मिज़ो जिरलाई पावल या मिज़ो स्टूडेंट फेडरेशन ने संयुक्त सिविल सेवाओं और वन अधिकारियों की भर्ती के लिए परीक्षाओं के संचालन में कथित कदाचार के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए, एमपीएससी के अध्यक्ष जे.सी. रामथंगा के इस्तीफे की मांग की है।



# बिहार की बर्बादी के लिए राजद सबसे बड़ी गुनाहगार : मोदी

## संविधान को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को चेताया

**पटना/गया,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएम मोदी ने लालू-तेजस्वी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज का सबसे बड़ा चेहरा आरजेडी है। बिहार में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम आरजेडी है। बिहार की बर्बादी की सबसे बड़ा गुनाहगार आरजेडी है। चारा घोटाला के नाम पर वोट मांगने वालों पर अदालत ने अपनी मुहर लगा दी है कि उसने चारा चोरी की है और गरीबों को लूटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान को 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि इसे कोई भी नहीं बदल सकता, यहां तक कि खुद डॉ. भीमराव अंबेडकर भी इसे नहीं बदल सकते लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जाएगा। मोदी ने गया सीट से चुनाव लड़ रहे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार जीतनराम मांझी और औरंगाबाद से चुनाव लड़ रहे सुशील कुमार सिंह के पक्ष में गया में जनसभा को संबोधित किया।



संविधान को कोई भी नहीं बदल सकता यहां तक कि खुद अंबेडकर भी इसे नहीं बदल सकते : नरेंद्र मोदी

उन्होंने कहा कि आरजेडी ने बिहार को केवल दो ही चीजें दी हैं। एक जंगलराज और दूसरा भ्रष्टाचार है। इन्ही का दौर था जब बिहार में अपहरण और फिरौती एक उद्योग बन गया था। गया जैसे इलाके नक्सली हिंसा की आग में जलते रहते थे। बुद्ध की धरती पर नक्सली गोलियां चलाते थे। ऐसी हालत करके छोड़ दी थी उन्होंने बिहार की। मोदी ने कहा कि लालटेन से कभी मोबाइल चार्ज हो सकता है क्या यह लालटेन के जमाने वाले लोग आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देना चाहते हैं। आरजेडी का राज होता तो आपके मोबाइल की बैट्री भी चार्ज नहीं हो पाती। पूरी दुनिया में आज अस्थिरता का दौर है। ऐसे में देश को मजबूत और बड़े फैसले लेने वाली सरकार की जरुरत है। मोदी ने लालू पर पलटवार करते हुए कहा कि जो लोग संविधान को राजनीतिक हथियार के तौर पर उपयोग करना चाहते हैं वे कान खोलकर सुन लें, पिछले तीन दशक से आपने लोगों को डराए रखने के लिए भांति-भांति की कथाएं प्रचलित की हैं। कभी कहते थे कि आरएसएस और बीजेपी आएगी तो देश जल जाएगा, बच नहीं पाएगा। लेकिन पिछले तीस सालों से अनेक राज्यों में हम सरकार चला रहे हैं। अटल जी के समय से देश की सत्ता में आते जाते रहे हैं लेकिन इस देश को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे ही कालखंड में मिला है। उन्होंने कहा कि यह लोग कभी कहा करते थे कि अगर आरएसएस-बीजेपी वाला आए तो अल्पसंख्यकों को देश छोड़कर भागना पड़ेगा। लेकिन आज भी वे आन, बान और शान के साथ सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर विकास कर रहे हैं।

### जंगलराज वालों के साथ नहीं जाएंगे बिहार के युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजेडी ने बिहार के कितने ही परिवारों को बिहार छोड़कर पलायन को मजबूर कर दिया था। आज लूट का वही खेल ये लोग देश के साथ खेलना चाहते हैं। जब भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करता हूं तो ये लोग मोदी के खिलाफ लामबंदी करते हैं। मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो यह कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। इन्हें लगता है कि बिहार के युवा इनकी बातों में आ जाएंगे लेकिन बिहार के स्मार्ट युवा कभी भी जंगलराज वालों के साथ नहीं जाएंगे।

# मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कमलनाथ के सामने दरकता किला बचाना चुनौती

## 29वां कमल पाने के लिए भाजपा का हरसंभव जोर

**छिंदवाड़ा,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल छिंदवाड़ा इस बार यूं तो अनेक कारणों से चर्चाओं में है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अपने इस दरकते किले को बचाने की चुनौती और भारतीय जनता पार्टी के इस संसदीय क्षेत्र के रूप में 29वां कमल हासिल करने के हरसंभव प्रयासों ने इसे समूचे राज्य में सर्वाधिक चर्चाओं का कारण बना दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के सबसे दिग्गज नेताओं में से एक कमलनाथ के गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा को भाजपा कई सालों से भेद नहीं पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी राज्य की 29 संसदीय सीटों में से एकमात्र यही सीट उसके हाथ से फिसली थी। यही कारण है कि हालिया विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत से बेहद उत्साहित भाजपा लोस चुनाव में अब ये 29वां कमल खिलाने और इस संसदीय क्षेत्र में समूचे राज्य के विस चुनाव जैसे परिणाम दोहराने की कोशिश में है। भाजपा की इन कोशिशों को पिछले दिनों तब और बल मिला, जब इस संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विस के कांग्रेस विधायक कमलेश शाह, छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके और इस क्षेत्र के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस को अलविदा कह कर भाजपा का दामन थाम लिया।




### कांग्रेस ने नकुलनाथ को चुनावी मैदान में उतारा है

कांग्रेस ने इस बार इस सीट से एक बार फिर कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा यहां से भाजपा के जिलाध्यक्ष और छिंदवाड़ा विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी रहे विवेक बंटी साहू के भरोसे है। आदिवासी बहुल लेकिन सामान्य श्रेणी की इस सीट से इन दोनों को मिला कर कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है।

## जैन तीर्थस्थल गिरनार पर्वत के सुरक्षित दर्शन के लिए पीएम को लिखेंगे पत्र




नई दिल्ली। दिल्ली में विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ ने सोमवार को एक अभियान की शुरुआत की जिसके तहत जैन तीर्थस्थल गिरनार पर्वत के सुरक्षित दर्शन के लिए पीएम को पत्र लिखे जाएंगे। जैन जन की बाती, पीएम को पाती नामक इस अभियान की शुरुआत दिल्ली से की गई। श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने बताया कि अभियान के तहत हम देशभर के जैन अनुयायियों से ही नहीं, बल्कि जन-जन से यह आह्वान करते हैं कि सभी लोग भारत के प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर गिरनार पर्वत पर जैन अनुयायियों के सुरक्षित दर्शन पूजन के लिए आग्रह करें। उन्होंने कहा कि गिरनार पर्वत पर सदियों से जैन श्रधालु पूजन-अर्चन के लिए जाते रहे है, लेकिन पिछले 20 वर्षों से वहां अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है।

## सियांग जिले की मतदान टीमों का पहला दल रवाना

### अरुणाचल पूर्व के लिए 19 अप्रैल को डाले जाएंगें वोट

**ईटानगर,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले की मतदान टीमों का पहला जत्था जिले के दो दूर-दराज के मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपीएटी सहित मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दोनों मतदान केंद्र गसेंग और गेट दुर्गम हैं और अरुणाचल प्रदेश के सबसे पुराने क्षेत्रों में से एक पायम सर्कल में स्थित हैं। अधिकारी ने कहा कि मतदान दल रात के लिए मोलो में तैनात रहेंगे और वहां से वे अपने संबंधित मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए तीन दिवसीय पैदल मार्च करेंगे। दोनों मतदान केंद्र रुमगोंग विधानसभा क्षेत्र और अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जिले के शेष सात मतदान केंद्रों के लिए, जहां दो दिवसीय पैदल मार्च की आवश्यकता होगी, मतदान दल बुधवार को जिला मुख्यालय बोलेंग से अपने संबंधित मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रत्येक टीम में एक पीठासीन अधिकारी, चार मतदान अधिकारी, 15 परिचारक/पोर्टर और दो पुलिसकर्मी तथा चार सेट ईवीएम एवं वीवीपैट हैं। अरुणाचल प्रदेश में 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा में से 50 और दो लोकसभा सीटों-अरुणाचल पश्चिम और अरुणाचल पूर्व के लिए 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है।



पयर्टन / कश्मीर का ट्यूलिप गार्डन बना देश का आकर्षण केंद्र

# पौने तीन लाख पर्यटकों ने 25 दिनों में किए ट्यूलिप के दीदार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर में एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने अब तक 2.76 लाख आगंतुकों का स्वागत किया है, हर गुजरते दिन बड़ी संख्या में पर्यटक बगीचे में आ रहे हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि उद्यान में रिकार्ड तोड़ संख्या में पर्यटक आएंगे। ट्यूलिप गार्डन के प्रबंधन के अनुसार, ईद के बाद से, हर दिन 10,000 से अधिक लोग बगीचे में आ रहे हैं, और हर गुजरते दिन आगंतुकों की संख्या बढ़ रही है।**

बगीचे का प्रबंधन करने वाले खान मुदासिर के अनुसार, पिछले छह दिनों में लगभग 92,000 आगंतुक बगीचे में आए। इसमें बुधवार को 12,202, गुरुवार को 23,660, शुक्रवार को 17,580 और शनिवार को 21,121 शामिल हैं। पिछले दो दिनों में भारी बारिश के बावजूद, रविवार को 9,100 और सोमवार को 8,300 लोग बगीचे में आए। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी के साथ पिछले साल के 366,000 आगंतुकों के रिकार्ड को पार कर लिया जाएगा। आगंतुकों ने बगीचे में सहज और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है। इस वर्ष, फूलों की खेती विभाग ने बगीचे के आकर्षण को बढ़ाने के लिए पांच अतिरिक्त ट्यूलिप किस्में पेश की हैं। आगंतुक अपनी यात्राओं का पूरा आनंद ले रहे हैं, और हम लगन से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एक सहज अनुभव के लिए सब कुछ सही जगह पर है। 2007 में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन की स्थापना जम्मू और कश्मीर के पर्यटन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व में, उद्यान की कल्पना पारंपरिक गर्मियों और सर्दियों के महीनों से परे पर्यटन सीजन को बढ़ाने के साधन के रूप में की गई थी। बगीचे की ओर जाने वाली सड़कों पर नियमित जाम लग रहा है क्योंकि सैकड़ों वाहन बगीचे की ओर दौड़ रहे हैं। कई बार ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात को सुचारू करने के लिए संघर्ष करते नजर आते हैं। ट्यूलिप गार्डन स्कूली बच्चों को 20 प्रतिशत की छूट भी दे रहा है। प्रारंभ में, यह आफर 10 अप्रैल तक था; हालांकि, प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र को ट्यूलिप गार्डन का मनमोहक दृश्य देखने की अनुमति देने के लिए इसे 20 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। कहते हैं कि कश्मीर धरती पर जन्नत है और इसका एहसास कश्मीर के खूबसूरत पहाड़ों और झील के दामन में स्थित एशिया के खूबसूरत ट्यूलिप गार्डन से भी लगाया जा सकता है। इस बाग में 73 किस्म के 17 लाख रंग-बिरंगे, लाल-पीले, नीले-गुलाबी फूल खिले हुए हैं, जो यहां आने वाले अपने पर्यटकों का स्वागत करते हैं। ट्यूलिप गार्डन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यान है और यह कश्मीर घाटी में पर्यटन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये बाग न सिर्फ इन दिनों देशभर से यहां आए पर्यटकों का पहला आकर्षण बना हुआ है, बल्कि विदेशी लोग भी इस बाग की खूबसूरती को देखने के लिए आ रहे हैं।



■ हर गुजरते दिन आगंतुकों की बढ़ रही है संख्या

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# भाजपा ने देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए किया बड़ा भ्रष्टाचार : संजय सिंह

## प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर आम आदमी पार्टी ने साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर आम आदमी पार्टी ने निशाना साधा है। पार्टी का कहना है कि इसे सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया, लेकिन प्रधानमंत्री सही ठहरा रहे हैं। मंगलवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया, इसका समर्थन किया।

जबकि उन्होंने कालेधन, महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी और अग्निवीर समेत जनता से जुड़े मुद्दों पर कुछ नहीं बोला। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने और इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भ्रष्टाचार का बचाव करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि आबकारी नीति घोटाले के मुख्य आरोपी से भाजपा ने करोड़ों रुपए लिए। लेकिन अभी तक भाजपा के नेताओं से पूछताछ तक नहीं हुई और न तो इलेक्टोरल बॉन्ड देने वाली कंपनियों से पूछताछ हुई।



**भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भ्रष्टाचार का बचाव करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए : संजय सिंह**

**दस साल में नहीं हुआ कोई काम**

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों में देश की जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। चुनाव से पहले भाजपा ने देश की जनता से जो वादे किए थे, उस पर एक भी जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयुक्त के मामले मामले में सवाल उठे। संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया। उन्होंने जनता के लिए संदेश भेजा है कि 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। उन्होंने जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री दुर्भावना और नफरत में इतना आगे निकल चुके हैं कि मुख्यमंत्री से उनके परिवार तथा उनकी पत्नी की मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके करा रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। इसके बाद भी भगवंत मान की जेल में केजरीवाल से मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके कराते हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री ने इस कार्रवाई से जाहिर कर दिया है कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति पूरी तरह से नफरत, दुर्भावना और बदले की भावना भरी हुई है। प्रधानमंत्री अपने ही देश में एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का दिमाग अरविंद केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी और प्रताड़ित करने और उनका मनोबल तोड़ने की योजना पर काम कर रहा है।

### 35 आरोपी, कुछ की गिरफ्तारी हुई

संजय सिंह ने कहा कि आबकारी नीति घोटाले में 35 आरोपी हैं। लेकिन तीन-चार राजनीतिक व्यक्तियों को जेल में डाला गया। जबकि गैर राजनीतिक लोगों को सरकारी गवाह बनाकर छोड़ दिया। जबकि ईडी ने 10 साल में 8 हजार से ज्यादा छापेमारी की है। भाजपा के भ्रष्टाचार को देश की जनता जान चुकी है। देश की जनता जान चुकी हैं कि वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानी के सवाल पर कुछ नहीं बोलेंगे।

## भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी बने डॉ. वेद टंडन

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जाने माने शिक्षाविद और कमल, वंदना, गुरुग्राम ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट दिल्ली-एनसीआर के चेयरमैन एवं अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन को भारतीय जनता पार्टी भाजपा दिल्ली प्रदेश का शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रभारी मनोनीत किया गया है।



मंगलवार को इस बाबत जानकारी देते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने कहा कि मुझे आशा नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि डॉ. वेद टंडन पार्टी के हित में अनवरत कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। इस मौके पर डॉ. वेद टंडन ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह पूरी मेहनत और लगन के साथ करेंगे और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. वेद टंडन ने कहा कि देश का युवा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में हुए परिवर्तन का महत्व समझता है।

## आप ने जारी की गुजरात में स्टार प्रचारक की सूची

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुजरात के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, जमानत पर बाहर आए सांसद संजय सिंह का नाम है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद सक्रिय हुई उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का नाम भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है। पार्टी से मिली मिली जानकारी के मुताबिक, गुजरात के लिए जारी किए गए 40 स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राजूभाई सोलंकी, सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, मनीष सिसोदिया, सांसद डॉ. संदीप पाठक, संजय सिंह, राघव चड्ढा, आप नेता पंकज गुप्ता, मंत्री गोपाल राय, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, सतेंद्र जैन, इमरान हुसैन, अमन अरोड़ा, गोपाल इटालिया, इसुदान गढ़वी, हेमंत खावा, सुधीर वघानी, अल्पेश कथीरिया, राजू भाई सौलंकी, जगमालभाई वाला, ज्वेल वासरा, कैलाश गढ़वी, डॉ. रमेश पटेल, मनोज सोरठिया, सागरभाई रबारी, प्रवीण राम, युवराज सिंह जडेजा, राजू करपड़ा, चेतन रावल, गौरी देसाई, करशन भद्रका बापू, रेशमबेन पटेल, नरेश पूनाभाई बरिया, निरंजन वसावा, राधिका राठवा, पंकज पटेल, जयेश संगाडा और राम धडुक के नाम शामिल हैं। आम आदमी पार्टी को इंडिया गठबंधन के तरह गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से भरूच और भावनगर की दो सीटें मिली हैं। बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान पर हैं। आप ने भरूच से चैतर वसावा और भावनगर से उमेश मकवाना को उम्मीदवार घोषित किया है।

**अरविंद केजरीवाल, सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित कई नेता करेंगे प्रचार**

### सार संक्षेप

#### एक्सिस बैंक ने ओम्नी-चैनल शॉपिंग सेगमेंट का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और देश के प्रमुख प्रीमियम फैशन, सौंदर्य तथा उपहार ओम्नी चैनल गंतव्यों में से एक, शॉपर्स स्टॉप ने अपने सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड - एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। यह साझेदारी कार्डधारकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करेगी।
एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड, एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो के ओम्नी चैनल शॉपिंग स्पेस में विस्तार का प्रतीक है। इस सहयोग के तहत एक्सिस बैंक के नवोन्मेषी वित्तीय समाधान, देश भर में व्यापक शाखा नेटवर्क तथा भौगोलिक पहुंच और शॉपर्स स्टॉप के मज़बूत नेटवर्क तथा इसके 9.8 मिलियन फर्स्ट सिटीजन्स क्लब सदस्यों की तादाद का लाभ उठाया जाएगा।
एक्सिस बैंक के अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्ड एवं भुगतान, संजीव मोघे ने इस लॉन्च के मौके पर कहा कि एक्सिस बैंक में, हमारे पास एक विस्तृत क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो है और हम स्मार्ट तथा अद्वितीय उत्पाद प्रस्ताव पेश करने के लिए लगातार नवोन्मेष कर रहे हैं। हम नए ग्राहक वर्गों तक पहुंचने और उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने साझेदारी

#### केजरीवाल जेल से बाहर होंगे तो सातों सीटों पर मिलेगी जीत : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को पता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर होंगे तो इंडिया समूह दिल्ली की सातों सीटें जीत जाएगी और उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के त्रिलोकपुरी में 'जेल का जवाब वोट से' संकल्प सभा के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव बिगुल बज चुका है और 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान है। चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है और दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपा की केंद्र सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए केजरीवाल को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले कहते हैं कि श्री अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया है इसलिए उनको गिरफ्तार किया। जब देश की राजनीति में ईमानदारी की बात होती है तो लोग केवल अरविंद केजरीवाल को ईमानदारी का आदर्श मानते हैं।

#### अवैध संबंध के शक में भाई ने की बहन व चाचा की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भजनपुरा के नार्थ घोंडा इलाके में मंगलवार शाम अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर अपनी बहन और चाचा की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद ही फोन कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवती और युवक का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी पिता और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की शिनाख्त दानिश और शाइना के रूप में हुई है। वहीं आरोपी की पहचान कुदुस और उसके पिता मोहम्मद शाहिद के रूप में हुई है।

## रेलवे का दिल्ली मंडल पार्सल व लगेज कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़कर बना नंबर वन जोन

■ डॉ.कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे के दिल्ली मंडल की कमाई हर दिन बढ़ती जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पार्सल लोडिंग से रेलवे के दिल्ली मंडल ने देश में सबसे अधिक 413.09 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं, यात्रियों से कुल 6898.13 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। रेलवे के दिल्ली मंडल के वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक प्रेम शंकर झा ने बताया कि पार्सल और सामान की लोडिंग में रेलवे के दिल्ली मंडल ने देश में सबसे अधिक 413.09 करोड़ रुपए की कमाई की है। यह कमाई वित्तीय वर्ष 2023-24 की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह कमाई 370 करोड़ और 2021-22 में 334 करोड़ रुपए की कमाई थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई से रेलवे की कमाई सिर्फ 2492.84 करोड़ हुई। इतना ही नहीं पहली बार रेलवे के दिल्ली मंडल ने 131.6 करोड़ रुपए का कबाड़ बेचा है। अधिकारियों के मुताबिक, इस कमाई को रेलवे के यात्रियों के सुविधाओं पर खर्च किया जाता है। झा ने कहा कि पार्सल व सामान लोडिंग के जरिए देश में सबसे अधिक 413.90 करोड़ रुपए की कमाई की। दिल्ली मंडल में 60,8195.14 करोड़ टन पार्सल की लोडिंग हुई। वहीं, 34591.8 टन सामान लोडिंग हुई। पार्सल व सामान की लोडिंग से इससे पहले वित्तीय वर्ष 3022-23 में 370 और इससे पहले वित्तीय वर्ष में 334 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी।



### माल ढुलाई से ज्यादा यात्रियों से कमाई की

रेलवे के दिल्ली मंडल ने माल ढुलाई से ज्यादा यात्रियों से कमाई की है। यात्रियों से दिल्ली मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 6898.13 करोड़ रुपये की कमाई की है। जबकि, माल ढुलाई से 2492.84 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली मंडल में बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों में सफर करते हैं। देश में जहां पर खनन होता है वहां से कोयला व अन्य खनिज पदार्थ की ढुलाई होती है। देश में माल ढुलाई से रेलवे को 75 प्रतिशत कमाई होती है। 25 प्रतिशत कमाई यात्रियों से होती है। अधिकारियों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 131.6 करोड़ रुपए का कबाड़ भी बेचा गया है।



■ नई दिल्ली में श्री सनातन धर्म मंदिर महासभा लाल क्वार्टर से रामनवमी की शोभा यात्रा निकल गई। रैली में हजारों लोगों ने भाग लिया। फोटो अजय मेहता

## चुनाव आयोग ने सूरजेवाला पर लगाया 48 घंटे का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सूरजेवाला की मुशीबते बढ़ गई हैं। भाजपा सांसद हेमामलिनी पर की गई विवादित टिप्पणी पर चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अगले 48 घंटे तक चुनावी गतिविधि में भाग लेने से रोक लगा दी है। उन पर यह प्रतिबंध 16 अप्रैल शाम 6 बजे से प्रभावी होगा। चुनाव आयोग के इस आदेश के बाद सूरजेवाला इस दौरान न चुनाव प्रचार कर सकेंगे और न ही मीडिया से किसी तरह का संवाद कर सकेंगे। फिलहाल चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले किसी राजनेता पर यह पहली कार्रवाई है। बतादें के रणदीप सूरजेवाला ने बीते दिनों भाजपा सांसद हेमामालिनी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उसके बाद भाजपा के कई नेताओं ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी। आयोग ने इस मामले में सूरजेवाला से जवाब तलब किया था,लेकिन उनके जवाब से संतुष्ट न होने पर यह कार्रवाई की गई है। हालांकि सुरजेवाला ने पूरे मामले में कहा था कि उनका इरादा हेमा मालिनी का किसी भी तरह से अपमान करना या उनको आहत करना नहीं था।

### श्याम लाल महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन में बोले रामनाथ कोविंद

## बाबा साहब ने स्वतंत्र भारतीय राष्ट्र की रखी मजबूत नींव

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। श्याम लाल महाविद्यालय के अंबेडकर स्टडी सर्कल एवं अफ्रीकी अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय अर्थव्यवस्था की गतिशीलता पर डॉ. अम्बेडकर का दृष्टिकोण: विकसित भारत 2047 का रास्ता शीर्षक से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र दिल्ली विश्वविद्यालय के सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भाग लिया था। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, कोविन्द ने नव स्वतंत्र भारतीय राष्ट्र की मजबूत नींव को खड़ा करने में डॉ. अम्बेडकर के विविध योगदानों पर विचार रखें। उन्होंने दर्शकों को डॉ. अम्बेडकर की बचपन की उन कठिनाइयों के बारे में बताया जिनसे डॉ. अम्बेडकर को उन दिनों भारतीय समाज में प्रचलित अस्पृश्यता की कुप्रथा के कारण गुजरना पड़ा था। इसके अलावा, उन्होंने भारत में श्रम नीतियों पर डॉ. अंबेडकर के स्थायी प्रभाव और उनकी स्थिति को बेहतर बनाने में उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने दर्शकों को यह भी बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने कृषि और सिंचाई के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर महिला नागरिकों को भी पुरुषों के समान अधिकार देने में गहरी रुचि रखते थे क्योंकि उनका मानना था कि केवल यही उन्हें सही अर्थों में सशक्त बनाएगा। अंत में उन्होंने कहा, हमें देश में वंचितों की स्थिति में सुधार लाने, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, विकसित भारत के लिए विदेश नीति और आर्थिक दृष्टिकोण के संचालन के लिए डॉ. अम्बेडकर के जीवन, विचारों और कार्यों को देखने की जरूरत है।



**डॉ. अम्बेडकर के बचपन की कठिनाइयों के बारे में कराया अवगत**

### राष्ट्रगान के साथ किया गया सत्र का समापन

इस सम्मलेन के प्रथम एवं द्वितीय दिवस अनेक सत्रों का आयोजन हुआ जिनमे देश ओर विदेश से अनेक विद्वानों एवं छात्रों ने डॉ. अम्बेडकर के आर्थिक चिंतन अनेक आयामों पर विचार रखें ओर अपने शोध पत्रों का विचान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह सत्र में उपस्थित रहे। प्रोफेसर बलराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो.विकास गुप्ता, कुलसाचिव, प्रो. रबी नारायण कर, प्राचार्य, श्याम लाल महाविद्यालय, प्रो. गजेंद्र सिंह, अफरीकी अध्ययन केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. नीना शिरीष आदि मान्यवर उपस्थित रहें।

**पहल** *राजधानी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को एमसीडी की पहल*

## राजधानी के होटलों में मिलेगी 20 प्रतिशत की छूट

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, लॉजिंग हाउस ओनर्स एसोसिएशन और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ करोल बाग ने पात्र मतदाताओं के लिए एक आकर्षक पेशकश की घोषणा की है। इस पहल के अंतर्गत पात्र मतदाता जो अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपनी उंगली पर स्याही के निशान का प्रमाण देते हैं, वे विशेष छूट के पात्र होंगे जो मतदाता लॉजिंग हाउस ओनर्स एसो. से संबद्ध होटलों में आवास बुक करते हैं, उन्हें 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी।**

■ **करोल बाग व नजफगढ़ जोन के होटल मालिकों ने लिया फैसला**

जबकि दिल्ली होटल और रेस्तरां ओनर्स एसोसिएशन के तहत प्रतिष्ठानों में बुकिंग करने वालों को समान 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने नागरिक कर्तव्य का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। मतदाताओं को उपयुक्त लाभ प्रदान करने के लिए करोल बाग और नजफगढ़ क्षेत्र के होटल एसोसिएशन ने मतदान में नागरिक भागीदारी बढ़ाने में योगदान देने की उम्मीद से इस स्कीम की शुरुआत की है। करोल बाग क्षेत्र के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हमारा मानना है कि हर वोट मायने रखता है, और नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस कार्य के लिए दिल्ली नगर निगम का जन स्वास्थ्य विभाग करोल बाग क्षेत्र के व्यापारियों से संपर्क कर रहा है। इस विशेष छूट की पेशकश करके, हम अधिक लोगों को वोट डालने और हमारे देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। इसी कड़ी में कार्य करते हुए नजफगढ़ क्षेत्र के उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि होटल और गेस्ट हाउस एसोसिएशन, महिपालपुर द्वारा कमरे के किराए पर 20 प्रतिशत की छूट देने के लिए कहा गया है। इस छूट का लाभ उठाने के लिए योग्य मतदाता वोट डालने के 24 घंटे के अंदर अपना आवास बुक करके और अपनी उंगली पर स्याही के निशान का प्रमाण प्रस्तुत करके छूट का लाभ उठा सकते हैं।



यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने और नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में मतदाताओं की भागीदारी के महत्व को बढ़ावा देती है।

## शिक्षा क्रांति के नाम पर सरकार ने किया लूटने का काम : वीरेन्द्र

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जैसे जैसे अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है वैसे समझ आ रहा है की क्यों इंडी गठबंधन में कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के दिल मिल रहे हैं। जैसे शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर लूटा है उसी तरह शिक्षा क्रांति और स्वास्थ्य के नाम पर दिल्ली को लूटने का काम अरविंद केजरीवाल सरकार ने किया है। 2021 में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई ने कार्य आवंटन जारी किया। दो कंपनियां हैं एक बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और दूसरी अनस एंड यंग लेकिन बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप को एक अनुबंध दिया गया जिसने ऊंची बोली लगाई क्योंकि इस कंपनी से संबंधित सीमा बंसल पंजाब में आम आदमी पार्टी से ताल्लुक रखती हैं। सचदेवा ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन से जुड़े अधिकारी आर.एन. दास की अध्यक्षता वाली समिति ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति के लिए टेंडर दिया। मुदित गुप्ता और शुभम गुप्ता की कंपनी मेसर्स तिरुपति मेडिलाइन पी लिमिटेड उनकी कंपनी का सर्टिफिकेशन फेल हो गया था।



उवाच

सभी तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मेले में राजस्थानी लोकनृत्य, गीत संगीत के साथ साथ रागनियों की श्रंखला चलेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

**चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## नोएडा एयरपोर्ट को ईंधन सप्लाई करेगी देश की बड़ी पेट्रोलियम कंपनी, हुआ समझौता

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र के जेवर बनाये जा रहे एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट से उड़ने वाले हवाई जहाजों को देश की बड़ी पेट्रोलियम कंपनी ईंधन सप्लाई करेगी। ईंधन सप्लाई करने के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नियाल) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच समझौता हो गया है।

### बीपीसीएल के पियाला टर्मिनल से होगा सप्लाई ईंधन

जेवर में बनाये जा रहे जेवर एयरपोर्ट के लिए कॉर्बन उत्सर्जन को कम करते हुए जेवर एयरपोर्ट की एटीएफ मांग को पूरा करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नियाल) तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच एक समझौता हुआ। समझौता पत्र पर बीपीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक विपणन (विमानन) सुजीत कुमार और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नियाल) की ओर से चीफ फाइनेंसल ऑफिसर रितु समरा ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान कार्यकारी निदेशक (पाइप लाइन) बीजू गोपीनाथ बिजनेस हेड (विमानन) संजीव कुमार तथा बीपीसीएल की किरण जैन व मयूरी वत्स भी उपस्थिति रहे।

### 34 किलोमीटर लम्बी होगी पाइप लाइन

जेवर एयरपोर्ट के लिए ईंधन सप्लाई करने के लिए बीपीसीएल 34 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन डालेगी जो जेवर एयरपोर्ट परिसर के भीतर 1.2 किलोमीटर तक फैली होगी। जेवर एयरपोर्ट के लिए पाइप लाइन डालने के बाद एयरपोर्ट के लिए टैंक लॉरी से ईंधन लाने की आवश्यकता खत्म हो जाएगी। बीपीसीएल व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच हुए इस अहम समझौते पर बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन ने कहा कि बीपीसीएल हवाई अडडों पर एटीएफ सुविधाएं स्थापित करने में अग्रणी रहा है। सडक मार्ग से ईंधन उपलब्ध कराने की जगह कंपनी पाईप लाइन के जरिए ईंधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नियाल की मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के लिए उपयोग होने वाले ईंधन को पाइप लाईन से उपलब्ध कराने पर बीपीसीएल के आभारी हैं। हमें विश्वास है कि यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा और हमारी दक्षता को और बढ़ावा देगा।

## दस गांवों के 1200 किसानों को मिलेंगे आबादी भूखंड

- आबादी भूखंडों के लिए चिन्हित कर ली गई है जमीन
- आबादी भूखंडों की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहते हैं किसान

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के लिए अच्छी खबर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जल्द से जल्द आबादी भूखंड आवंटित करने की तैयारी में जुट गया है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद 10 गांवों के लगभग 1200 किसानों को आबादी भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। भूखंड का आवंटन लकी ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। दरअसल सेक्टरों व विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहण की गई जमीन से प्रभावित किसानों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 6 प्रतिशत आबादी भूखंड दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा कुछ किसान 4 प्रतिशत अतिरिक्त भूखंड दिए जाने के लिए कोर्ट चले गए थे। आबादी भूखंड सहित अन्य मांगों को लेकर किसान संगठन आए दिन धरना प्रदर्शन करते रहते हैं। प्रधिकरण कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दे कई बार तालाबंदी कर चुके हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने आबादी भूखंड आवंटित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव के बाद कैलाशपुर, पाली, तिलपता, जुनपत, साकीपुर सहित 10 गांवों के 1200 किसानों को आबादी भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसकी कागजी कार्रवाई चल रही है। आबादी भूखंड के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। आचार संहिता के दौरान कोई नया काम नहीं हो सकता, इसलिए अधिकारी चुनाव के बाद आबादी भूखंड आवंटित किए जाने का फैसला लिया गया है।

## कर्ज देने के बाद कूट रचित दस्तावेज से करोड़ों की सम्पति पर किया कब्जा

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। एक कर्ज में दबे व्यक्ति को एक करोड़ रुपए उधार देने की बात कह कर उसकी फैक्ट्री और संपत्ति के कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। इन कागजों के आधार पर संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने अदालत के आदेश के बाद थाना बीटा-दो में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्वी दिल्ली की दिलशाद कॉलोनी झिलमिल के निवासी दिलीप कुमार ने अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें कहा था कि सेक्टर-63 में एक प्रतिष्ठान चलाता है। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए बैंक से ऋण लिया था। समय से ऋण अदा नहीं करने पर बैंक की ओर से दबाव आने लगा। दिलीप ने इस समस्या के बारे में अपने एक परिचित कारोबारी सुखविंदर सिंह और जुपेंद्र सिंह से विचार विमर्श किया। परिचितों ने कर्ज की चिंता न करने की बात कहते हुए एक करोड़ रुपए का ऋण दिया। सिक्योरिटी बतौर कुछ कागजों पर दस्तखत करा लिए। कुछ समय बाद आरोपियों ने कूट रचित दस्तावेज दिखाते हुए सेक्टर-63 स्थित प्रतिष्ठान पर कब्जा कर लिया। इन्हीं दस्तावेज के आधार पर उस पर 16.80 करोड़ रुपए कर्ज दिखा दिया। पीड़ित ने एक करोड़ रुपए देने की पेशकश की लेकिन आरोपी जायज पैसा वापस लेने की जगह संपत्ति हड़प लेना चाहते हैं। अक्टूबर 2023 में सेक्टर-31 ग्रेटर नोएडा में हुई बैठक में एक बार फिर से एक करोड़ रुपए वापस देने की पेशकश की, लेकिन आरोपियों ने नहीं मानी। पीड़ित ने पुलिस से भी शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अब अदालत के आदेश के बाद पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश



- सभी मतदान कार्मिक गहनता के साथ सजक होकर प्रशिक्षण करें प्राप्त
- निर्वाचन कार्यों में लापरवाही नहीं होगी क्षम्य

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का चार दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर- 51, होशियारपुर, नोएडा में दिया जा रहा है। द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन लगभग 2288 पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को शामिल होना था, जिनमें से पीठासीन अधिकारियों में खुदरार अस्ति केंद्र प्रबंधक रणजीत सिंह, सहित 19 एवं प्रथम मतदान अधिकारियों में बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रेटर नोएडा के क्लर्क अमित कुमार सहित 8, द्वितीय मतदान अधिकारियों में स्टेनोग्राफर सहायक महानिरीक्षक निबंधक प्रथम अमिता सिंह सहित 14 तथा तृतीय मतदान अधिकारियों में स्पेक्ट्रम मॉल नोएडा के चपरासी विशाल सहित 14 अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में जो 55 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे हैं, उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। दूसरे दिन आज दोनों पालियों में मास्टर ट्रेनर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को लेकर सभी मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों से कहा कि बहुत ही सजगता के साथ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य पूर्ण निष्ठा व लग्न से संपन्ना करायें। मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एल. ए. बच्चू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीवीपैट मशीनों के तैयारी कार्यों का जायजा लिया



**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने फूल मंडी फेस-2 नोएडा में पहुंचकर ई.वी.एम./वीवीपैट मशीनों की तैयारी (कमिश्निंग) कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फूल मंडी में स्थित कमरों, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण किया।

उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ईवीएम कमिश्निंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। ईवीएम कमिश्निंग में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी संबंधित अधिकारीगण सतर्कता बरतते हुए पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम कक्ष, सभी सुविधाएं ससमय दुरुस्त रखी जाए तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही बेरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा, पार्किंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जांच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए ताकि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण, मंडी सचिव संजय कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कार्मिकों को मतदान के दिन दिया जाए सवेतनिक अवकाश

**ग्रेटर नोएडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि मतदान दिवस देश के विभिन्न हिस्सों में सात चरणों में निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख में प्रावधान किया गया है कि किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन सवेतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित विभिन्न कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक या अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्हें किसी अन्य जनपद या प्रान्त में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है, उन्हें उनके नियोजकों द्वारा सम्बन्धित प्रान्त या जनपद में होने वाले मतदान दिवस पर मतदान करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त दिवस का सवेतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों ने मनाया श्रीराम नवमी का उत्सव, दी प्रस्तुति




**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वर्ण नगरी स्थित जीडी गोयंका स्कूल में सोमवार को श्रीरामनवमी उत्सव का आयोजन छात्रों द्वारा किया गया। छात्रों द्वारा प्रभु श्रीराम के जन्म का वर्णन एक नाटक द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं श्रीराम के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातें भी बताई।

छात्रों द्वारा एक सुंदर गीत एवं नृत्य का भी प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमे छात्रों ने काफी हर्षोल्लास से भाग लिया। छात्रों द्वारा श्रीराम की आरती प्रस्तुत की गई आरती के उपरांत छात्रों को प्रसाद में हलवा का वितरण भी किया गया। छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से इस उत्सव में भाग लेकर इसे और सार्थक बनाया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने छात्रों को बताया की प्रभु श्रीराम ने एक अच्छे मित्र, एक अच्छे नेता एवं एक अच्छे शिष्य की भूमिका अदा करते हुए एक अच्छा जीवन व्यतीत करने का मार्ग बताया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए रामनवमी की शुभकामनाएं दी।

### ओवरलोडिंग वाहन को परिवहन विभाग ने किया सीज, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए अभियान चलाया है। एआरटीओ की टीम ने ग्रेनो वेस्ट में दो वाहन सीज कर वहान स्वामी पर मुकदमा करवाया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एआरटीओ विपिन कुमार चौधरी ने एक ट्रक मालिक माजिद निवासी अलवर राजस्थान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया है। एआरटीओ ने बताया कि उनकी टीम जलपुरा गांव में ओवरलोडिंग वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान टीम द्वारा गिट्टी भरे हुए दो ट्रैकों को रोका गया, जिनमें क्षमता से ज्यादा गिट्टी भरी हुई थी। इसके चलते परिवहन विभाग ने दोनों ट्रैकों को सीज किया।

**Lost and Found**

I, Shashi Sehgal W/o Dr. Ramesh Sehgal R/o Navjeevan Hospital old Rohatak Road Sonipat, Haryana have lost my original allotment Letter of flat no. A-103, omaxe Palm green, Peech Palm A , Sector MU , Greater Noida U.P

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ऐतिहासिक बाराही मेला 22 से होगा शुरू, तैयारियां तेज

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में ऐतिहासिक भारतीय सभ्यता एंव संस्कृति को सजोए हुए ऐतिहासिक बाराही मेला नई उमंग के साथ ग्रामीण परिवेश में तैयार है। अब पुनः इस बार 22 अप्रैल से 4 मई तक प्राचीनकालीन बाराही मेला आयोजित किया जा रहा है। प्राचीनकालीन बाराही-2024 को आयोजित करने वाली शिव मंदिर मेला समिति सूरजपुर, की बैठक बाराही मेला प्रांगण में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने की और संचालन महामंत्री ओमवीर बैंसला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि सभी तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मेले में राजस्थानी लोकनृत्य, गीत संगीत के साथ साथ रागनियों की श्रंखला चलेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। महासचिव ओमवीर बैंसला ने बताया कि इस बार बाराही मेले में शाम को स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रागिनयां प्रस्तुत की जाएंगी। वहीं लोक संस्कृति मंच पर राजस्थान से आने वाले कलाकारों द्वारा गीत और नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी।

शिव मंदिर मेला समिति के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल ने कहा कि बाराही मेले में आने वाले दर्शकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पूर्व भांति की गई है, जहां लोग अपने वाहन पार्क कर मेले का लुत्फ उठा सकते हैं। बाराही मेला समिति मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस बार लगने वाले बाराही मेला की तैयारियां पूरे जोर शोर से शुरू कर दी है।

## अस्पताल से कुछ दूरी पर इलाज न मिलने से एक पशु की मौत



**दनकौर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। देवटा गांव में एक व्यक्ति के 6 पशुओं की चारा खाने के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई, जिसमें एक पशु की मौत हो गई। जबकि 5 पशुओं का सोमवार को गांव पहुंचे पशु चिकित्सक इलाज कर रहे है। दो पशु की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से 10 कदम दूर सालों पुराना पशु अस्पताल बना हुआ है। इसी अस्पताल के भरोसे 15 गांव के पशु रहते हैं। चिकित्सक अस्पताल पर मौजूद नहीं रहते है। शाम होते ही अस्पताल दारू का अड्डा बन जाता है। यदि चिकित्सक अस्पताल पर मौजूद होते तो पशु की जान बच सकती थी। चिकित्सक चुनाव में ड्यूटी लगे होने का बहाना लगाकर अस्पताल से गायब थे। मंगलवार को पशुओं की मौत के बाद ग्रामीणों ने जिला स्तर पर बात की तो आनन फानन में चिकित्सक गांव पहुंचे। पीड़ित मनोज ने बताया कि उसके पास 6 पशु थे।

रोजाना की तरह सभी ने सुबह चारा खाया। चारा खाने के बाद ही अचानक सभी पशु बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। इस दौरान गांव के लोग भी एकत्रित हो गए। सभी ने विभिन्न तरह से पशुओं का घरेलू इलाज करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद दौड़कर गांव में बने पशु अस्पताल पर पहुंचे तो ताला लगा हुआ था। ग्रामीणों ने फोन से चिकित्सकों से बात करने का प्रयास किया तो बात नहीं हो सकी। इसी दौरान इलाज नहीं मिलने से एक पशु ने दम तोड़ दिया और दो पशु मरने की कगार पर है। सोमवार देर रात तक भी बिना इलाज तड़पते रहे। मंगलवार को चिकित्सक गांव पहुंचे और इलाज में जुटे हुए हैं।

हर्षित, पशु चिकित्सक, प्रभारी अस्पताल ने बताया कि सोमवार को चुनाव में ड्यूटी लगी थी। इसलिए अस्पताल पर मौजूद नहीं था। किसी ग्रामीण ने फोन से संपर्क नहीं किया। मंगलवार को पशुओं के बीमारी की जानकारी मिलने पर टीम समेत गांव पहुंचे हैं। पशुओं का इलाज किया जा रहा है। संभावना है कि गला हुआ भूसा खाने से पशुओं को फूड पॉयजनिंग हुआ है।

## मातृ व शिशु स्वास्थ्य पर जिम्स में स्तनपान सत्र का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ईको इंडिया प्लेटफॉर्म के सहयोग से राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तरफ से 'स्तनपान' पर सत्र आयोजित किया गया। जीआईएमएस द्वारा ईसीएचओ प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे 'मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य' पर शैक्षिक मॉड्यूल की श्रृंखला में, सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा मंगलवार को 'स्तनपान' पर एक सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र बुनियादी डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए है, जिन्हें स्तनपान की मूल बातें के बारे में प्रशिक्षित किया गया था। जीआईएमएस के निदेशक डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता ने स्तनपान के महत्व पर जोर दिया और उल्लेख किया कि यह जानने के बावजूद कि मां का दूध बच्चे के लिए सबसे अच्छा है, मां का विशेष स्तनपान कराने का अनुपात 50 प्रतिशत से कम है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से जागरूकता पैदा करने और माताओं को इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। मुख्य सत्र का संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका ने किया। उन्होंने स्तनपान की शारीरिक रचना और शरीर विज्ञान, उचित स्थिति के महत्व और मां के स्तन से बच्चे के लगाव पर विचार-विमर्श किया और स्तनपान कराने वाली माताओं और उनके उपचार के सामने आने वाली सामान्य समस्याओं पर भी चर्चा की।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के.पी.-4 ग्रेटर नौएडा सिटी**
**जि०-गौतमबुद्धनगर, (उ.प्र.)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS06 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या A-217, Area-70 Sqmt., Sector-Mu-01, Allotment No.-BHS0672217, Greater Noida आवंटी Sh. Narender Singh S/o Sh. Harbansh Singh के पक्ष में आवंटित / पंजीकृत है। आवंटी Sh. Narender Singh की मृत्यु दिनांक 07.12.2023 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पत्नी Smt. Gurbachan Kaur W/o Late Sh. Narender Singh द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों / शपथ पत्रों / मृत्यु प्रमाण पत्र / वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण रुप से अपने पक्ष में म्यूटेशन / नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Narender Singh S/o Sh. Harbansh Singh के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Gurbachan Kaur W/o Late Sh. Narender Singh R/o 11/06, Lal Quarters, Lohia Nagar, Distt.-Ghaziabad-201001 (U.P.) के नाम पूर्ण रुप से दर्ज कर दिया जायेगा।

**विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)**
**ग्रेटर नौएडा औ० वि० प्राधिकरण।**

## स्मार्ट विलेज घरबरा में साफ सफाई न होने से ग्रामीण परेशान

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ से ग्रामीणों ने की शिकायत



**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टरों के साथ गांवों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई हैं। नियमित रूप से सफाई न होने से नालियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के तहत आने वाले स्मार्ट विलेज में भी सफाई व्यवस्था कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ रवि कुमार एनजी से इसका शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत जो गांव आ रहे हैं उनमें साफ सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से नहीं हो रही है जबकि कुछ गांव स्मार्ट विलेज भी बनाए गए हैं यह हाल उनमें से एक स्मार्ट विलेज घरबरा का है, यहां पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बहुत ज्यादा अनदेखी की जा रही है न तो समय से झाड़ू लग रही न नालियां साफ हो रही।

गांवों में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। घरबरा गांव का यहां बस स्टैंड है मुख्य रास्ता है। प्राधिकरण के द्वारा करोड़ों रुपए के टेंडर साफ सफाई को लेकर छोड़े गए हैं फिर भी यह हाल है प्राधिकरण में सीनियर मैनेजर, मैनेजर, सहायक प्रबंधक, टेक्निकल सुपरवाइजर, सुपरवाइजर एवं ठेकेदार व ठेकेदार के अन्य कर्मचारी होने के बावजूद भी अनदेखी बढ़ती जा रही है। गांव के मोहित भाटी का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारी जमीनी स्तर पर एक बार जाकर देखें कि गांवों की स्थिति कैसी बनी हुई है। गांव में सिर्फ दिखावे के लिए कार्य होता है पूर्ण सफाई कर्मचारी भी नहीं है।

## सेक्टर व सोसाइटी के पास वृक्षों में लगे कीड़ों के निदान के लिए दवा छिड़काव के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण परिक्षेत्र में स्थित सोसायटी एवं अन्य मार्गो पर स्थित वृक्षों पर कीड़े लगने की शिकायते मिलने के बाद प्रभागीय वनाधिकारी, प्रमोद कुमार ने कीड़े लगने के निकारण को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव होने के कारण जनपद में स्थित सेक्टर एवं सोसायटी में स्थित वृक्षों पर सफेद रंग के कीड़े लग रहे हैं, जिसके निराकरण के लिए समस्त प्राधिकरणों के संबंधित अधिकारीगणों को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है कि कीड़े की समस्या का निराकरण हेतु आवश्यक कीटनाशक का प्रयोग किया जाए। महेन्द्र प्रकाश, निदेशक, उद्यान नोएडा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि नोएडा क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है एवं आगामी 15 दिनों में समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतबुद्धनगर से प्राप्त पारिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 269/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 08.04.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्रीमती फूल कली के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 280 | फूलकली पत्नी श्री चन्द्रपाल नि0 पारसौल तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री चंद्रपाल | पति | 73 वर्ष | |
| | | | श्रीमती महेन्द्री देवी | पुत्री | 51 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती पुष्पेंदरी देवी | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सुनीता | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती नीरज देवी | पुत्री | 36 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

संपादकीय

नई दिल्ली, बुधवार 17 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## सुप्रीम कोर्ट रक्षा करेगा मताधिकार की ?

लोकतंत्र की सर्वाधिक महत्वपूर्ण व बुनियादी प्रक्रिया यानी मतदान के लिये इस्तेमाल में आने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का विवाद अंततः सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पहुंच ही गया। मंगलवार को इस पर हुई जोरदार बहस में मशीनों की कार्यपद्धति को शीर्ष कोर्ट की बेंच ने न सिर्फ ध्यानपूर्वक सुना बल्कि अपनी ओर से अनेक तरह के सवाल कर जानने की कोशिश की कि ये मशीनें किस तरह से काम करती हैं और क्या वे दोषमुक्त हैं। लोगों में मतदान को लेकर जो अविश्वास पैदा हो गया है, अदालत उसे खत्म करने के प्रति उत्सुक नज़र आई जो एक अच्छा संकेत है। आखिरकार ये वे ही सवाल हैं जिनके चलते लम्बे समय से देशवासी ईवीएम को और शंका भरी निगाहों से देख रहे हैं। अनेक राजनीतिक दल, सिविल सोसायटियां एवं वरिष्ठ वकील कहते आये हैं कि मशीनें हैक हो सकती हैं। हालांकि मामले पर बहस पूरी नहीं हो पाई परन्तु इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार (18 अप्रैल) को तय कर सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि वह इस मामले को तेजी से निपटाना चाहता है। वैसे भी 18वीं लोकसभा के मतदान का पहला चरण 19 अप्रैल को होने जा रहा है जिसके साथ 7 चरणों वाले इस आम चुनाव का आगाज़ हो जायेगा। एक दिन पहले यदि न्यायालय कोई फैसला करता है तो यह देखना होगा कि क्या वह ऐसा होगा जिससे लोगों की मौजूदा निर्वाचन प्रणाली में विश्वास की बहाली होगी और चुनावों की पारदर्शिता लौटेगी।

मंगलवार को जिस तरीके से सुप्रीम कोर्ट में इस पर दलीलें दी गई उससे कुछ बातें साफ हैं। पहली तो यह कि अब तक इसके पक्ष में जितने हल्के-फुल्के ढंग से केन्द्र सरकार व निर्वाचन आयोग बातें कर रहा था, यह वैसा छोटा मामला नहीं है। दूसरे, इसे लेकर जो शंकाएं जाहिर की जा रही थीं वे निराधार नहीं थीं। तीसरे, भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान दो शासनकाल में जिस प्रकार से केन्द्रीय निर्वाचन आयोग इसी पद्धति से चुनाव कराने पर अड़ा है, वह अकारण नहीं है। जस्टिस संजीव खन्ना तथा जस्टिस दीपांकर दत्ता ने लगभग पूरे दिन ईवीएम पक्ष के ज्यादातर पहलुओं पर बारीकी से जानकारी ली और अनेक तरह के सवाल भी किये। इस दौरान कई तरह की सलाहें भी प्रशांत भूषण, गोपाल शंकर नारायण, संजय हेगड़े जैसे देश के नामी-गिरामी वकीलों के जरिये आई। यह याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने दायर की है जिसने अनेक तथ्यों के आधार पर इस बात की मांग की कि मतदाता को भरोसा हो कि उसने जिसे वोट दिया है, वह उसे ही मिले। वकीलों का कहना था कि पर्ची को मतदाता स्वयं मतपेटी में डाले। निर्वाचन आयोग का कहना था कि इससे नतीजे 12 दिन विलम्ब से आयेंगे। हालांकि इस तर्क में कोई दम नहीं दिखता क्योंकि वैसे भी चुनाव प्रारम्भ होने के बाद परिणाम दो-ढाई माह बाद ही आयेंगे।

कोर्ट ने इस प्रणाली को अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनाने की दिशा में कई सम्भावनाओं की गहराई से पड़ताल की। उम्मीदवारों को बार कोड देने, मशीन के काम करने का तरीका, हैक होने की सम्भावना, उसकी देखरेख व सुरक्षा आदि आयामों पर चर्चा हुई। वकीलों ने इस बात को रेखांकित किया कि यह याचिका नागरिकों के मताधिकार से सीधी जुड़ी है और यह उनका मौलिक अधिकार है। उन्हें जानने का पूरा हक है कि उनका वोट उसी उम्मीदवार व दल को गया है या नहीं जिसे उन्होंने दिया था। वर्तमान प्रणाली में ऐसा जानने का जरिया नहीं है। वोटरों को अपने मतदान का भौतिक सत्यापन और पर्ची के शारीरिक स्पर्श करने का अवसर मिलना चाहिये। मतदाता स्वयं पर्ची को हाथ में लेकर सत्यापित करे कि उसका वोट उसके द्वारा पसंद किये गये व्यक्ति व पार्टी को ही गया है। उनका यह भी कहना था कि सरकार इस चुनाव पर करीब 5000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है तथा वह 'एक देश एक चुनाव' योजना पर भी काम कर रही है। ऐसे में चुनाव प्रणाली पूर्णत: पारदर्शी होनी चाहिये। वकीलों ने मांग की कि कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपैट का मिलान डाले गये मतों के साथ होना चाहिये ताकि किसी प्रकार का शक न रहे।

कोर्ट को निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई यह जानकारी सभी को हैरत में डालने के लिये पर्याप्त थी कि फिलहाल हर मशीन से केवल 5 पर्चियों का ही मिलान होता है जबकि इस बाबत आम समझ यही थी कि यह 5 प्रतिशत होती है। इस लिहाज से देखें तो जिस मशीन के जरिये पांच सौ-हजार वोट डलते हैं उस अनुपात में यह संख्या नगण्य है जो किसी भी तरह की गड़बड़ियों को न तो दर्शायेगी और न ही साबित होने देगी। एडीआर के पक्ष में खड़े वकीलों ने निर्वाचन आयोग की इस दलील को औचित्यहीन बतलाया कि सत्यापित करने में वक्त लगेगा। उनका कहना था कि इस आधार पर मांग को खारिज नहीं किया जा सकता। यह कोई कारण नहीं होना चाहिये। ज़रूरी है तो सभी पर्चियों (वीवीपैट) का मिलान होना चाहिये। चुनाव आयोग को स्वयं ही इसका स्वागत करना चाहिये क्योंकि यहां मामला जनता के विश्वास का है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई चुनावी परिणाम ऐसे आये थे जिनमें जमीनी हकीकत कुछ दिखती थी परन्तु जीत भारतीय जनता पार्टी को ही हासिल होती रही। फिर, जो भाजपा 2014 के पहले ईवीएम के विरोध में थी, अब इसकी पक्षधर है। इसे लेकर कई वरिष्ठ वकील आंदोलन करते रहे हैं। साथ ही, ईवीएम के मसले पर विपक्षी दल चुनाव आयोग से चर्चा करना चाहते हैं परन्तु उन्हें वक्त ही नहीं दिया गया। इन सबके चलते ईवीएम को लेकर लोगों में संदेह बना हुआ है। उम्मीद है कि गुरुवार को जब बेंच बैठेगी तो ऐसा फैसला आयेगा जो जनता व लोकतंत्र के पक्ष में होगा।

# असत्य को स्वीकार्यता दिलाने के चक्कर में मोदी के बड़े झूठ

18वीं लोकसभा के चुनावों का आगाज़ होने में दो ही दिन रह गये हैं। 7 चरणों में होने जा रहे आम चुनाव के लिये मतदान का पहला चरण शुक्रवार को होगा। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धुआंधार प्रचार सभाएं तो कर ही रहे हैं, वे पिछले करीब 10 वर्षों से जारी अपनी कार्यपद्धति से हटकर कुछ नया तरीका अपना रहे हैं- वह है मीडिया से मुखातिब होना। वे वर्तमान परिस्थितियों एवं घटनाक्रमों पर बाकायदे जवाब भी देते नज़र आ रहे हैं। कम से कम ऊपर से तो यही दिखाई देता है कि वे ठोस तथ्यों पर आधारित सवालों का जवाब दे रहे हैं। ये वे प्रश्न हैं जो उनके आम खाने के तरीके से परे हटकर हैं, उनके चेहरे की चमक का राज़ जानने से भी अलग हैं। ये सवाल ऐसे भी हैं जिनमें उनके 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने की जिज्ञासा भी नहीं है। हालांकि उनके हाल के साक्षात्कारों को लेकर पूरी सम्भावना है कि प्रश्नावली उनकी सहमति से तैयार हुई होगी।

जो हो, मान लिया जाये कि उनके हालिया तीन साक्षात्कार जो तमिल चैनल 'थांती', 'असम ट्रिब्यूनल' एवं सोमवार को प्रसारित समाचार एजेंसी 'एएनआई' में प्रसारित-प्रकाशित हुए हैं, वे पत्रकारों द्वारा पेशेवराना ईमानदारी से लिये गये और मोदी ने भी बतौर पीएम खुले मन से तथा सवालों की सूची से छेड़छाड़ किये बिना आये प्रश्नों के जवाब दिये हैं। थांती व असम ट्रिब्यूनल का प्रभाव क्षेत्र एएनआई के मुकाबले सीमित है। इसलिये मोदी को लगा होगा कि इससे काम नहीं चलने वाला है, सो उन्हें एक ऐसे चैनल में इंटरव्यू की आवश्यकता महसूस हुई होगी जिसकी उपस्थिति देशव्यापी प्रतीत होती हो। वैसा है भी। उनके मीडिया के प्रति विलम्ब से उपजे अनुराग को देखते हुए यह भी सम्भावना व्यक्त की जा सकती है कि आने वाले समय में कुछ और प्रकाशन या चैनल उनके इंटरव्यू प्रकाशित-प्रसारित करें। देश का मुखिया अगर यह नयी आदत विकसित करे तो इसका स्वागत होना चाहिये। वैसे भी जब मोदी पीएम नहीं थे तो तमाम अखबारों व चैनलों से लम्बी-चौड़ी वार्ताएं कर यह बतलाते ही रहते थे कि कैसे डॉ. मनमोहन सिंह एक कमजोर पीएम हैं। महंगाई, बेरोजगारी, डॉलर के सामने रुपये की गिरती कीमत, पाकिस्तान व चीन की सीमाओं पर उठती समस्याओं के उनके पास तैयार नुस्खे हुआ करते थे। यह अलग बात है कि अपने दो कार्यकालों के दौरान सतत चुनावी मोड में रहने तथा पूरा फोकस 'ऑपरेशन लोटस' जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उलझे रहने के कारण उन्हें उपरोक्त उल्लिखित अपेक्षाकृत गौण विषयों की ओर ध्यान देने का वक्त नहीं मिल पाया। शायद इसीलिये अब उन्हें तीसरे टर्म की सख्त दरकार है।

मुद्दा तो यह है कि पूरे 10 वर्षों तक मीडिया से दूरी बनाये रखने वाले मोदी को ऐसा क्योंकर महसूस होने लगा कि उन्हें मीडिया से उन विषयों पर बात करनी चाहिये जिसका सरोकार वर्तमान सन्दर्भों से है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मोदी अपनी प्रचार सभाओं में तो क्या संसद के भीतर भी बात करना पसंद नहीं करते, जो कि उनका संवैधानिक कर्तव्य ही नहीं जवाबदेही भी है। पिछले दस वर्षों में उन्होंने यही किया है कि संसद में मुद्दों पर पूछे गये सवालों को कांग्रेस के परिवारवाद, विपक्षियों के भ्रष्टाचार, सबको जेल भेजने, अगले 25 वर्षों का रोड मैप बनाने, 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे विकसित देश बनाने जैसे आधारहीन विषयों से जोड़ देते हैं। संसद के भीतर पूछे गये सवालों के जवाब वे सत्र के दरम्यान भी बाहर होने वाली पार्टी रैलियों और सभाओं में देने का हौसला व महारत संजोये हुए हैं। यहां असली बात है मोदी के सभी पैंतरों के नाकाम होने का भय और उनकी सरकार द्वारा लाये गये इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिये हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना जिसमें केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग किया गया है। घोटालों के नाम पर विपक्षियों को थोक के भाव से जेल भेजने के उनके षड्यंत्र सहित कई-कई कृत्यों का उजागर होना मोदी को परेशानी में डाल रहा है। फिर, पूरे समय व्यक्तिवादी व आत्मकेन्द्रित राजनीति करने के कारण मोदी अब पूरी तरह से अकेले हैं। अधिक से अधिक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनके साथ हैं। उनका बचाव अब कोई दूसरा नेता भी करता नहीं दिख रहा है। ऐसे में उन्हें इस मीडिया की शरण लेनी पड़ी है।



डॉ. दीपक पाचपोर

**इतने वक्त के बाद भी अगर मोदी ने थांती, असम ट्रिब्यूनल व एएनआईई से खुलकर बातें की हैं तो क्या उन्होंने सब कुछ सच-सच कहा है? कई बातों की परतें तो तब खुलतीं अगर मोदी से पत्रकारों द्वारा पूरक सवाल किये जाते। सवालों के उत्तरों पर प्रति प्रश्न होते तो मोदी शायद ही टिक पाते और उन्हें अपने ज्यादातर कामों व निर्णयों का औचित्य साबित करना मुश्किल हो जाता।**

दूसरा सवाल यह भी है कि इतने वक्त के बाद भी अगर मोदी ने थांती, असम ट्रिब्यूनल व एएनआईई से खुलकर बातें की हैं तो क्या उन्होंने सब कुछ सच-सच कहा है? कई बातों की परतें तो तब खुलतीं अगर मोदी से पत्रकारों द्वारा पूरक सवाल किये जाते। सवालों के उत्तरों पर प्रति प्रश्न होते तो मोदी शायद ही टिक पाते और उन्हें अपने ज्यादातर कामों व निर्णयों का औचित्य साबित करना मुश्किल हो जाता। मसलन, यदि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड्स को पारदर्शी बनाया है तो क्या वे पीएम केयर फंड को भी ऐसा ही खुला बनायेंगे जिसके बारे में कोई भी जो कुछ चाहे जान सकता है? यदि वे इसे पारदर्शी बना चुके थे तो सुप्रीम कोर्ट तक यह मामला पहुंचा ही क्यों? क्यों नहीं मोदी सरकार पूरी स्पष्टता व चर्चा के साथ इस योजना को लेकर आई? आखिर यह योजना सभी दलों के लाभार्थ बनी थी तो उनकी राय क्यों नहीं ली गई? फिर, कोर्ट द्वारा मांगी गई जानकारी देने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इतनी आनाकानी क्यों की गयी? व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार को इतना कमजोर कर दिया है कि लोगों की पहुंच से सरकारी कामकाज दूर हो गया है।

मोदी के साक्षात्कार में यह भी दावा है कि वे तीसरा कार्यकाल जिन बड़े कामों को पूरा करने के लिये चाहते हैं, वे किसी को डराने के लिये नहीं है। उनका यह दावा उनके अपने लोगों के उन बयानों से मेल नहीं खाता जिनमें वे कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी को 400 सीटें इसलिये चाहिये क्योंकि संविधान को बदलना है। अनंत हेगड़े, ज्योति मिर्धा, लल्लू सिंह, अरूण गोविल आदि कई नेता-उम्मीदवार इस आशय की बातें कह चुके हैं। मोदी का अगर संविधान को बदलने का इरादा नहीं है तो वे पार्टी सहयोगियों को ऐसा कहने से मना क्यों नहीं करते? आज पूरे देश में इस बात का भय है कि भाजपा के 400 पार के नारे का प्रयोजन ही संविधान को बदलना है जिसकी पहली बलि आरक्षण व्यवस्था की होगी। इसी प्रकार, जैसा कि मोदी कह रहे हैं कि जिन पर जांच एजेंसियों के छापे पड़ रहे हैं उनमें से ज्यादातर गैर राजनीतिक लोग हैं, तो लोग देख रहे हैं कि अनेक राजनीतिज्ञ एवं गैर भाजपायी मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री जेलों में भेजे जा चुके हैं। इस साक्षात्कार में छोटे-मोटे कई ऐसे तथ्य भरे पड़े हैं जिन पर विश्वास करना सम्भव नहीं है।

इस तरह देखें तो अपने असत्यों व अर्द्धसत्यों को मीडिया की आड़ में छिपाते मोदी और भी बड़े झूठ बोल रहे हैं जो प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति के लिये न तो गरिमामय है और न ही उचित। वे यह भी भूल जाते हैं कि शासक का झूठ तभी तक चलता है जब तक कि उसके हाथों में शक्ति व मशीनरी होती है। यह शक्ति-मशीनरी उस वक्त बेकार हो जाती है जब जनता जाग उठती है। ऐसा होने पर मोदी की अलमारी से झूठ के अनेक कंकाल बाहर आएंगे।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# बस सच की पर्देदारी है

अठारहवीं लोकसभा के करीब पौने दो महीने लंबे चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभी थमा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी चुनाव सभाओं में धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने की शिकायतों के चुनाव आयोग में ढेर लग चुके हैं। संक्षेप में इन शिकायतों का सार यही है कि प्रधानमंत्री, विशेष रूप से राम मंदिर के निर्माण तथा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर, सनातन संबंधी बहस तक के बहाने से, खुद को तथा सत्ताधारी गठजोड़ को 'हिंदू-रक्षक' और अपने राजनीतिक विरोधियों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन को 'हिंदू-विरोधी' साबित करने और इसके जरिए, हिंदुओं को अपने विरोधियों के खिलाफ तथा अपने पक्ष में जुटाने की कोशिश कर रहे थे।

बेशक, यह दूसरी बात है कि मोदी राज में अर्जित अपने संक्षिप्त नाम, कें चु आ को सार्थक करते हुए, चुनाव आयोग ने इन शिकायतों का कोई संज्ञान लिया हो, इसका अब तक कोई संकेत नहीं है। सच तो यह है कि ये शिकायतें करते हुए विपक्ष को, इसका कोई भ्रम भी नहीं था कि चुनाव आयोग, खासतौर पर प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता की चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने पर रोक के उल्लंघन के आरोपों पर कोई कार्रवाई कर सकता है। पिछले आम चुनाव के समय के और उसके बाद के पूरे दौर के अनुभवों के बाद, ऐसे किसी भ्रम की गुंजाइश ही नहीं रह गयी है।

और चुनाव की तारीखों की घोषणा से ऐन पहले, एक चुनाव आयुक्त के संदेहजनक परिस्थितियों में चुनाव आयोग से इस्तीफा देने और उसके बाद हाथों-हाथ मोदी सरकार द्वारा तीन सदस्यीय आयोग के लिए दो सदस्यों की अपनी मर्जी से नियुक्ति किए जाने के बाद, तो किसी भ्रम की रत्तीभर गुंजाइश नहीं बची थी। याद रहे कि चुनाव आयोग की इन दोनों रिक्तियों के भरे जाने से पहले ही, मोदी सरकार द्वारा एक कानून बनाकर, सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पलटा जा चुका था, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से जोर देते हुए, आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए ऐसी प्रक्रिया अपनाए जाने का तकाजा किया गया था, जिससे इन नियुक्तियों में सिर्फ सरकार की मर्जी चलने के बजाय, निष्पक्षता की अपेक्षा की जा सके। इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट ने फौरी कदम के तौर पर एक तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति का गठन करने के लिए कहा था, जिसमें प्रधानमंत्री के साथ, लोकसभा में विपक्ष के या सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता के अलावा, सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश भी रहें।



राजेन्द्र शर्मा

**प्रधानमंत्री चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा ले रहे हैं, जो बेशक आदर्श चुनाव संहिता का ही नहीं, जन-प्रतिनिधित्व कानून का भी गंभीर उल्लंघन है। वास्तव में देश का कानून ऐसी किसी राजनीतिक पार्टी की मान्यता की ही इजाजत नहीं देता है, जो संविधान की उद्देशिका में शामिल धर्मनिरपेक्षता का पालन नहीं करती हो।**

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय में ही वैधानिक आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया का फैसला संसद पर छोड़े जाने को बहाना बनाकर, नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने बहुमत का दुरुपयोग कर, फटाफट संसद से कानून बनवाकर, यह सुनिश्चित किया कि चुनाव आयोग के लिए नियुक्तियों में सरकार की ही मनमर्जी चले। तीन सदस्यीय कमेटी में, प्रधानमंत्री के साथ, विपक्ष के नेता को शामिल तो किया गया, लेकिन प्रधानमंत्री को तीसरे सदस्य के रूप में अपने किसी मंत्रिमंडलीय सहयोगी को रखने का अधिकार देकर, विपक्ष की आवाज को गैर-निर्णायक और वास्तव में रस्म अदायगी भर बना दिया गया। दूसरी ओर, सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को इस पूरी प्रक्रिया से बाहर ही कर दिया गया। तीन सदस्यीय आयोग में अध्यक्ष से इतर दोनों नयी नियुक्तियां, इस प्रकार सरकार की मर्जी का ही प्रतिनिधित्व करने वाली व्यवस्था से ही कराई गई थीं, जबकि इससे पहले स्थान खाली होने के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उक्त कमेटी के सामने, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को भी रहना था, किसी नियुक्ति का विषय आने ही नहीं दिया गया था।

बहरहाल, बात सिर्फ इतनी ही नहीं है कि प्रधानमंत्री चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा ले रहे हैं, जो बेशक आदर्श चुनाव संहिता का ही नहीं, जन-प्रतिनिधित्व कानून का भी गंभीर उल्लंघन है। वास्तव में देश का कानून ऐसी किसी राजनीतिक पार्टी की मान्यता की ही इजाजत नहीं देता है, जो संविधान की उद्देशिका में शामिल धर्मनिरपेक्षता का पालन नहीं करती हो। फिर भी यह गौरतलब है कि यह प्रधानमंत्री द्वारा कैजुअल तरीके से, किसी एकाध भाषण में धर्म की दुहाई का चुनाव के लिए सहारा लिए जाने भर का मामला नहीं है। वास्तव में इस बार इसकी शुरूआत औपचारिक रूप से चुनाव अभियान शुरू होने से भी काफी पहले से ही कर दी गई थी। राज्य विधानसभाई चुनावों के पिछले चक्र के फौरन बाद ही, पहले राम मंदिर के उद्घाटन और फिर तथाकथित 'सनातन' विवाद के बहाने, हिंदू-धार्मिकता की दुहाई का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने आम चुनाव की घोषणा के बाद, औपचारिक रूप से अपना चुनाव अभियान शुरू होने के बाद, इस सिलसिले को सिर्फ जारी ही नहीं रखा है, सांप्रदायिक दुहाई को अपने चुनाव प्रचार का केंद्रीय हिस्सा ही बना दिया है। कहने की जरूरत नहीं है कि इसमें सारा जोर, राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से दूर रहने के लिए और 'सनातन' के संबंध में आलोचनात्मक टिप्पणी करने वालों से नाता बनाए रखने के लिए, इंडिया गठबंधन तथा भाजपा/एनडीए के विरोधियों को 'हिंदू-विरोधी' साबित करने पर ही रहा है। यानी यह प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की प्रधान थीम ही है, जिसकी प्रतिध्वनि प्रधानमंत्री के चुनावी भाषणों से लेकर, भाजपा के चुनाव घोषणापत्र के जारी किए जाने के कार्यक्रम और उसके फौरन बाद, एक निजी समाचार एजेंसी के लिए प्रधानमंत्री के पूरी तरह से स्क्रिप्टेड इंटरव्यू तक में सुनाई दे रही थी।

बहरहाल, यह भी अर्थहीन ही नहीं है कि जैसाकि हमने शुरू में ही याद दिलाया, चुनाव प्रचार के पहले चरण से ही प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। बेशक, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि धर्म की दुहाई का और एक उग्र माइनोरिटी-विरोधी छवि का उपयोग, नरेंद्र मोदी के साथ शुरू से ही और 2002 के गुजरात के मुस्लिम-विरोधी नरसंहार के बाद से तो खासतौर पर जुड़ा रहा है। इसके बावजूद, 2014 के चुनाव में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री पद के लिए अपने दावेदारी पेश कर रहे थे, इस छवि का सावधानी के साथ उपयोग करते हुए भी उन्होंने, सांप्रदायिक छवि को पीछे रखने की कोशिश की थी। मकसद यही था कि जहां माइनोरिटी-विरोधी छवि के बल पर, संघ-भाजपा के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक आधार को मजबूत किया जाए, वहीं अच्छे दिन के सब्ज बाग के सहारे, समर्थन का दायरा अपने परंपरागत आधार से आगे बढ़ाया जाए। इसी दोमुंही नीति का उदाहरण पेश करते हुए, उत्तर प्रदेश में मुजफ्फर नगर के 2013 के दंगों के बदनाम आरोपियों को भाजपा का टिकट भी दिया गया, लेकिन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे तिनके की ओट की दूरी दिखाने की भी कोशिश की। उनकी चुनावी रैली के मंच पर इन सांप्रदायिक योद्धाओं का अभिनंदन तो किया गया, लेकिन मोदी के मंच पर आने से पहले-पहले। बहरहाल, चुनाव प्रचार के आखिरी दौर तक पहुंचते-पहुंचते, उस चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने श्वेत क्रांति बनाम गुलाबी या मांस क्रांति का द्वैध खड़ा करने और मांस क्रांति के बहाने अल्पसंख्यक-विरोधी संदेश देने का सहारा लेना शुरू कर दिया था।

आगे चलकर उत्तर प्रदेश के विधानसभाई चुनाव के समय भी, प्रचार के आखिरी दौर में, सब कुछ झोंकने की मुद्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने, शमशान बनाम कब्रिस्तान और दीवाली बनाम रमजान का खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक द्वैध खड़ा करने की कोशिश की थी। एक हद तक ऐसा ही 2019 के आम चुनाव में भी देखने को मिला, जब पुलवामा प्रकरण से उभारी गई राष्ट्रवादी भावनाओं के साथ सांप्रदायिक इशारे जोड़ने पर ही ज्यादा ध्यान केंद्रित करने के बाद, चुनाव प्रचार के आखिरी चरणों में ही प्रधानमंत्री ने खुले सांप्रदायिक इशारों का सहारा लिया। लेकिन, 2024 के चुनाव में स्थिति, इससे बहुत बदली हुई नजर आ रही है। चुनाव प्रचार की शुरूआत से ही प्रधानमंत्री मोदी ने धर्म की सांप्रदायिक दुहाई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है और वह भी काफी विस्तार से। इस सांप्रदायिक दुहाई पर उनकी निर्भरता का आलम यह है कि राम मंदिर प्रकरण को भी इसके लिए नाकाफी मानकर, सांप्रदायिक दुहाई के इस्तेमाल के लिए नये-नये बहाने खोजे जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में हिंदू-बहुल ऊधमपुर में अपनी चुनावी सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री ने सावन के महीने में मांस पकाने और नवरात्रि में मछली खाने का मुद्दा उछालकर और उसे मुगलों से जोड़कर, विपक्ष को सांप्रदायिक तरीके से निशाना बनाने की कोशिश की है, इसी बदहवासी को दिखाता है। और इसी बदहवासी को दिखाता है, कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र को उनका एक ओर मुस्लिम लीग से और दूसरी ओर कम्यूनिस्टों के साथ जोड़ने की कोशिश करना, जिस कोशिश को नरेंद्र मोदी अपने स्क्रिप्टेड इंटरव्यू में भी दोहराते हैं।

अब की बार चार सौ पार के दावों के संदर्भ में, इस तरह की बदहवासी किसी को हैरान तो कर सकती है, लेकिन इसमें हैरानी की बात है नहीं। 2014 और 2024 के बीच, बुनियादी अंतर यह है कि इस दौरान देश की जनता और खासतौर पर मेहनतकश जनता, मोदी के कारपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ की तानाशाही के दस साल भुगत चुकी है। 2014 के चुनाव में अच्छे दिनों के नाम पर जैसे अवाम को भरमाया जा सकता था, अब और संभव नहीं है, 2047 में विकसित भारत बनाने के हवाई सपनों से हर्गिज नहीं। दूसरी ओर, इस बार पुलवामा जैसा कोई राष्ट्रवादी भावनाएं उभारने वाला मुद्दा भी नहीं है। ऐसे में मोदी राज से जनता के असंतोष और खासतौर पर बेरोजगारी से लेकर, महंगाई तक, जनता की रोजी-रोटी पर सीधे असर करने वाले मुद्दों पर इस सरकार की घोर विफलता पर तथा बढ़ते पैमाने पर तानाशाही के व्यवहार पर, अवाम की नाराजगी से बचाव के लिए, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-आरएसएस को, धर्म की सांप्रदायिक दुहाई में ही शरण दिखाई दे रही है। यह दूसरी बात है कि यह सांप्रदायिक दुहाई भी, कितनी काम करेगी, यह तो आने वाले पौने दो महीनों में ही पता चलेगा। बहरहाल, चुनाव प्रचार की शुरूआत से नरेंद्र मोदी का इस पर्दे की ओट में छुपने की कोशिश करना, ताकत की नहीं, कमजोरी की ही निशानी है। 2024 में एक बार फिर 2004 का चुनाव नतीजा दोहरा दिया जाए, तो हैरानी की बात नहीं होगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## पावन प्रसंग

### सबके लिए खुला है सुख का द्वार

महावीर राजपुत्र थे। वे अपने पिता के बाद राजकुमार होने के नाते भावी राजा भी थे। राजकुमार होने के नाते उनका पालन-पोषण भी राजसी सुख वैभव में ही हुआ था। उन्हें संसार की सारी सुख-सुविधाएं प्राप्त थीं, पर प्रश्न यह उठता है सारी सुख-सुविधाएं होते हुए भी राज-पाट, समस्त सुख-वैभव व बंधु-बांधवों का मोह छोड़कर उन्होंने गृह-त्याग आखिर क्यों किया? उन्होंने दिगंबर वेश धारण क्यों किया? समस्त सुख सुविधाओं को त्यागकर उन्होंने घर से बाहर दुखों व अभावों से भरा हुआ जीवन जीने को गृह त्याग क्यों किया? ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं, जो अक्सर हमारे मन में उठते हैं।

यह सच है कि उनके पास समस्त भौतिक सुख-सुविधाएं थीं और उन्हें कोई भौतिक दुख नहीं था, पर सत्य तो यह भी है कि भौतिक सुख की सीमा है। सांसारिक विषय-भोगों व साधनों से जो सुख मिलता है, वह क्षणिक और क्षणभंगुर ही होता है, वह हमेशा के लिए नहीं होता। इसलिए सांसारिक सुख-सुविधाओं में रहने वाला व्यक्ति भी दुखी, अशांत और अप्रसन्न रहता है। इसका अर्थ यह हुआ कि भौतिक सुख-साधनों, विषय भोगों से इंद्रियों को जो सुख मिलता है, वह क्षणिक और क्षणभंगुर होता है। वह सुख स्थायी व शाश्वत नहीं होता। वह सच्चा सुख नहीं होता। सच्चा सुख तो वही है जो सुख और दुख दोनों से परे हो और सदा के लिए हो. अस्तु महावीर ने सच्चे सुख का मार्ग खोजने के लिए ही समस्त भौतिक सुख-सुविधाओं व राज-पाट का त्याग कर दिया था।

वे स्वयं दुखी नहीं थे तो क्या हुआ, वे अपने चारों ओर दुखी प्राणियों को ही तो देख रहे थे। अत: वे अपने लिए ही नहीं, अपितु समस्त संसार के समस्त प्राणियों के लिए सच्चे सुख का मार्ग खोजने निकले थे और अंततः अपने तप, ध्यान के द्वारा उन्होंने सच्चे व शाश्वत सुख का मार्ग प्राप्त भी कर लिया। ज्ञानप्राप्ति के बाद उन्होंने संसार को बतलाया कि धन-वैभव, स्त्री-पुत्र आदि बाह्य साधन, बाह्य पदार्थ सच्चे सुख के कारण नहीं हैं। सच्चा सुख किसी बाह्य साधन से प्राप्त नहीं होता। सच्चा सुख तो अपनी आत्मा में ही है और वह स्वयं अपने ही सम्यक पुरुषार्थ अर्थात अहिंसा, तप, त्याग, ध्यान आदि के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। जिस प्रकार किसी रोग को दूर करने के लिए रोगी को स्वयं ही औषधि सेवन करना पड़ता है, किसी अन्य व्यक्ति के औषधि सेवन करने से रोगी का रोग दूर नहीं हो सकता, ठीक उसी प्रकार अपनी आत्मा का कल्याण करने और सच्चा सुख प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं ही सम्यक पुरुषार्थ अर्थात तप, ध्यान, सत्य अहिंसा, अपरिग्रह, संयम आदि का अभ्यास करना होगा। धर्म, तप, ध्यान किसी भी व्यक्ति का अपना व्यक्तिगत विषय है। अत: प्रत्येक व्यक्ति अपना कल्याण स्वयं अपने ही प्रयास से कर सकता है।

भगवान महावीर ने यह उपदेश किया कि जब तक जीव के साथ अच्छे व बुरे कर्मों का बंधन लगा हुआ है, तब तक वह जीव इस संसार में जन्म-मरण प्राप्त करता हुआ सुख और दुख भोगता रहेगा और वह तब तक सच्चा व शाश्वत सुख भी प्राप्त नहीं कर सकेगा, परंतु जब यह जीव अपने सत्पुरुषार्थ अर्थात अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, संयम, तप,त्याग ध्यान आदि के द्वारा अच्छे-बुरे, शुभ-अशुभ, पाप-पुण्य आदि कर्मों के बंधन को छिन्न-भिन्न कर देगा, तब यह जीव निश्चित ही मुक्ति पाने का अधिकारी हो सकेगा। मुक्ति की अवस्था में ही जीव को शाश्वत सुख की अनुभूति होती है। मुक्ति प्राप्त कर लेने पर उसे किसी प्रकार का भौतिक सुख पाने की लालसा भी नहीं रह जाती। मुक्ति की अवस्था में यह आत्मा अनंत काल तक एक अनुपम, अतीन्द्रिय व सच्चे सुख की अनुभूति करती है। सच्चे सुख व मुक्ति का द्वार संसार के प्रत्येक प्राणी के लिए खुला है, केवल उसे सम्यक पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है। इस प्रकार भगवान महावीर द्वारा यह पथ हर साधक को मुक्ति प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### आस्था एक शक्ति है सम्बल है इसे भंग न होने दें

हमारी संस्कृति आस्था और विश्वास की संस्कृति है। जीवन के सारे श्रेष्ठ मूल्य आस्था पर टिके हुए है। वे मूल्यरचनात्मक है व्यक्ति परिवार समाज और राष्ट्र की संरचना में उन मूल्यों का बहुत महत्व है। हमारी सारी जीवन पद्यतियां आदर्श मूल्यों का संरक्षण करते हुए चलती है किन्तु इधर आधुनिकता के नाम पर जो अति तर्कवाद पनपा है उसने उन मूल्यों को हानि पहुंचाई है। जीवन की प्रत्येक श्रेष्ठता के प्रति क्यों ? खड़ा करना उस श्रेष्ठता को ही खंडित करने जैसा है । क्यों का कभी अन्त नहीं आता । संस्कृति खण्ड खण्ड निर्णय नहीं दिया करती उसके सामुहिक निर्णय होते है। वे कहीं कहीं अनुपयोगी भी हो सकते है किन्तु उपयोगिता की मात्रा अधिक हों तो उन्हें कुरुढ़ि नहीं कहा जा सकता । अति तर्कवाद आज हमारे सांस्कृतिक धार्मिक संकट पैदाकर रहा है उसका आस्था को पुष्ट कर मुकाबला करना होगा । आनेवाली पीढ़ी को सचेत करना होगा कि जीवन मूल्यों पर प्रभाव डाले ऐसे अनास्था पूर्णतर्क से अपने को बचाना चाहिये । हमारे जीवन मूल्य श्रेष्ठ और सर्वथा उपयोगी है। सदियों से ये परीक्षित है। उन्हें नष्ट करना अपना सर्वस्व गंवाने जैसा सिद्ध होगा । आस्था हमारा संबल है, शक्ति है, प्रेरणा है, उसे अक्षुण्ण रखते हुए एक महान भारत का निर्माण करना है।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इंडोनेशिया में मध्यम स्तर के भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मंगलवार को मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार आज सुबह करीब 07.00 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 7.37 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 105.84 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

# ईरान के राष्ट्रपति ने फिर इजरायल को पलटवार की चेतावनी दी

**बर्लिन,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने एक बार फिर इजरायल पर ईरान के हालिया हवाई हमले के बाद सैन्य जवाबी हमला करने के खिलाफ इजरायल को चेतावनी दी है। कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी के साथ एक टेलीफोन कॉल के दौरान रायसी ने चेतावनी दी कि ईरान के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ इजरायल द्वारा थोड़ी सी कार्रवाई के व्यापक और दर्दनाक परिणाम होंगे। कॉल का विवरण ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय के वेब पोर्टल पर प्रकाशित किया गया था।

ईरान ने हाल ही में इजरायल को उसके बड़े पैमाने पर हमले के लिए सैन्य प्रतिक्रिया की कई बार चेतावनी दी है, जिसमें शनिवार रात इजरायल की ओर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागी गईं। देश की सुरक्षा परिषद ने एक बयान में कहा कि किसी भी आगे की इजरायली कार्रवाई पर ईरानी प्रतिक्रिया पहले हमले की तुलना में कम से कम 10 गुना अधिक कठोर होगी।परिषद ने अपने प्रेस बयान में कहा, ईरान ने अब तक इजरायल के लिए सबसे कम गंभीर सजा का विकल्प चुना है। इजरायल के सैन्य नेतृत्व ने कहा है कि इजरायल शनिवार के बड़े पैमाने पर ईरानी हमले को अनुत्तरित छोड़ने का इरादा नहीं रखता है।



**ईरान के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ इजरायल द्वारा थोड़ी सी कार्रवाई के व्यापक और दर्दनाक परिणाम होंगे : रायसी**

## ईरान के खिलाफ इजरायल का राजनयिक आक्रमण

**तेल अवीव।** ईरान ने हाल ही में इजरायल पर बड़ा हमला किया। इसके बाद इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने ईरान के खिलाफ राजनयिक आक्रामक शुरू कर दिया। विदेश मंत्री काट्ज ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आज सुबह मैंने 32 देशों को पत्र भेजे हैं। विश्व के दर्जनों विदेश मंत्रियों और प्रमुख हस्तियों से बात की है। विदेश मंत्री ने ईरान के मिसाइल प्रोग्राम पर बैन लगाने और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने का आह्वान किया है। उनका मानना है कि इन उपायों से तेहरान को कमजोर करने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्री ने आगे लिखा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, ईरान को अब रोका जाना चाहिए। ईरान के खिलाफ इजरायल के राजनयिक अभियान के साथ-साथ तेहरान के 300 से अधिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों के हमले का सैन्य जवाब भी दिया जाना चाहिए। इजरायल के सैन्य नेतृत्व ने संकेत दिया है कि वह शनिवार रात हुए बड़े ईरानी हमले का बिना जवाब दिए नहीं छोड़ेगा। ईरान ने कहा कि ह हमला सीरिया में ईरानी राजनयिक परिसर पर संदिग्ध इजरायली हमले के जवाब में था, जिसमें दो ईरानी जनरलों और पांच अधिकारियों की मौत हो गई थी।




## हमास ने गाजा युद्धविराम समझौते की सभी शर्तों को खारिज किया

**गाजा,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इज़रायल द्वारा रिहा किए जाने वाले फ़िलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गयी है। मंगलवार को एक वरिष्ठ इज़रायली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है। रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजरायल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजरायल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इज़राइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गये थे। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए।

## कांग्रेस ने आयरलैंड में तैनात भारत के राजदूत को बताया पक्षपाती

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु) कांग्रेस ने आयरलैंड में तैनात भारत के राजदूत को कटघरे में खडा किया है। पार्टी ने एक लेख पर आपत्ति जताते हुए उन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि आयरलैंड में तैनात भारत के राजदूत ने एक अखबार में लेख लिया है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति जतो हुए उन पर एक पाट्री कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप मढा है। साथ ही पद की गरिमा बरकरार न रखने के चलते उन्हे पदमुक्त करने की भी मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयरलैंड में भारत के राजदूत का लिखा लेख बेहद पक्षपाती, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, भारतीय लोकतंत्र, कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों और हिंदू बहुमत की तारीफ की गई है। उन्होंने कहाकि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और ये राजदूतो से उम्मीद भी की जाती है। लेकिन विपक्षी पार्टियों पर खुलेआम पार्टी कार्यकर्ता की तरह हमला करना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम ने कहाकि राजदूत एक राजनयिक हैं,ऐसे में उनकी टिप्पणी और भी शर्मनाक व अस्वीकार्य है। उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें तत्काल पद से हटा दिया जाना चाहिए। बतादें कि भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्र ने अपने एक लेख में भारतीय आम चुनाव पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पकड मजबूत कर ली हैं। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता चरम पर है और वे न सिर्फ भारत के बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावी नेता हैं,जो अपनी नेतृत्व क्षमता,समावेशी प्रशासन और सतत विकास को बढावा दे रहे हैं। साथ ही कांग्रेस की सरकार को भी निशाना बनाते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री देश में भ्रष्टाचार की व्यवस्था जो 55 साल के शासन के दौरान बना और पहले 30 वर्षों में खासतौर ये शुरू हुआ,उससे लड रहे हैं।



**आयरलैंड में भारत के राजदूत का लिखा लेख बेहद पक्षपाती, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं : जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 16 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - आज आप में भावुकता काफी रहेगी, इस कारण किसी की बात या व्यवहार से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होने से आप काफी राहत का अनुभव करेंगे। आज आप काफी भावुक और संवेदनशील रहेंगे, इससे आपकी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति उभर कर सामने आएगी।

मिथुन - शुरुआती परेशानी के बाद आपके निर्धारित काम आसानी से पूरे होंगे। इससे आपको काफी प्रसन्नता होगी। आर्थिक योजनाओं के कारण आपकी कई परेशानियां कम होती लगेंगी।

कर्क - आपके दोस्तों, परिजनों तथा परिवार के साथ आपका दिन काफी बेहतर रहेगा। उनकी ओर से मिले उपहार आपके हर्ष को दोगुना कर देगा। बाहर घूमने का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज आपके लिए कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना हितकर होगा। मन में बेचैनी रहेगी। विभिन्न चिंताएं सताएंगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों में यश, कीर्ति और लाभ मिलेगा। धन की बेहतर आवक होगी। बुजुर्गों तथा मित्रों के साथ आपका दिन आनंदमय रहेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं। पत्नी और बच्चों के साथ अच्छा समय गुजरेगा।

तुला - आज आपके घर और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण रहने से काफी प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए पदोन्नति का योग है। काम में उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से काफी थकान और आलस्य का अनुभव करेंगे, जिससे उत्साह की कमी रहेगी। इसका प्रभाव व्यावसायिक क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इससे परेशानी हो सकती है।

धनु - आज आपको कोई भी नया काम शुरू न करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की सलाह दी जाती है। कफ तथा पेट संबंधी बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। शल्यक्रिया जैसे बड़े मामलों को आज टाल दें।

मकर - आज का दिन पैसों की दृष्टि से बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार वृद्धि के योग हैं। इसके अलावा दलाली, ब्याज, कमिशन से मिलनेवाले पैसों से धन में वृद्धि होगी। प्रेमियों के लिए भी आज का दिन बेहतर है। विजातीय आकर्षण रहेगा।

कुंभ - काम में सफलता पाने के लिए आज का दिन उत्तम है। आपके द्वारा किए गए काम से आपको यश और कीर्ति मिलेगी। परिवार में अच्छा वातावरण रहेगा। तन-मन से आप ताज़गी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

मीन - आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा होने वाला है। उनको अभ्यास में सफलता मिलेगी एवं प्रगति के लिए नए मौके मिलेंगे। आप अपनी कल्पना शक्ति से साहित्य लेखन में नया काम कर सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1853–भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुबंई) से ठाणे के बीच चली।
1889–अपने बेहतरीन अभियान से दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म।
1913–भारत के प्रसिद्ध चित्रकार के एच आरा का जन्म।
1917–पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह, रूस में अस्थायी सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय द्वारा सिंहासन एवं देश का त्याग।
1919–अमृतसर में हुए जालियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की।
1919–भारतीय वायु सेना के सबसे वरिष्ठ और पांच सितारा वाले रैंक तक पहुँचने वाले एकमात्र मार्शल अर्जन सिंह का जन्म।
1945–सोवियत पनडुब्बी के कारण जर्मन शरणार्थी पोत डूब गया जिससे 7000 लोग मारे गए।
1961–प्रसिद्ध सिख नेता और क्रांतिकारी रणधीर सिंह का निधन।
1964–ब्रिटेन के चर्चित अपराधों में शामिल %द ग्रेट ट्रेन रॉबरी% के लिए 12 लोगों को 307 साल की सज़ा सुनाई गई।
1976–आठ वर्ष तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षो तक लेबर पार्टी के नेता रहे हेरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र दिया।
1978–भारतीय अभिनेत्री लारा दत्ता का जन्म।
1990–बिहार की राजधानी पटना के निकट एक खचाखच भरी यात्री गाड़ी के दो डिब्बो में विस्फोट के बाद कम से कम 80 लोगों की जान गई और 65 अन्य घायल हो गए।
1999–पाकिस्तान ने भारत को हराकर कोका कोला कप त्रिकोणीय टूर्नामेंट (शारजाह) जीता।
2002–दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना में 120 लोग मरे।
2004–भारत में रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हराकर दोनों देशों के बीच आयोजित श्रृंखला 2–1 से जीती।

## आतंकियों ने आईटी पार्कों को निशाना बनाने की बनाई थी योजना

**बेंगलुरु कैफे विस्फोट**

**बेंगलुरु,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच से पता चला है कि आतंकवादियों की योजना बेंगलुरु शहर के टेक कॉरिडोर में एक आईटी पार्क के परिसर में बम विस्फोट करने की थी। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों ने कबूल किया है कि कड़ी सुरक्षा के कारण वे आईटी पार्क के परिसर में बम नहीं रख सके। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हाल ही में कोलकाता में मामले के संदिग्ध हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब और मास्टरमाइंड अब्दुल मथीन ताहा को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि संदिग्ध आतकी देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचाने और अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने के लिए शुरुआत में व्हाइटफील्ड आईटी कॉरिडोर में एक आईटी पार्क को निशाना बनाना चाहते थे। बेंगलुरु में सबसे प्रतिष्ठित और सबसे पुराने इंटरनेशनल टेक पार्क बेंगलुरु (आईटीपीबी) परिसर में स्थित व्हाइटफील्ड में हजारों सॉफ्टवेयर पेशेवर काम करते हैं। इसे भारत की आईटी सफलता की कहानी का प्रतीक माना जाता है। इस क्षेत्र में कई और आईटी कंपनियां व आईटी पार्क स्थित हैं। लेकिन कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के चलते आतंकवादी उनमें से किसी में भी बम नहीं रख सके। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने देश के प्रमुख शहरों के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में बम रखने के लिए भी रैकी किया था।

## चिली में डेंगू के 135 मामले दर्ज

**सैंटियागो,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। लैटिन अमेरिकी देश चिली में अब तक डेंगू के 135 मामले दर्ज किए गए और सभी पीड़ित दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए है। स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी विज्ञान विभाग के प्रमुख क्रिश्चियन गार्सिया ने यह जानकारी दी।

गार्सिया ने बताया कि चिली में स्थानीय स्तर पर डेंगू संक्रमण का कोई मामला नहीं है तथा इससे पीड़ित सभी लोग दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिली में 2023 में 90 मामले दर्ज किए गए थे और इस साल अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 135 हो गया है। पिछले साल से सात क्षेत्रों में डेंगू के लिये स्वास्थ्य चेतावनी लागू है। स्वास्थ्य मंत्री जिमेना एगुइलेरा ने कहा कि डेंगू स्पर्शोन्मुख हो सकता है, लेकिन जिन लोगों में लक्षण होते हैं उन्हें सामान्य रूप से बुखार और सामान्य तकलीफें होती हैं तथा मांसपेशियों में काफी तीव्र दर्द होता है।

*संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में हुआ खुलासा*

## गाजा में 10,000 फिलिस्तीनी महिलाओं को गंवानी पड़ी अपनी जान

**न्यूयॉर्क,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया हैं कि छह महीने के युद्ध में गाजा में 10,000 फिलिस्तीनी महिलाएं मारी गईं, जिनमें अनुमानित 6,000 माताएं भी शामिल हैं, जबकि 19,000 बच्चे अनाथ हो गए हैं। जो महिलाएं इजरायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई से बच गईं, वे विस्थापित हो गई हैं, विधवा हो गई हैं और भुखमरी का सामना कर रही हैं। गाजा पर संयुक्त राष्ट्र महिला द्वारा निर्मित जेंडर अलर्ट की सीरीज गाजा पट्टी में महिलाओं और लड़कियों के जीवन की वास्तविकता का एक विस्तृत विश्लेषण प्रदान करती है, जो विनाश का एक दस्तावेज है। कमी और डर शीर्षक वाला प्रकाशन, पानी, स्वच्छता सेवाओं तक पहुंच की कमी पर केंद्रित है जो महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा और गोपनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। गाजा में दस लाख से अधिक फिलिस्तीनी महिलाएं और लड़कियां भयावह भूख का सामना कर रही हैं। भोजन, सुरक्षित पेयजल, शौचालय तक उनकी लगभग कोई पहुंच नहीं है, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो गया है। स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं के लिए स्वच्छ पानी तक पहुंच विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिनकी दैनिक जरूरतें ज्यादा अधिक होती है। यह महिलाओं और लड़कियों की गरिमा और सुरक्षा के साथ मासिक धर्म का प्रबंधन करने की क्षमता के लिए भी आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र महिला का अनुमान है कि गाजा में 690,000 महिलाओं और लड़कियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर महीने 10 मिलियन डिस्पोजेबल मासिक धर्म पैड या चार मिलियन फिर से उपयोग करने वाले सैनिटरी पैड की आवश्यकता होती है। एक महिला ने कहा कि गाजा में, हम (महिलाएं) अपनी सबसे बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते : अच्छा खाना, सुरक्षित पानी पीना, शौचालय का उपयोग करना, (सेनेटरी) पैड रखना, स्नान करना,... अपने कपड़े बदलना... अब तक 10,000 से अधिक महिलाओं की हत्या कर दी गई है, जिनमें से अनुमानित छह हजार माताएं हैं। जो महिलाएं बमबारी से बच गई हैं, वे प्रतिदिन भुखमरी, बीमारी और निरंतर भय का सामना कर रही हैं। अरब राज्यों में संयुक्त राष्ट्र महिला की क्षेत्रीय निदेशक सुज़ैन मिखाइल ने जिनेवा में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि गाजा में युद्ध निस्संदेह महिलाओं पर युद्ध है, जो युद्ध के लिए भारी कीमत चुका रही हैं।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–**

**01137/01138 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:10 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

**चलने की तिथि : 01137 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से दिनांक 21.04.2024 से 19.05.2024 (रविवार) तक एवं **01138 बनारस** से दिनांक 22.04.2024 से 20.05.2024 (सोमवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
**ठहरावः** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01169 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01170 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:20 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:45 | -- |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ जं. | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

**चलने की तिथि : 01169 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से दिनांक 19.04.2024 से 24.05.2024 (शुक्रवार) तक एवं **01170 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01141 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01142 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:45 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

**चलने की तिथि : 01141 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 22.04.2024 से 13.05.2024 तक एवं **01142 बनारस** से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 23.04.2024 से 14.05.2024 तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01143/01144 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01143 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01144 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 13:30 | -- |
| 16:30 | 16:40 | लखनऊ जं. | 08:55 | 09:00 |
| 23:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 03:30 |

**चलने की तिथि : 01143 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस** से दिनांक 18.04.2024 से 16.05.2024 (गुरूवार) तक एवं **01144 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 18.05.2024 (शनिवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01152 गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01152 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |
| लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| पुणे जं. | 06:40 | -- |

**चलने की तिथि : 01152 गोरखपुर जं.** से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं अनारक्षित श्रेणी।
**ठहरावः** बस्ती, गोंडा जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन एवं हडपसर स्टेशन।

**01419/01420 पुणे जं. – गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01419 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01420 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:30 | पुणे जं. | 06:40 | -- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |

**चलने की तिथि : 01419 पुणे जं.** से दिनांक 20.04, 24.04 एवं 28.04.2024 को एवं **01420 गोरखपुर जं.** से दिनांक 21.04, 25.04 एवं 29.04.2024 को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** हडपसर, दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं., एवं बस्ती स्टेशन।

**04123/04124 प्रयागराज जं. – मानिकपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04123 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04124 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | प्रयागराज जं. | 09:00 | -- |
| 11:10 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 15:50 |

**चलने की तिथि : 04123 प्रयागराज जं.** से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **04124 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
**ठहरावः** शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतरी, बाँदा, महोबा जं., कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., धौलपुर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09016 भागलपुर जं. – वलसाड (वाया गोरखपुर जं.) अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| वलसाड | 02:30 | -- |
| लखनऊ जं. | 00:30 | 00:40 |
| भागलपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09016 भागलपुर जं.** से दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को।
**स्थानः** सामान्य।
**ठहरावः** सुल्तानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ्फरपुर जं., चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, फर्रुखाबाद जं., मेनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टुंडला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं, बडोदरा जं., भरुच जं., अंकलेश्वर जं., सायन, सूरत एवं उधना जं. स्टेशन।

**09403/09404 अहमदाबाद जं. – गोरखपुर जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09403 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | अहमदाबाद जं. | 20:40 | -- |
| 08:10 | 08:20 | लखनऊ जं. | 22:20 | 22:30 |
| 14:00 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 09403 अहमदाबाद जं.** से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को एवं **09404 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थानः** सामान्य।
**ठहरावः** आनंद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01084 गोरखपुर जं. – लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | 00:25 | -- |
| लखनऊ जं. | 19:45 | 19:55 |
| लोकमान्य तिलक टर्मिनस | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01084 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** बस्ती, गोंडा, बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड़ जं., नाशिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**09617/09618 रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 28 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09617 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09618 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | रेवाड़ी जं. | 04:15 | -- |
| 01:30 | -- | रोहतक जं. | -- | 02:35 |

**चलने की तिथि : 09617 रेवाड़ी जं.** से दिनांक 17.04.2024 से 30.04.2024 तक एवं **09618 रोहतक जं.** से दिनांक 18.04.2024 से 01.05.2024 तक।
**स्थानः** सामान्य।
**ठहरावः** गोकलगढ़, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल एवं अस्थल बोहर स्टेशन।

**04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं. – ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:10 | ग्वालियर जं. | 10:20 | -- |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ जं. | 01:00 | 01:10 |
| 08:00 | -- | बरौनी जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं.** से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तक एवं **04138 बरौनी जं.** से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार) तक।
**स्थानः** वाता. कुर्सीयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, एट जं., उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन जं., कानपुर सेन्ट्रल जं., उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैल गंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04815 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04816 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | -- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ जं. | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

**चलने की तिथि : 04815 जोधुपर जं.** से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक एवं **04816 मऊ जं.** से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर,बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फर्रूखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – मऊ जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 17.04.24, 24.04.24, 08.05.24 एवं 15.05.2024 को (4 फेरे) एवं मऊ से दिनांक 19.04.24, 26.04.24, 10.05.24 एवं 17.05.24 को (4 फेरे) चलने के दिनों में वृद्धि के साथ चलाई जाएंगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## बनवारी लाल पुरोहित ने दीराम नवमी की बधाई

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने भगवान श्रीराम के जन्मदिन 'राम नवमी' के शुभ अवसर पर पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को हार्दिक शुभकामनायें दी हैं। श्री पुरोहित ने मंगलवार शाम यहां जारी एक संदेश में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सदाचार, नेकी और करुणा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आइए, हम स्वयं को भगवान श्री राम जी के जीवन द्वारा दर्शाई शिक्षाओं और उनके महान गुणों को आत्मसात करें और अपने जीवन में सत्य, करुणा और एकता को बनाये रखने का प्रयास करें। उन्होंने कामना की कि यह शुभ अवसर सभी के जीवन में समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए।

# उत्तराखंड के दुर्गम मतदान केंद्रों के लिए 12 पोलिंग टीमें रवाना

## कल सील होंगे इंटरनेशनल बॉर्डर



**पिथौरागढ़,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के लिए मतदान टीमें रवाना होनी शुरू हो गयी हैं। पिथौरागढ़ जिले के सबसे दूरस्थ क्षेत्र धारचूला विधानसभा में टीमें रवाना हो रही हैं। मंगलवार को 42-धारचूला विधानसभा तहसील बग्गापानी हेतु एसएलएम डिग्री कॉलेज पिथौरागढ़ से बूथ संख्या-101 राजकीय इंटर कॉलेज प्राथमिक विद्यालय कनार के लिए पी-3 प्रथम मतदान पार्टी को जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

टीम में 8 मतदान कार्मिक, 4 सुरक्षा कर्मी, 1 फोटोग्राफर, 1 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 1 एक जोनल मजिस्ट्रेट शामिल हैं। बता दें कि यह पार्टी मुख्यालय पिथौरागढ़ से 80 किलोमीटर वाहन से सफर करते हुए रात्रि विश्राम बरम में करेगी। वहां से बुधवार की सुबह 18 किलोमीटर पैदल चलकर अपने गन्तव्य पर पहुंचेगी। विधानसभा धारचूला के सीमांत ग्राम कनार में 312 पुरुष मतदाता एवं 275 महिला मतदाता कुल 557 मतदाता हैं। जिला निर्वाचन

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना**

अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट रीना जोशी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार उत्तराखंड राज्य के 05 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल 2024 को मतदान सफलता पूर्वक सम्पादित किया जाना है। उन्होंने बताया की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के परिपालन में उत्तराखंड लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु निर्धारित मतदान को दृष्टिगत रखते हुये आगामी 16 अप्रैल की सायं 5:00 बजे से 19 अप्रैल 2024 को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक जनपद पिथौरागढ़ से सटी व लगी नेपाल राष्ट्र की सीमा को सील करने के आदेश पारित किये गये हैं। पिथौरागढ़ जिले की सीमा नेपाल और चीन के कब्जे वाली तिब्बत से लगती हैं। 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर आज शाम 5 बजे से अंतरराष्ट्रीय सीमाएं सील हो जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय सीमाएं प्रदेश के ऊधम सिंह नगर, चंपावत और पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली जिलों से लगी हुई हैं। इसके साथ ही मतदान के तीन दिन पहले यानी आज 12 पोलिंग पार्टियां मतदान सामग्री के साथ अपने गंतव्य को रवाना हुई हैं। आज रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों में 11 उत्तरकाशी जिले और एक पोलिंग पार्टी पिथौरागढ़ जिले की है।

### सत्यापन अभियान चलेगा

उत्तराखंड में 11,739 पोलिंग बूथ पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान का समय सुबह 7:00 बजे से शाम 5रू00 बजे तक रहेगा। मतदान को देखते हुए राज्य के सभी 13 जिलों में 293 उड़न दस्ते और 252 सांख्यिकी की निगरानी टीम तैनात की गई हैं। साथ ही मतदान के दिन से 72 घंटे पहले इन सभी टीमों की ओर से अधिक से अधिक जनता का सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। मतदान से 72 घंटे का पहले का समय आज से शुरू हो गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। सभी चेक पोस्ट पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों के रेडमाइजेशन की कार्रवाई चल रही है। जो पोलिंग पार्टियां आज रवाना हुई हैं, उन सभी पार्टियों को सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है।

### 17 अप्रैल से उत्तराखंड में ड्राई डे

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया है कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर प्रदेश में 17 अप्रैल को शाम 5:00 बजे से 19 अप्रैल शाम 6:00 बजे तक ड्राई डे रहेगा। इस अवधि में मदिरा की सभी दुकानें और बार आदि पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

# राज्यसभा की सीट को चुराने वालों को सबक सिखाएगी जनता : सुक्खू



**शिमला,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ वोट करने वाले कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए छह विधायकों के खिलाफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कड़े तेवर अभी भी बरकरार हैं। सुक्खू ने मंगलवार को शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों पर राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि जो बिक गए, वे जनता के सच्चे सेवक नहीं हो सकते।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी को धोखा देने वाले और इस सीट को चुराने वाले इन पूर्व विधायकों को जनता विधानसभा के उपचुनाव में सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश की जनता ने फैसला कर लिया है कि वह उपचुनाव में बिकने वाले और खरीदने वाले दोनों को कड़ा सबक सिखाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जनता ठान ले और कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताए तो यही भाजपा के लिए सच्चा सबक होगा। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाएं भाजपा के षड्यंत्र के बाद कांग्रेस के साथ है और पार्टी सभी चार लोकसभा और विधानसभा के सभी छह उपचुनाव जीतने जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू न कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर दिन में ही मुख्यमंत्री बनने के सपने देख रहे हैं, लेकिन एक जून को होने वाले मतदान में कांग्रेस उनके इन सपनों को चूर-चूर करे देगी। उन्होंने भाजपा को अभद्र भाषा से परहेज करने और मुद्दों पर बात करने की सलाह भी दी। सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा धन बल के दम पर सत्ता हासिल करने के मंसूबे पाले हुए है, लेकिन उसे इनमें सफलता नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बीते 15 माह में प्रदेश में रोजगार के 22 हजार अवसर पैदा किए हैं और सरकार अगले 15 माह में 20 हजार और रोजगार देने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने भाजपा शासनकाल में नौकरियों में फैले भ्रष्टाचार को खत्म किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार न जहां 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू किया, वहीं स्टार्टअप के लिए 680 करोड़ रुपए का भी प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में हिमाचल में गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में 18वें स्थान पर पहुंच गया है, जिसमें सुधार के लिए अब कदम उठाए गए हैं और सरकार ने इसी शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा से ही सभी सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी में पढ़ाई आरंभ कर दी है। मुख्यमंत्री न कहा कि सरकार ने चुनाव आयोग से राज्य की महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली 1500 रुपए की राशि को दिए जाने की अनुमति मांगी है।

■ **जो बिक गए, वह नहीं हो सकते जनता के सच्चे सेवक**

# सैनिकों का अपमान करने वाली कांग्रेस आज सेना की हितैषी बनने का कर रही ढोंग : धामी

**चमोली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जोशीमठ चमोली स्थित टैक्सी स्टैण्ड में गढ़वाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही जनता के आशीर्वाद से गढ़वाल लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभाओं में से बद्रीनाथ विधानसभा सबसे अधिक मतों से जिताने वाली है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने ऋषिकेश से सभी को प्रणाम और राम राम भेजा है। उन्होंने कहा अनिल बलूनी जी का संकल्प इस पूरे लोकसभा क्षेत्र की सेवा करना है। राज्यसभा सांसद के तौर पर अनिल बलूनी जी ने कई कार्य इस क्षेत्र में किए हैं। उन्होंने कहा जनता का दिया गया हर वोट सीधा प्रधानमंत्री जी को जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा आपदा के दौरान मैंने स्वयं जोशीमठ में कैंप किया। उन्होंने कहा उनके द्वारा आपदा काल के दौरान हर शिविर, अस्पताल में जाकर लोगों से मुलाकात की गई थी।

■ **अनिल बलूनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को किया संबोधित**

■ **'जातिवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और सनातन विरोधियों का गिरोह है, इंडिया गठबंधन**



उन्होंने कहा 'जोशीमठ नरसिंह देवता, आदि गुरु शंकराचार्य की भूमि है। ये पौराणिक और सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण भूमि है। उन्होंने कहा जोशीमठ क्षेत्र अपने मूल एवं पौराणिक स्वरूप में बना रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री द्वारा स्वयं यहां की चिंता की गई। केंद्र सरकार के सहयोग से हमें 1700 करोड़ की धनराशि जोशीमठ के पुनर्निर्माण नवनिर्माण, विकास कार्यों के लिए मिली है। उन्होंने कहा जोशीमठ के लिए जिस कार्य की जरूरत होगी, वो कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा काम करने में विस्वास रखती है। उन्होंने कहा अनिल बलूनी जी के गढ़वाल क्षेत्र से सांसद चुने जाने के बाद भारत सरकार में इस क्षेत्र की पैरवी करना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'इस जनपद में कई बार प्रधानमंत्री जी का आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भगवान बद्रीविशाल के पुनर्निर्माण का कार्य जारी है। माणा तक सड़क का कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने माणा को देश के अंतिम गांव की जगह देश के पहले गांव की संज्ञा दी।'

## शाह ने धामी की थपथपाई पीठ

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान में अब दो दिन ही बचे हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने उत्तराखंड में पूरी ताकत झोंक दी है। आज इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पौड़ी जिले को कोटद्वार पहुंचे, जहां उन्होंने गढ़वाल लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए जनता से समर्थन मांगा। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा। मंच से जनता को संबोधित करते हुए अमित शाह ने एक तरफ जहां केंद्र की बीजेपी सरकार की उपलब्धियां गिनाई तो वहीं कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत राममंदिर से की। अमित शाह ने कहा कि 500 साल के बाद रामलला अपना जन्मदिन टेंट की जगह भव्य मंदिर में मनाने वाले हैं। सभी के लिए ये हर्ष और आनंद की बात है कि हमने अपने जीवन काल में राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देखा है। अमित शाह ने कहा कि, 70 साल से कांग्रेस ने राम मंदिर का जो मुद्दा लटका रखा था, उस पर मोदी सरकार के पांच साल के कार्यकाल में फैसला भी आ गया, भूमि पूजन भी हुआ और प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। अमित शाह ने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी की जमकर तारीफ भी की। शाह ने कहा कि भारत में सबसे पहले यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लाने का काम उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया। इसी तर्ज पर पीएम मोदी ने पूरे देश में यूसीसी लाने के लिए संकल्प पत्र में बात की है। सैन्य बाहुल्य क्षेत्र उत्तराखंड में अमित शाह ने सैनिकों और पूर्व सैनिकों को भी साधने का प्रयास किया। अमित शाह ने कहा वैसे तो उत्तराखंड की आबादी बहुत कम है, लेकिन सेना में हर चौथा व्यक्ति मां भारती की सेवा के लिए उत्तराखंड से ही जाता है।

**सार संक्षेप**

### आचार संहिता लागू होने के बाद प्रवर्तन एजेंसिया पूरी तरह सक्रिय

**शिमला।** हिमाचल में लोक सभा व विधान सभा उप चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के बाद प्रवर्तन एजेंसिया पूरी तरह सक्रिय हैं। प्रवर्तन एजेंसियों अर्थात पुलिस, आबकारी और आयकर विभाग की सक्रियता का अंदाजा आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक पकड़ी गई करोड़ों की शराब, चरस , हेरोइन , नगदी , सोना चांदी के आभूषणों से लगाई जा सकती है। राज्य निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में लोकसभा चुनाव और उप.चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस और आयकर विभाग द्वारा 7 करोड़ 85 लाख 51 हजार 662 रुपये की अवैध शराब , नकदी , आभूषण आदि जब्त किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक आचार संहिता लागू होने के बाद से एक माह में राज्य आबकारी एवं कराधान , पुलिस और अन्य विभागों ने 5.51 करोड़ रुपये मूल्य की 3लाख 81हजार 343 लीटर शराब जब्त की है।

### जनता के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने किए कई ऐतिहासिक कार्य

**चमोली।** मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता विधेयक पास हो गया है। उन्होंने कहा भाजपा के संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करने की बात करती है। कांग्रेस के लोग पहले की तरह आज भी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा 'आज समान अधिकारों के लिए देश आगे बढ़ चुका है।'

### प्रदेश के अंदर अतिक्रमण हटाना कोई अधर्म का काम नहीं

**चमोली।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर अतिक्रमण हटाना कोई अधर्म का काम नहीं है। हम सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे हैं। धर्मांतरण, दंगे न हो इसके लिए धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा रोधी कानून लाया गया है। उन्होंने कहा विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा राज्य में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सरकारी नौकरी में दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग तक हर वर्ग के कल्याण हेतु महालक्ष्मी किट योजना, लखपति दीदी योजना उत्तराखंड आयुष्मान योजना, वृद्धा पेंशन योजना, गरीब परिवारों को साल में 3 मुफ्त गैस रिफिल, होम स्टे योजना शुरू की है।

### आतंकवादी संगठन के दो गुर्गे हथियारों सहित गिरफ्तार

**रूपनगर।** पंजाब के रूपनगर में पुलिस ने राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली के साथ एक संयुक्त अभियान में, पाकिस्तान के आतंकवादियों से समर्थित आतंकवादी गिरोह के दो गुर्गों की गिरफ्तारी के साथ तीन दिनों से भी कम समय में विश्व हिन्दू परिष्द (विहिप) के नेता विकास प्रभाकर हत्याकांड को सुलझा लिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने मंगलवार को यहां कहा विहिप नंगल मंडल के प्रधान दुकानदार विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की शनिवार शाम नंगल में रेलवे रोड स्थित उनकी दुकान पर दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

# 370 हटने से जम्मू-कश्मीर सही में देश से जुड़ा : अनुराग ठाकुर

**जम्मू,** 16 अप्रैल 2024 (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जम्मू में कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर का विकास रोक कर रखा जबकि मोदी ने जम्मू कश्मीर के विकास को



यहां की आकांक्षाओं को नये पंख लगाने का काम किया है। जम्मू कश्मीर में चुनावों को लेकर अपार उत्साह, देश भर की तरह यहां भी कमल खिलेगा क्योंकि इंडिया एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले और हम जोड़ने वाले हैं। ठाकुर ने जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में परेड ग्राउंड व गुलाबगढ़ स्टेडियम विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आवाहन किया।

ठाकुर ने कहा कि किश्तवाड़ और उधमपुर को पूरे देश में सबसे पहले वोट देने का मौका मिल रहा है और यहां के लोगों का उत्साह बता रहा है कि यहां से कमल खिलना तय है। धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर असल तौर पर भारत के साथ जुड़कर आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष 2 करोड़ 10 लाख से ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर आए। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 3 करोड़ पार कर जाएगा। अनुराग ठाकुर ने उधमपुर की जनता द्वारा आतंकवाद और अलगाववाद के बीच भी पलायन न करने और जम्मू कश्मीर में टिके रहने के हौसले की तारीफ की।

# उत्तराखंड में 17 को चुनावी हुंकार भरेंगे सचिन पायलट

**देहरादून,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला जारी है। इसी बीच 17 अप्रैल को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सचिन पायलट का उत्तराखंड दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान सचिन हल्द्वानी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में रैली करेंगे। कांग्रेस के उत्तराखंड कांग्रेस के मुख्य मीडिया समन्वयक राजीव महर्षि ने बताया कि 17 अप्रैल को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने जा रहे हैं। आज महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार देश और प्रदेश का बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी की बात कही है। इन्हीं सब विषयों को उठाने के लिए सचिन पायलट उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। राजीव महर्षि ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक के तौर पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 13 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे पर आई थी। उन्होंने रामनगर और रुड़की में बहुत ओजस्वी तरीके से अपनी बात जनता के समक्ष रखी थी, जिसे जनता ने काफी पसंद किया। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी।



**आज महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार देश और प्रदेश का बड़ा मुद्दा है : सचिन पायलट जनरल सेक्रेटरी, कांग्रेस**

# पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे व निश्चित तौर पर जीतेंगे : विक्रमादित्य


**शिमला,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मंडी संसदीय सीट से मैदान में उतारा है। वह जल्द ही अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। श्री सिंह ने शिमला में मिडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मंडी की जनता का उनके परिवार को पहले भी आशीर्वाद मिला है। वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और निश्चित तौर पर जीतेंगे। कंगना पर हमलावर होते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में जो खान-पान की चर्चा चल रही है उसका संज्ञान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल से हिंदू संगठनों को लेना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने पुराने नाते को भी याद किया। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान में दूसरी बार उन्हें शिमला ग्रामीण से विधायक के तौर पर चुना गया है और प्रदेश में वह मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्होंने टिकट की मांग नहीं की थी लेकिन पार्टी ने उन पर भरोसा जताया और मंडी से



लोकसभा चुनाव में उतारा है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी हाल में इस चुनाव को ग्लैमराइज नहीं होने देंगे। कहा कि चुनाव प्रदेश और स्थानीय मुद्दों पर होगा। श्री सिंह ने बीफ पर कंगना रनौत को लेकर दिए गए बयान को परोक्ष रूप से फिर दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में खाने पीने को लेकर जो चर्चाएं चल रही है।

# भाजपा लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही : अग्निहोत्री

**शिमला,** 16 अप्रैल (देशबन्धु) उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ओपीएस को कानूनी दर्जा देने के लिए विधानसभा में कानून लाएगी। अग्निहोत्री ने मंगलवार को शिमला में एक पत्रकार वार्ता में आशंका जताई कि भाजपा के सत्ता में आने पर वह सत्ता में आने पर वह ओपीएस को बंद करेगी। इसलिए सरकार ने फैसला किया है कि लोकसभा चुनाव के बाद वह इस मुद्दे को लेकर कानून बनाएगी, ताकि कर्मचारियों को बुढ़ापे में पेंशन का लाभ मिल सके। उन्होंने कर्मचारियों से अपने सुखद बुढ़ापे के लिए मौजूदा लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस का साथ देने की अपील की। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में पूरी तरह से स्थिर है। उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव से पहले भी



हमारी है और चुनाव के बाद भी हमारी ही रहेगी। उन्होंने सरकार गिरने के भाजपा के दावों को गलत करार दिया और कहा कि कांग्रेस के पास 34 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। भाजपा के पास सिर्फ 25 विधायक हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकसभा की सभी चारों सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की स्थिरता को लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसका एक चुनी हुई सरकार को गिराने का ऑपरेशन लोटस हिमाचल में विफल हो चुका है। उन्होंने भाजपा नेताओं, खासकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से इस कृत्य के लिए माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है और यहां की जनता भाजपा के षड्यंत्रों को कतई पसंद नहीं करती। उन्होंने कहा कि फील्ड में लोगों में भाजपा के खिलाफ भारी आक्रोश है। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा दो लोकसभा उम्मीदवार घोषित करने के भाजपा के गले सूखने आरंभ हो गए हैं।

**हिमाचल देवभूमि है और यहां की जनता भाजपा के षड्यंत्रों को कतई पसंद नहीं करती : मुकेश अग्निहोत्री , उपमुख्यमंत्री**

## भाजपा की नाकामियों को लेकर कांग्रेस जाएगी जनता के पास : प्रतिभा सिंह



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते लोकसभा चुनावों में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया था, मगर वह किसी भी वादे पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को चुनावों में जोरशोर से उठाएगी और कांग्रेस को जिताने का आग्रह करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के समय जो वादे करती है, उन्हें कभी पूरे नहीं करती। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए दो उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं और शेष दो सीटों पर भी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट दिए जाएंगे। उन्होंने आपदा के समय प्रदेश सरकार द्वारा पीढ़ितों के लिए किए गए कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पीठ थपथपाई और कहा कि उन्होंने आपदा में भी किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया।

# प्रादेशिकी

## ठगी के शिकार सभासद पति ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। ठगी के शिकार सभासद पति ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने सभासद को जब फांसी पर झूलता देखा तो कोहराम मच गया। परिजन उन्हें लेकर निजी चिकित्सक के पास गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला हाता मिंडू खां सर्वोदय नगर निवासी सुबोध यादव की पत्नी नेहा यादव वार्ड 22 की सभासद हैं। बीती रात उनकी पत्नी रिश्तेदारी में गई थीं। रात में किसी समय सुबोध यादव ने घर के भीतर रस्सी से फांसी लगा ली। सुबोध के भतीजे नितिन ने उसका शव फांसी पर लटका देखा। जिसके बाद चीखपुकार मच गई। मृतक के भाई सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा की सुबोध के साथ मिलकर कुछ लोगों ने एक कंपनी बनाई जिसमे सुबोध का काफी रुपया लगा दिया।

# महाकुंभ से पहले तीन बड़े शहरों के लिए एयर अकासा भरेगी उड़ान

### विमानन कंपनी एयर अकासा ने मुंबई के लिए जारी की उड़ान की समय सारिणी

**लखनऊ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। महाकुंभ से पहले कुंभनगरी को एयर कनेक्टिविटी को लेकर एक और सौगात मिलने जा रही है। 25 मई से प्रयागराज तीसरी विमान सेवा से भी जुड़ जाएगी। विमानन कंपनी एयर अकासा की तरफ यह प्रस्तावित सेवा शुरू हो रही है। प्रयागराज से मुंबई के लिए तीसरी विमान सेवा की शुरुआत का रास्ता खुल गया है। विमानन कंपनी एयर अकासा ने अपनी वेबसाइट में प्रयागराज को प्रणाम करते हुए कहा है कि प्रयागराज-मुंबई उड़ान 25 मई से शुरू हो जाएगी। अभी यह तय हुआ है कि इसका संचालन सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन होगा। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि नागर विमान निदेशालय (डीजीसीए) भी अकासा एयर को प्रयागराज से मुंबई, प्रयागराज से दिल्ली और प्रयागराज




■ दिल्ली और बेंगलुरु की उड़ान सेवा के टाइम स्लॉट के लिए मंथन जारी

से बेंगलुरु विमान संचालन की अनुमति दे चुका है ।अकासा ने अपनी वेबसाइट पर विमान शुरू होने की जानकारी दी है। उसकी वेबसाइट के होम पेज पर लिखा है प्रणाम प्रयागराज। होम पेज पर कुंभ मेले की अद्‌भुत छटा के संगम का दृश्य भी दिखाया गया है। अकासा एयर ने उड़ान की समय सारिणी भी जारी की है। प्रयागराज में 40 मिनट के अंतराल में दो विमान उपलब्ध रहेंगे। विमान प्रयागराज से मुंबई के लिए दोपहर 1:40 पर उड़ान भरेगा और शाम चार बजे मुंबई पहुंच जाएगा। मुंबई से अकासा एयर का विमान सुबह 10:35 बजे उड़ान भरेगा और इसका प्रयागराज पहुंचने का समय दिन में एक बजे रहेगा। प्रयागराज से विमानन कंपनी इंडिगो भी वर्तमान समय में प्रयागराज से मुंबई के लिए विमान संचालित कर रहा है। इसका संचालन प्रतिदिन हो रहा है।

### रविवार को नहीं होगा इसका संचालन

इधर इंडिगो का विमान मुंबई से 11:45 बजे उड़ान भरेगा और दोपहर दो बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेगा। रविवार को इसका संचालन नहीं होगा। 25 मई से अकासा एयर प्रयागराज एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए उड़ान भरेगी, लेकिन बचे दो शहरों दिल्ली और बेंगलुरु के लिए इस विमानन कंपनी को अभी टाइम स्लॉट नहीं मिला है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि अकासा एयर प्रयागराज-बेंगलुरु उड़ान के लिए जो वक्त मांग रही है वह उसे नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि उसी टाइम स्लॉट में इंडिगो के तीन विमानों का संचालन है। ऐसे में अगर अकासा की भी उड़ान इसी अवधि में चलती है तो वहां विमान पार्किंग में समस्या आ सकती है। अकासा ने सुबह 11 से 12 बजे का स्लॉट मांगा है। अकासा यहां से 180 सीटेड एयर बस चलाएगी। ऐसे में प्रस्थान और आगमन का समय तय हो जाने के बाद इन दो शहरों के लिए यह सेवा शुरू होगी। सेवा शुरू हो रही है ।

## सहारनपुर में योगी ने किया रोड शो



**लखनऊ/सहारनपुर,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो किया। 19 को मतदान होगा। रोड शो के पूरे रास्ते में जयश्री राम की गूंज रही। एक ही नारा-एक ही नाम, जय श्रीराम-जयश्रीराम के नारे सड़कों पर सुनाई देते मिले। जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे, यूपी में फिर से हम भगवा लहराएंगे गीत पर लोगों का उमंग देखते ही बन रहा था। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों ने योगी का अभिवादन किया। वहीं सड़कों के दोनों तरफ काफी भीड़ रही। भगत सिंह चौक से प्रारंभ हुए रोड शो में योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को पूरा सहारनपुर बेताब दिखा। इस दौरान सहारनपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी आदि भी शामिल रहे।

## मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं : सेल्वा कुमार जे

### मंडलायुक्त व आईजी ने किया नगरीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. व आईजी नचिकेता झा द्वारा मेरठ नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पूर्वा अहिरान, बीएवी इंटर कालेज सुभाष बाजार, इस्माइल गर्ल्स इंटर कालेज तथा नंदलाल सेखडी सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियो के प्रवेश करने, पानी, दिव्यांगजनो हेतु रैम्प, बिजली, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई आदि का सत्यापन करते हुये निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि समस्त मतदान केंद्रों पर बूथ के अंदर प्रकाश पर्याप्त रहे जिससे अंदर निर्वाचन कार्य में कोई भी व्यवधान उत्पन्न न हो। दिव्यांगजनों हेतु मतदान केंद्र पर बनाई गई रैम्प को चेक करा लिया जाए तथा मानक के अनुरूप कार्यवाही की जाए। गर्मी बढ़ने के दृष्टिगत समस्त मतदान केंद्रों पर बैठने हेतु शेड, पीने का पानी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि बूथ पर निर्वाचन से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के मोबाइल नंबर चस्पा किए जाए जिससे कि मतदान वाले दिन किसी समस्या के समाधान हेतु उपलब्ध नंबरों पर संपर्क स्थापित किया जा सके साथ ही अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केंद्रों का एक बार और निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए। निर्देशित किया गया कि बूथवार राजनैतिक पार्टियों द्वारा बनाए जाने वाले एजेंटों की सूची प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आईजी ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियो को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में जिन मतदान केंद्रों में फोर्स ठहरी हुई है वहां मानक अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे संबंधित अधिकारी निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें।

## सार संक्षेप

### तहसील सरधना व मवाना में बने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा रिजर्व में ईवीएम, वीवीपैट मशीन रखे जाने हेतु तहसील सरधना व तहसील मवाना में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तदोपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा राष्ट्रीय इंटर कालेज लावड मेरठ में पर्ची वितरण कार्य का भी अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियो को पर्ची वितरण का कार्य सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम मवाना अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे टिकैत

**मेरठ।** पूरे परिवार की एक साथ सीकर राजस्थान में हुई सड़क दुघर्टना में मौत पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने शोक जताया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मेरठ पहुंचे। यहां दोनों परिवारों के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। राकेश टिकैत भाजपा के पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल से भी मिले और हादसे पर शोक जताया। बता दें कि हादसे के मृतक हार्दिक बिंदल विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल के रिश्तेदार हैं। राकेश टिकैत ने हार्दिक और उसकी मौसी दोनों के घर जाकर शोक जताया। टिकैत ने शोक जताते हुए कहा कि मंदिर, सहित अन्य धार्मिक यात्राओं पर पूरा परिवार एक साथ न जाएं। यह हादसा बहुत ही दुखद है। रविवार की दोपहर राजस्थान के सीकर में जीण माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहा मेरठ का परिवार हादसे का शिकार हो गया था। चूरू सालासर स्टेट हाईवे पर उनकी कार ट्रक में घुस गई थी कार में आग लगने से कार में सवार 2 बच्चियों सहित सात लोग जिंदा जल गए थे। हादसे में हार्दिक बिंदल, उनकी पत्नी स्वाति, मां मंजू और बेटी सिदीक्षा और रिदीक्षा सहित मौसी नीलम गोयल और मौसेरे भाई आशुतोष गोयल की भी मौत हो है थी।

### क्षत्रियों की पंचायत में भाजपा को वोट न देने का ऐलान

**मेरठ।** भाजपा से नाराज क्षत्रियों ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने की सौगंध खा ली है। खेड़ा में हुई ठाकुर पंचायत में बिरादरी के लोगों ने पंचों के सामने लोटे में नमक डालकर भाजपा को हराने का संकल्प लिया। राजपूतों ने कहा कि इस भाजपा सरकार ने हमारी जाति को दरकिनार किया है। हमें सिरे से नकार दिया है। हमारा वोट लेकर जीती भाजपा सरकार अब राजपूतों के दमन में लगी है। ऐसी सरकार को हम ला सकते हैं तो गिरा भी सकते हैं। ऐलान किया कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में राजपूत कहीं भी भाजपा को वोट नहीं देगा। बल्कि भाजपा के खिलाव मजबूती से चुनाव लड़ रहे विपक्षी प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। खुले मंच से मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर गठबंधन प्रत्याशी हरेंद्र मलिक को समर्थन दिया। खेड़ा की पंचायत में मेरठ, मुजफ्फरनगर और बागपत तीन लोकसभा सीटों से बिरादरी के लोग पहुंचे। राजपूतों ने समाज के बुजुर्गों और पंचों के सामने यह फैसला पढ़कर सुनाया। जिस पर सभी की रजामंदी हुई।

## मवाना में होगी जयंत चौधरी की जनसभा



**मवाना,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष और सांसद जयंत चौधरी बुधवार को सुबह 11 बजे मवाना के नगर पालिका मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र की हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में जनसभा में आयेंगे। उनके साथ रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवीर सिंह रहेंगे। रालोद के केन्द्रीय कार्यालय सचिव समर पाल सिंह ने जारी किये प्रोग्राम के अनुसार मवाना में जनसभा को संबोधित करने के बाद वे मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना के लिए हैलीकोप्टर से जायेंगे। हैलीपैड रोडवेज बस स्टैंड परिसर में बनाया गया है। मवाना नगर पालिका के मैदान में आयोजित जनसभा स्थल का रालोद जिलाध्यक्ष मतलूब गौड ने निरीक्षण किया।

■ तैयारियों में जुटे रालोद नेता
■ सुबह 11 बजे कार से सभा स्थल पर पहुंचेंगे

## हड़ताल पर रहे मवाना तहसील के संविदा कर्मी

### 45 संविदा कर्मियों की वापसी तक काम नहीं करने की दी चेतावनी



**मवाना,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर-प्रदेश के बैनर तले मवाना तहसील के सभी संविदा कर्मचारी मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे।

चेतावनी दी कि जब तक 45 संविदा कर्मियों को डयूटी पर नहीं लिया जायेगा, तब तक वे कामकाज नहीं करेंगे। मंगलवार दोपहर संविदा कर्मियों की एक बैठक बिजली कार्यालय के सामने बड़ा महादेव परिसर में हुई, जहां पर नारेबाजी करते हुए काम पर नहीं लौटने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग को नहीं माना गया तो बिजली कर्मियों की हड़ताल पूरे जिले में फैल जायेगी। पिछले 16 सालों से बिजली विभाग में संविदा कर्मी काम कर रहे हैं। संविदा कर्मियों के हवाले बिजलीघरों पर आने वाली शिकायतें, आंधी में लाइन का ब्रेक डाउन हो जाना, दुर्घटनावश खम्बे तोड़ जाना, बकाया बिलों की वसूली, कनेक्शन काटना हैं।

### अफसरों को भेजी रिपोर्ट

विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने संविदा कर्मियों की हड़ताल पर चले जाने की रिपोर्ट अपने उच्च अफसरों को भेज दी है। उनकी रिपोर्ट पर जिला मुख्यालय पर मंथन भी चल रहा है। संविदा कर्मियों की रखे जाने की स्वीकृति मुख्य अभियंता स्तर से ही मिल सकेगी। उन्होंने संविदा कमियों को आश्वासन दिया था कि वे काम करते रहे, उनके 45 कर्मियों की स्वीकृति बाद में आ जायेगी लेकिन कर्मचारी इस पर राजी नहीं हुए।

## दुर्गा अष्टमी पर कंजक पूजन कर लिया आशीर्वाद

**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम के सदस्यों ने मां दुर्गा की अराधना की। इसके बाद स्लम एरिया में पहुंच कर कंजकों को भोजन कराया, सबसे पहले सभी कंजकों के जल से पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया। बाद में सभी कंजकों को हलवा, पूरी का भोजन करवा कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी कंजकों को उपहार भी दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा ने विनायक परिवार के सभी सदस्यों को दुर्गा अष्टमी की बधाई दी और कहा कि नवरात्र में पूजा अर्चना करने से मां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है। उन्होंने बताया कि यह कहा जाता है कि व्रत का पूरा फल कन्या पूजन के बाद ही मिलता है। वही निदेशक इंजि. विकास कुमार ने सभी को दुर्गा अष्टमी की बधाई दी और कहा कि आज के दिन कन्या की पूजा करने से ऐश्वर्य, मोक्ष, धर्म, अर्थ और काम की प्राप्ति होती है।



## विद्युत संबंधी राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ईशा दुहन

### वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर की समीक्षा

**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने डिस्कॉम मुख्यालय पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटर रीडिंग, विद्युत लाईन हानियां, बिलिंग, राजस्व वसूली आदि वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर आधारित बैठक की समीक्षा की। वीडियों कान्फ्रेंसिंग में अवर अभियन्ता 33/11 केवी बिजलीघर पहासु टाउन अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड खुर्जा को हाईलाईन लॉस होने एवं मीटिंग में बिना बताए अनुपस्थित रहने पर निलम्बन की कार्यवाही की गई। अवर अभियन्ता 33/11 केवी जटौली बिजलीघर अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय गजरौला को लाईन



लॉस, स्पष्ट रूप से न बताने पर कठोर चेतावनी निर्गत की गई है। मुख्य अभियन्ता को मुख्यालय स्तर पर असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प का अनुश्रवण सही से न किए जाने पर कठोर चेतावनी निर्गत की गई है। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-प्रथम मेरठ, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-प्रथम गाजियाबाद, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय मवाना, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम बुलन्दशहर, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय हापुड, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-अष्ठम नोएडा, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बबराला को मीटर रीडिंग का कार्य असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प द्वारा न किये जाने पर कठोर चेतावनी निर्गत की गई है। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय बुलन्दशहर, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड गजरौला को राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने एवं मीटर रीडिंग का कार्य असेस्ट मीटर रीडिंग एप्प द्वारा न किए जाने पर प्रतिकूल प्रवृष्टी निर्गत की गई है।

## क्रिकेटर प्रवीण कुमार के पिता का निधन

**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और फास्ट बॉलर प्रवीण कुमार के पिता का मंगलवार को निधन हो गया। प्रवीण कुमार के पिता सकत सिंह पिछले डेढ़ महीने से बीमार चल रहे थे। घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। सोमवार को उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। उनके निधन से घर में कोहराम मच गया। वहीं पीके घर शोक जताने के लिए शहर के तमाम लोग पहुंच रहे हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार के पिता सकत सिंह का निधन हो गया। वे डेढ़ महीने से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से परिवार व आसपास के लोगों में गम का माहौल बन गया है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार के पिता सकत सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वह पिछले डेढ़ माह से बीमार थे। उनकी मौत के बाद बड़े बेटे विनय कुमार, प्रवीण कुमार और सकत सिंह की पत्नी मूर्ति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी मिलने पर मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन व अन्य लोगों ने उनके मुल्तान नगर आवास पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी।

## संवेदनशील मतदान केंद्रों पर हो सुरक्षा की व्यवस्था : मीणा

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की एआरओ संग बैठक

**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन सभागार में सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट तथा एआरओ के साथ बैठक आहूत की गई।

उन्होंने कहा कि मतदान वाले दिन सभी सैक्टर जोनल मजिस्ट्रेट समय से अपने मतदान क्षेत्र पोलिंग बूथ पर अवश्य पहुंच जाए। सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट अपने पास आईकार्ड अवश्य रखे तथा अपना मोबाइल ऑन रखे। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। मतदान केंद्रों पर पोलिंग एजेंट अपना कार्ड अवश्य लगाकर रखे। उन्होने बताया कि मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार बंद हो जाता है फिर भी प्रत्याशियो द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाये तो उन पर सख्त कार्यवाही की जाए।


उन्होंने कहा कि हर बूथ पर एक वोटर असिस्टेंस बूथ बनना है ताकि मतदाताओ को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्वाचन को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम आदि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — *एक हजार से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर जेपी हॉस्पिटल की उपलब्धि*

## किडनी की समस्या का कारण खराब जीवनशैली : डा. अमित के.देवडा

**मेरठ, 16 अप्रैल (देशबन्धु)। दुनियाभर से आएं मरीजो का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। हॉस्पिटल ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1 हजार से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर डॉ. अमित के.देवड़ा ने कहा किभारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रसित है।**

ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है लेकिन अभी भी यह देखा गया है की लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है जिसके चलते बहुत लोग अपनी जान दांव पे लगा देते है। जब किडनी की कार्यक्षमता केवल 10 प्रतिशत रह जाती है तो उस अवस्था को किडनी फैल्योर कहते हैं और ऐसे में मरीजों के पास सिर्फ डायलिसिस या प्रत्यारोपण का ही रास्ता बच जाता है। मरीजों को अब किडनी प्रत्यारोपण के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि जेपी हॉस्पिटल में किडनी प्रत्यारोपण बहुत अत्याधुनिक पद्धति से किया जा रहा है। इस पद्धति द्वारा दाता (डोनर) की किडनी को दूरबीन द्वारा शरीर से हटाया जाता है, जिसका सबसे अधिक लाभ यह होता है कि दाता (डोनर) को बहुत ही कम तकलीफ होती है और उसे हॉस्पिटल से जल्द छुट्‌टी मिल जाती है। इसके साथ ही यहां डोनर विथ मल्टीपल वैसल्स (किडनी में अधिक नसों का होना), बच्चों की किडनी का प्रत्यारोपण, अनमैच्ड ब्लड ग्रुप के बीच प्रत्यारोपण एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में असंतुलन वाले मरीजों की किडनी का भी सफल प्रत्यारोपण किया गया है। स्थापित होने के कुछ ही वर्षों में जेपी हॉस्पिटल ने 1000 से अधिक किडनी का प्रत्यारोपण अपने आप में एक अनोखा रिकार्ड है। अत्याधुनिक तकनीक और कुशल डॉक्टर्स की टीम के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। खास बात यह है कि टीम ने क्रास मैच्ड पॉजीटिव प्रत्यारोपण, ए.बी.ओ. इंकंपैटिबल ट्रांसप्लांटेशन के साथ-साथ एक रोगी का दूसरी या तीसरी बार भी सफल प्रत्यारोपण किया है। डॉ. अमित के. देवड़ा ने क्रोनिक किडनी फैल्योर के बारे में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि वर्तमान का चिकित्सकीय शोध यह बताता है कि किडनी की बीमारी के मुख्य कारणों में मधुमेह, रक्तचाप, नेफ्रैटिस, बिना चिकत्सक के सलाह के पैन किलर एवं अन्य दवाइयों का सेवन करना। जब किडनी की बीमारी लाईलाज अवस्था में पहुंचे तो मरीज को प्रत्यारोपण करा लेना चाहिए।




■ दस प्रतिशत कार्यक्षमता पर होगा किडनी फैल्योर
■ ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को मिल रहा जीवनदान
■ किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की कमी, लोगों को आगे आने की जरूरत

## सौ दिन बाद सपा नेता जेल से रिहा

**मेरठ,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। करीब तीन महीने पहले सपा द्वारा बुलाई गई एक महापंचायत में भाजपा के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर को जलाकर मार डालने की धमकी देने वाले सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ के खिलाफ गंभीर धाराओं में सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा दायर कर उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था। करीब सौ दिन जेल में रहने के बाद हाई कोर्ट ने सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ की जमानत मंजूर कर ली। मंगलवार को सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ जमानत पर जेल से रहा हो गए इसके बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ की रिहाई पर उनका लड्‌डू और ढोल नगाड़े बजाने के बाद फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17



# बिहार लोकसभा चुनाव में अब तक नहीं दौड़ पाया 'हाथी'




**पटना,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। बसपा का 'हाथी' बिहार में अबतक हुए लोकसभा चुनाव में दौड़ नहीं पाया है। बसपा का गठन कभी दलितों के करिश्माई नेता रहे कांशीराम ने 14 अप्रैल 1984 को किया, जिसका चुनाव चिन्ह हाथी है। कांशीराम ने अपनी शिष्या, मायावती को अपना उत्तराधिकारी नामित किया। बहुजन समाज पार्टी की वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती हैं, जो चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

बिहार में बसपा वर्ष 1989 में पहली बार लोकसभा के चुनाव में उतरी। बसपा ने छह सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। वर्ष 1991 के आम चुनाव में बसपा के टिकट पर 24 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे लेकिन सभी को पराजय का सामना करना पड़ा। वर्ष 1996 में बसपा के 33 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे लेकिन सभी को हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1998 के तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमायी लेकिन सभी को पराजय का सामना करना पड़ा।

वर्ष 2004 में बसपा ने बिहार की सभी 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये लेकिन सभी को पराजय का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 2009 में बसपा ने 39 और वर्ष 2014 में सभी 40 सीट पर अपने उम्मीदवारों को उतारा लेकिन किसी भी सीट पर बसपा प्रत्याशी को जीत नहीं मिली। वर्ष 2019 में हुये लोकसभा चुनाव में बसपा ने 35 प्रत्याशी खड़े किये लेकिन सभी को पराजय का सामना करना पड़ा। हालांकि बीएसपी के उम्मीदवार 11 सीटों पर तीसरे नंबर पर रहे।

**इस बार चुनाव में सभी 40 सीटों पर उतारे अपने प्रत्याशी**

बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव में बिहार में बीते दो दशक से करीब-करीब सभी 40 सीटों पर चुनाव तो लड़ रही है, लेकिन उसे जीत नहीं मिली।

बिहार से मायावती की पार्टी (बसपा) के किसी उम्मीदवार को सांसद नहीं चुना गया है। बसपा मूल रूप से उत्तर प्रदेश में अधिक सक्रिय है। उत्तर प्रदेश के अलावा बसपा बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात ,तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, केरल, झारखंड, पंजाब, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, हरियाणा समेत कई राज्यों में अपने उम्मीदवार उतारती है। बिहार में अबतक हुये लोकसभा चुनाव में बसपा की 'हाथी' संसद तक पहुंचने में कामयाब नहीं हुयी है। संसद में बसपा की अब तक की सर्वोत्तम उपलब्धि वर्ष 2009 में हुये लोकसभा में रही है, जिसमें उसके 21 प्रत्याशी को सांसद बनने का सौभाग्य मिला, जिसमें बिहार का कोई योगदान नहीं रहा। इस के चुनाव में मायावती बिहार की सभी 40 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार रही है। देखना दिलसस्प होगा कि इस बार के चुनाव में कितने संसदीय क्षेत्र में बसपा की 'हाथी' दौड़ लगाने में सफल हो पाती है।

## बसपा के उम्मीदवार बदलने से मैनपुरी में जंग हुई रोमांचक



***मैनपुरी।*** *मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के नामांकन के बाद हुए उलट-फेर में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। बसपा ने मैनपुरी से डॉ. गुलशनदेव शाक्य के स्थान पर इटावा की भरथना विधानसभा सीट से विधायक रहे शिवप्रसाद यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधू डिम्पल यादव प्रत्याशी हैं और भाजपा मैनपुरी पर पहली बार भगवा फहराने की कोशिश में है। बसपा द्वारा मंगलवार को जारी सूची में शिव प्रसाद को जगह दी गई है। उम्मीदवार बदलने को बसपा के यादव मतों के विभाजन की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।*

*सोमवार को नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने नारा दिया कि 'अभी नहीं तो कभी नहीं'। सपा और भाजपा के बीच यहां सीधी-सीधी लड़ाई है। बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव सपा के यादव मतदाओं में कितनी सेंधमारी करेंगे यह तो समय ही बतायेगा पर बसपा से डॉ. गुलशनदेव शाक्य की जगह शिवप्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाने का दांव उल्टा भी पड़ सकता है और शाक्य मतदाताओं का झुकाव सपा या भाजपा की तरफ हो सकता है। फिलहाल जातियों को साधने के प्रयास में सपा, बसपा और भाजपा लगी है। मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा के जयवीर सिंह चुनाव मैदान में हैं। अपने-अपने स्वार्थ साधने के लिए नेताओं की निष्ठाएं बदल रही हैं। मुलायम सिंह यादव के गुरु नत्थू सिंह यादव के पौत्र धीरज यादव भाजपा में शामिल हुए।*

# समाजवादियों का गढ़ माने जाने वाले बांका में इस बार दिलचस्प लड़ाई

## मधु लिमये जैसे समाजवादी नेता इस क्षेत्र का कर चुके हैं नेतृत्व

**बांका,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के बांका लोकसभा क्षेत्र में इस लोकसभा चुनाव में लड़ाई दिलचस्प होने की उम्मीद है। ऐतिहासिक और पौराणिक धरती के रूप में पहचाने जाने वाले बांका की धरती समजवादियो की गढ़ मानी जाती रही है। मधु लिमये जैसे समाजवादी नेता भी इस क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। हालांकि, इस चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।

मंदार पर्वत के कारण प्रसिद्ध बांका शहर ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इसी मंदार पर्वत से समुद्र मंथन हुआ था। बांका संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें सुल्तानगंज, अमरपुर, धोरैया, बांका, कटोरिया और बेलहर विधानसभा सीटें आती हैं। धोरैया विधानसभा सीट अनुसूचित जाति (एससी) और कटोरिया विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए सुरक्षित है। करीब 17 लाख मतदाताओं वाले इस लोकसभा क्षेत्र के मतदाता कभी कांग्रेस को सिर पर बिठाया तो कभी यहां जनसंघ भी मतदाताओं का पसंद



बना।

समाजवादी नेताओं ने भी यहां पैठ बनाई, हालांकि समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस को यहां दो बार हार का भी मुंह देखना पड़ा। लोकसभा चुनाव 2019 में यहां त्रिकोणात्मक मुकाबला देखने को मिला था। हालांकि, जदयू के गिरिधारी यादव ने राजद के जय प्रकाश यादव को पराजित कर राजद से यह सीट छीन ली थी। इस सीट पर जदयू को जहां 4,77,788 वोट मिले थे, वहीं राजद के जय प्रकाश 2,77,256 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। निर्दलीय उम्मीदवार पुतुल कुमारी 1,03,729 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

इस चुनाव में भी एनडीए ने फिर से जदयू के गिरिधारी यादव को प्रत्याशी बनाया है, वहीं महागठबंधन की ओर से राजद ने जय प्रकाश यादव पर भरोसा जताया है। 2014 में राजद के जय प्रकाश नारायण यहां से चुने गए थे, जबकि 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने परचम लहराया था। सिंह के निधन के बाद 2010 में हुए उपचुनाव में पुतुल कुमारी सांसद बनी थीं। दिग्विजय सिंह ने तीन बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जय प्रकाश यादव और दिग्विजय सिंह केंद्र सरकार में मंत्री बने।

साल 1957 में अस्तित्व में आई बांका लोकसभा सीट के जातीय समीकरण पर गौर करें तो यहां यादव और राजपूत मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इसके अलावा, ओबीसी और एससी-एसटी जातियों के मतदाता भी हर चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने वालों में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह, उनकी पत्नी मनोरमा सिंह, मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडीस, बी.एस. शर्मा का नाम शामिल रहा है।

# भाजपा ने मौजूदा सांसदों के टिकट काटे, नए चेहरों पर लगाया दांव

**लखनऊ,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को यूपी में दो और उम्मीदवारों की घोषणा की। भाजपा की जारी सूची के अनुसार, उत्तर प्रदेश की देवरिया सीट से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद सीट से ठाकुर विश्वदीप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

देवरिया से भाजपा ने वर्तमान सांसद रमापति राम त्रिपाठी और फिरोजाबाद से डॉ चंद्र सेन जादौन का टिकट काट दिया है। यूपी की जिन दो सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं, वहां पिछले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत हुई थी। देवरिया में पार्टी ने मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का



टिकट काट दिया है। उनकी जगह शशांक मणि त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। शशांक के पिता प्रकाश मणि त्रिपाठी सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद लोकसभा सीट से मौजूदा चंद्र सेन जादौन का टिकट भी काट दिया गया है। उनकी जगह पार्टी ने क्षत्रिय चेहरे ठाकुर विश्वदीप सिंह पर दांव लगाया है। यूपी की जिन 75 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है, उनमें से सिर्फ रायबरेली और कैसरगंज सीट पर प्रत्याशी घोषित होना शेष है। सूत्र बता रहे हैं कि रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद भाजपा अपने पत्ते खोलेगी। वहीं, कैसरगंज में मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर सस्पेंस अब भी बरकरार है।

# हिमाचल की जनता बागियों को वोट देगी या कांग्रेस का हाथ मजूबत करेगी

## छह बागी विधानसभा सदस्यता से ठहराए गए थे अयोग्य

**शिमला,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल में 27 फरवरी को एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर छोटे पहाड़ी राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया था। जिससे विधानसभा में 40 विधायकों के साथ बहुमत में होने पर भी कांग्रेस के उम्मीदवार उच्चतम न्यायालय के मशहूर अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे। वहीं सदन में 25 विधायकों की संख्या होने पर भी भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार हर्ष महाजन चुनाव जीतने में सफल रहे थे। हिमाचल में पहली बार घटे इस तरह के सियासी घटनाक्रम के बाद कांग्रेस की सरकार गिरने की नौबत तक आ गई थी, लेकिन 28 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने छह बागियों को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया था। जिस कारण सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर आया राजनीतिक संकट टल गया।

वहीं, अब कांग्रेस से बागी हुए सभी छह पूर्व विधायकों ने भगवा धारण कर लिया है। यही नहीं राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बदले में इनाम देते हुए भाजपा ने कांग्रेस के सभी बागियों को खाली हुई सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए टिकट भी थमा दिया है। ऐसे में देखना दिलचस्प रहेगा कि वर्ष 2022 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते ये बागी अब विपक्ष में बैठी भाजपा के टिकट पर किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे। उस विधानसभा चुनाव में दो पूर्व विधायक ऐसे थे, जो प्रदेश में कांग्रेस की लहर होने के बावजूद पार्टी टिकट पर 1700 से कम वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। ऐसे में उपचुनाव में लोगों की नजर अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के इन पूर्व नेताओं पर रहेगी।



प्रदेश में वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में सुजानपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर राजेंद्र राणा मात्र 399 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। ये वही राजेंद्र राणा है, जिन्होंने वर्ष 2017 में चुनावी जंग में भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किए गए प्रेम कुमार धूमल को धूल चटाई थी। जिसके बाद से राजेंद्र राणा की गिनती प्रदेश के कद्दावर नेताओं में होती है। इस विधानसभा चुनाव में राजेंद्र राणा को 27,679 वोट पड़े थे, वहीं उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह को 27,280 मत मिले थे।

वहीं, हिमाचल की जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति विधानसभा सीट के आंकड़े पर गौर करें तो कांग्रेस प्रत्याशी रवि ठाकुर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार रामलाल मारकंडा से 1,616 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। रवि ठाकुर को 9,948 वोट पड़े थे, वहीं भाजपा प्रत्याशी को 8,332 मत प्राप्त हुए थे। कांगड़ा जिला के तहत धर्मशाला सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर शर्मा 3,282 मतों के अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे थे। सुधीर शर्मा वर्ष 2012 में प्रदेश की वीरभद्र सिंह सरकार में शहरी विकास मंत्री रह चुके हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सुधीर शर्मा को 27,323 मत पड़े थे, वहीं उनके मुकाबले में उतरे भाजपा प्रत्याशी को 24,038 वोट मिले थे। इसी तरह से कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र कुमार भुट्टो 7,579 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। उन्हें 36,636 मत प्राप्त हुए थे, वहीं भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कंवर को 29,057 मत मिले थे।

प्रदेश में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर होने पर बड़सर विधानसभा सीट में कांग्रेस के टिकट पर इंद्र दत्त लखनपाल 13,792 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। उनके पक्ष में 30,293 वोट पड़े थे, वहीं भाजपा प्रत्याशी माया शर्मा को 16,501 मत मिले थे। इसी तरह से गगरेट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के टिकट पर चौतन्य शर्मा 15,685 मतों के अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे थे। उन्हें कुल 40,767 मत प्राप्त हुए थे, वहीं भाजपा उम्मीदवार राजेश ठाकुर को 25,082 मत पड़े थे।

हिमाचल में छह बागियों को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद चुनाव आयोग ने खाली हुई सभी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। प्रदेश में आखिरी चरण में चार लोकसभा सीटों सहित विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव होने हैं। भाजपा ने खाली हुई विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के बागियों को टिकट थमा दी है, वहीं कांग्रेस अपनी ही पार्टी से बागी हुए उम्मीदवारों के खिलाफ मजबूत प्रत्याशी उतारने को लेकर मंथन कर रही है। वहीं कांग्रेस के बागियों को अब उपचुनाव में सरकार के खिलाफ बगावत करने को लेकर लोगों के सवालों का भी जवाब देना होगा। भाजपा के टिकट पर उपचुनाव में उतरे बागियों का विनिंग प्लान 'मोदी मैजिक' और भाजपा का मजबूत कैडर के सहारे रहने वाला है।

# पहले चरण में दो सीटों पर राजग व इंडिया गठबंधन के बीच होगी टक्कर



**पटना,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में चार में से दो सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के नवोदित प्रत्याशी के बीच चुनावी टक्कर होगी। बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में किए जाएंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। नवादा और जमुई (सु) सीट पर राजग और इंडी गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी के बीच चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी।

जमुई (सु) सीट पर इंडी गठबंधन में शामिल राजद ने अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है। अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। अर्चना रविदास पहली बार लोकसभा के रण में अपनी किस्मत आजमां रही हैं। वहीं, राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान के जीजा और पूर्व मंत्री डॉ. ज्योति के पुत्र अरुण भारती चुनाव लड़ रहे हैं। अरुण भारती पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

नवादा सीट पर राजद ने श्रवण कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। कुशवाहा पूर्व में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र और साथ ही स्थानीय निकाय क्षेत्र से विधान परिषद का भी चुनाव लड़ चुके हैं। श्रवण कुशवाहा पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे। नवादा सीट राजग में सीटों में तालमेल के तहत लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के कोटे से भाजपा के हिस्से में आ गई है।

## वामदल के सभी पांच प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी तकदीर आजमाएंगे

वामदल के सभी पांच प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे। इस बार के बिहार लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक वामदल को सीटों में तालमेल के तहत पांच सीट मिली है। वामदल में शामिल भाकपा-माले तीन सीट आरा, काराकाट और नालंदा, भाकपा बेगूसराय और माकपा खगड़िया सीट से चुनाव लड़ेगी। वामदल के सभी पांच प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे। आरा संसदीय सीट पर भाकपा माले के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सुदाम प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। वह भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा से भाकपा माले के विधायक हैं । वह 2015 में पहली बार तरारी सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित हुए।

# दूसरे चरण में करीब एक चौथाई उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**लखनऊ,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लड़ने वाले करीब एक चौथाई प्रत्याशी किसी न किसी आपराधिक मामले में लिप्त हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आठ सीटों से नामांकन दाखिल करने वाले 91 प्रत्याशियों में से 21 ने खुद पर आपराधिक मामले घोषित किए हैं जिनमें 18 फीसदी गंभीर आपराधिक वारदातों में संलिप्त हैं। अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे सभी 91 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में से सपा के चार में से चार यानी शत प्रतिशत, बसपा के आठ में से तीन यानी 38 प्रतिशत, भाजपा के सात में से दो यानी 29 प्रतिशत, कांग्रेस के चार में से दो यानी 59 प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के तीन में से दो यानी 67 प्रतिशत शामिल हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में बसपा के 25 प्रतिशत,भाजपा के 29 प्रतिशत,सपा के 50 प्रतिशत, कांग्रेस के 50 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। अलीगढ़ से निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशवदेव गौतम पर सबसे ज्यादा पांच आपराधिक मामले दर्ज है दूसरे नम्बर पर बागपत में सपा के उम्मीदवार अमरपाल नौ आपराधिक मामले में वांछित है। तीसरे नंबर पर हाजी अफजल जो मेरठ से सबसे अच्छी पार्टी के उम्मीदवार है जिनके ऊपर दो




आपराधिक मामले पंजीकृत है।

करोड़पति उम्मीदवारों की बात करे तो 91 में से 42 यानी 46 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। बसपा, कांग्रेस और भाजपा के सभी उम्मीदवार करोड़ों के मालिक है जबकि कांग्रेस के 75 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 10.05 करोड़ है। मुख्य दलों में बहुजन समाज पार्टी के 8 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। भाजपा के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है समाजवादी पार्टी के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है वही कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रत्याशियों में मथुरा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हेमा मालिनी की संपत्ति लगभग 278 करोड़ है इसी तरह से सतीश कुमार गौतम, अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 16 करोड़ है वही मेरठ लोकसभा सीट से देववर्त, बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 5 करोड के आसपास हैं।

# मौसम बन सकता है पहले चरण के मतदान में खलनायक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में संसदीय चुनावों के लिए पहले चरण के मतदान का दिन अब केवल तीन दिन दूर है, मौसम खराब होने की आशंका है क्योंकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मतदान के दिन बारिश की भविष्यवाणी की है।

जम्मू कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की उम्मीद है। लेकिन 19 अप्रैल को उधमपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा डोडा और किश्तवाड़ के जुड़वां जिलों में रोशनी की उम्मीद है। आईएमडी श्रीनगर के निदेशक डॉ. मुख्ताक अहमद के अनुसार, आज रात तक बारिश की संभावना है और 18 अप्रैल तक अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश



की संभावना के साथ मौसम में बादल छाए रहेंगे। डोडा और किश्तवाड़ जिले में 18 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। कुछ इलाकों में बादल छाए रहेंगे। 19 अप्रैल को इन दोनों जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान के दौरान उधमपुर-डोडा संसदीय क्षेत्र में मतदान हो रहा है और यह क्षेत्रफल के हिसाब से देश के सबसे बड़े निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है और यहां 15 लाख से अधिक वोट हैं। इसमें कठुआ जिले के मैदानी इलाकों से लेकर डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों की पहाड़ियां शामिल हैं। जम्मू और कश्मीर के सबसे अविकसित क्षेत्रों में से एक, मारवाह और वारवान भी इस निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं, जो सड़कों के माध्यम

**उधमपुर-डोडा संसदीय क्षेत्र में 15 लाख से अधिक मत**

से कटा हुआ रहता है क्योंकि यह क्षेत्र कश्मीर क्षेत्र के अनंतनाग जिले से एकमात्र संपर्क है। किश्तवाड़ जिले में पड़ने वाले इन दोनों क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से सीधा सड़क संपर्क नहीं है। इन क्षेत्रों और सड़क संपर्क से वंचित अन्य पहाड़ी इलाकों में मतदान दलों और सुरक्षा बलों को ले जाने के लिए, भारत का चुनाव आयोग या तो उन्हें हेलिकाप्टरों से ले जाता है या अन्य साधनों का उपयोग करता है और यदि मौसम अनियमित रहता है, तो यह चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। खराब मौसम का असर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के प्रचार पर भी पड़ता है क्योंकि उन्हें या तो अपना दौरा पुनर्निर्धारित करना पड़ता है या रद्द करना पड़ता है। एक उम्मीदवार, जिसे आज हेलीकॉप्टर के माध्यम से मारवाह, वारवान, गुलाबगढ़, मचौल और कुछ अन्य क्षेत्रों का दौरा करना था, को इसे पुनर्निर्धारित करना पड़ा। चूंकि 19 अप्रैल तक पूर्वानुमान इतना अच्छा नहीं है, इसलिए ये क्षेत्र राजनीतिक दलों के दायरे से बाहर रह सकते हैं। इससे पहले 1996 में खराब मौसम के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया था और पुनर्निर्धारित किया गया था। 1996 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार 13 दिनों तक सत्ता में रहने के बाद गिर गई, तो उसके बाद उधमपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान हुआ।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 1.24 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.22 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.16 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.70 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.09 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## कवच प्रणाली पर सर्वोच्च न्यायालय ने रेलवे को सराहा

### रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सराहना की

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वदेशी टक्कर-रोधी प्रणाली कवच के कार्यान्वयन सहित ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों को दर्ज किया और मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों की सराहना की। रेल दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए उपायों के बारे में सुप्रीम कोर्ट की हालिया सराहना रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को रेखांकित करती है। यह सराहना जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस के.वी विश्वनाथन की अध्यक्षता में सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी द्वारा स्थिति-रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद की गई है । सुनवाई के दौरान, पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, 'हम भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हैं। उन्होने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि जनहित में इन कार्यवाहियों की शुरुआत को भारत सरकार और भारतीय रेल द्वारा पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है।'




यह सुनवाई बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस, जो लगभग 2,500 यात्रियों को ले जा रही थी, और पिछले साल जून में ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा के पास बाजार स्टेशन पर एक मालगाड़ी की दुर्घटना के कुछ दिनों बाद दायर एक याचिका पर आधारित थी। फरवरी में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से कवच प्रणाली समेत रेल सुरक्षा उपायों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कवच प्रणाली को 2002 में अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा तीन भारतीय वेंडरों के सहयोग से विकसित किया गया।

न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने उन समाचार रिपोर्टों के बारे में सरकार से पूछताछ की थी कि कवच को 'कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से लागू किया गया था। इस पर श्री वेंकटरमणी ने कहा कि इसमें 'बड़ी तकनीकी चुनौतियाँ शामिल थीं', और उन्होने स्थिति-रिपोर्ट में इसे विस्तृत रूप से शामिल करने का वादा किया।

इसके अलावा, 23 मार्च, 2022 को स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली (एटीपी) जिसे कवच कहा जाता है, के विकास के संबंध में रेल मंत्रालय की घोषणा पूरे भारत में रेलगाड़ी संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देती है। इस नवोन्मेषी प्रणाली का उद्देश्य उन्नत सुरक्षा उपाय लागू करना है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की संरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस उपलब्धियों की सराहना करते हुए पीठ ने कहा कि तकनीकी खामियों के बिना सभी रेलवे लाइनों और कैरियरों पर कवच प्रणाली को लागू करने में आवश्यक तात्कालिकता और सटीकता को रेखांकित करना अनिवार्य है। याचिका में देश के रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा और विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए कवच के त्वरित और व्यापक रोल-आउट की वकालत की गई है।

#### कवच-एक स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली

कवच एक स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली है जिसे भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है । भारतीय रेल के अनुसार यह एक लागत प्रभावी सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 (SIL-4) प्रमाणित तकनीक है।

सरल शब्दों में, कवच का उद्देश्य रेलगाड़ियों की टक्कर को रोकना है। यदि रेलगाड़ी की गति निर्धारित सीमा से अधिक हो जाती है और ड्राइवर हस्तक्षेप करने में विफल रहता है, तो यह प्रणाली स्वचालित रूप से रेलगाड़ी के ब्रेकिंग तंत्र को सक्रिय कर देती है। भारतीय रेल का दावा है कि कवच,परिचालन सुरक्षा सुविधा से लैस दो रेलगाड़ियों के बीच टकराव को प्रभावी ढंग से रोकता है। कवच स्थापित करने की भारतीय रेलवे की क्षमता से यात्रियों की संरक्षा बेहतर होगी।

## जोमैटो ने 'लार्ज ऑर्डर फ्लीट' की शुरुआत की, ग्राहक एक साथ कर सकेंगे 50 लोगों का खाना ऑर्डर




**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने मंगलवार को 'लार्ज ऑर्डर फ्लीट' की शुरुआत की। इसके जरिए अब ग्राहक एक साथ 50 लोगों का खाना जोमैटो से ऑर्डर कर सकते हैं। जोमैटो के को-फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल ने अपने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी की कोशिश इस सर्विस के जरिए पार्टी, बर्थडे और अन्य कार्यक्रम से ऑर्डर प्राप्त कर अपने मार्केट शेयर को बढ़ाने की है। दीपिंदर गोयल ने लिखा, 'यह एक ऑल-इलेक्ट्रिक फ्लीट है, जिसे विशेष रूप से 50 लोगों तक की सभा के लिए ऑर्डर देने के लिए डिजाइन किया गया है।' दीपिंदर गोयल ने कहा कि पहले इस तरह के बड़े ऑर्डर मल्टीपल फ्लीट डिलीवरी पार्टनर की तरफ से पूरे किए जाते थे। यह हमारे ग्राहक अनुभव के मुताबिक नहीं था। इन नए वाहनों से ग्राहकों को प्लेटफॉर्म पर बड़े ऑर्डर देते समय आने वाली अधिकांश समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

## सरकार ने कच्चे तेल पर बढ़ाया अप्रत्याशित कर



**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने मंगलवार से कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर 6,800 रुपये से बढ़ाकर 9,600 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया। इससे तेल अन्वेषण और उत्पादन कंपनियों ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड को घाटा हो सकता है। लेकिन सरकार को गरीबों के लिए अपनी सामाजिक कल्याण योजनाओं को संचालित करने व अपने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने के लिए अधिक संसाधन मिलेगा। सरकार ने पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर लगाया था और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी थी, क्योंकि निजी रिफाइनरों ने घरेलू बाजार में बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना शुरू कर दिया था।

## ईरान-इजराइल तनाव बढ़ने के बीच सोने की कीमतों में आई तेजी

- दिल्ली में सोने की कीमत 73,310 रुपए और मुंबई में 73,160 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास
- सोना वायदा एमसीएक्स पर 72,813 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में सोने की कीमतों और तेजी आ गई है। मंगलवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। पांच जून को परिपक्व होने वाला सोना वायदा एमसीएक्स पर 72,813 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। सोमवार को यह 72,277 रुपये पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, न्यूयॉर्क में सोने



की कीमतें 0.16 प्रतिशत बढ़कर 2,386.8 डॉलर प्रति औंस हो गईं। भारत में 24 कैरेट सोने की खुदरा कीमतें प्रति 10 ग्राम 73,000 रुपए के पार पहुंच गई। दिल्ली में सोने की कीमत 73,310 रुपए और मुंबई में 73,160 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रही। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, 'मुख्य रूप से ईरान-इज़राइल संघर्ष की पृष्ठभूमि में सोने की कीमत नई ऊंचाई को पार कर रही है। लोगों ने सोने में निवेश तेज कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मध्य पूर्व में तनाव के कारण भारत से आभूषण निर्यात और सुस्त हो जाएगा।' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल के नवनीत दमानी ने कहा, सोना और डॉलर सूचकांक अब एक साथ चल रहे हैं। इससे पता चलता है कि बाजार का ध्यान वर्तमान में भूराजनीतिक तनाव पर अधिक है और ब्याज दर में बदलाव पर कम है।

## सार संक्षेप

### पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है। मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी ङ्क दुपहिया वाहन शामिल है। वर्तमान में पीएचएफ लीजिंग के साथ काम करने वाले कुछ ऋणदाताओं में एसबीआई, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एमएएस फाइनेंशियल सर्विसेज, एंबिट फिनवेस्ट, इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज, श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस, यूनिकॉम फिनकॉर्प और ग्रोमनी कैपिटल शामिल हैं।

### नलिन नेगी बने फिनटेक फर्म भारतपे के सीईओ


**नई दिल्ली।** फिनटेक कंपनी भारतपे ने मंगलवार को नलिन नेगी को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। इसके पहले कंपनी के अंतरिम सीईओ और सीएफओ के रूप में उनके नेतृत्व में भारतपे ने वित्त वर्ष 23 में राजस्व में 182 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कंपनी की ओर से कहा गया कि अब नए सीएफओ की नियुक्ति की जाएगी। भारतपे के बोर्ड अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा, 'फिनटेक उद्योग में नेगी का व्यापक अनुभव और उनके नेतृत्व में भारतपे की कमाई में हुई वृद्धि को देखते हुए वह कंपनी का नेतृत्व करने के लिए स्वाभाविक पसंद बन जाते हैं।' नेगी 2022 में भारतपे में शामिल हुए थे। नेगी ने कहा, अब हमारा ध्यान कंपनी को विकास के नए चरण में ले जाना और देश भर में अपने ग्राहकों को सशक्त करने के लिए नए उत्पादों को लॉन्च करने पर होगा।' उन्होंने कहा, 'हम अपना आधार मजबूत करने और व्यापारियों, भागीदारों व हितधारकों को हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### एक्सपीरियन डेवलपर्स ने नोएडा में पहले ईवी पार्किंग अपार्टमेंट्स को लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** पूर्णतः एफडीआई-फंडेड प्रीमियम रियल एस्टेट डेवलपर और एक्सपीरियन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपने प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट, एक्सपीरियंस एलिमेंट्स के तहत नोएडा में पहले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पार्किंग अपार्टमेंट्स की शुरुआत करके नवाचार और वहनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इन अत्याधुनिक ईवी पार्किंग अपार्टमेंट्स का अनावरण नोएडा के रियल एस्टेट परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो पर्यावरण के अनुकूल व तकनीकी रूप से उन्नत आवासों की ओर लोगों के तेज़ी से बढ़ते रुझान का संकेत देता है।

## ब्याज दर में जल्द कटौती नहीं होने की आशंका में गिरा बाजार

**मुंबई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में मार्च की खुदरा बिक्री के आंकड़े उम्मीद से अधिक मजबूत रहने से फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में जल्द कटौती शुरू नहीं करने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत दस समूहों में बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 456.10 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,943.68 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत बढ़कर 40,315.36 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत उछलकर 45,423.98 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1568 में गिरावट जबकि 2250 के शेयरों में तेजी रही वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर बंद हुई। बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.24, वित्तीय सेवाएं 0.27, आईटी 2.32, दूरसंचार 0.40, बैंकिंग 0.50, कैपिटल गुड्स 0.26, धातु 0.36, रियल्टी 0.33, टेक 2.09




और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत टूट गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.49, जर्मनी का डैक्स 1.45, जापान का निक्केई 1.94, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.65 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 508 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,892.14 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,135.43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 72,685.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,399.78 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत टूटकर 72,943.68 अंक रह गया।

निफ्टी 147 अंक उतरकर 22,125.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,213.75 अंक के उच्चतम जबकि 22,079.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,272.50 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत गिरकर 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंफोसिस 3.65, इंडसइंड बैंक 3.12, विप्रो 2.32, बजाज फिनसर्व 2.31, एचसीएल टेक 1.94, टेक महिंद्रा 1.90, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.77, टीसीएस 1.76, एलटी 1.55, आईसीआईसीआई बैंक 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, एसबीआई 0.65, टाटा मोटर्स 0.63, एनटीपीसी 0.54, टाटा स्टील 0.53 और कोटक बैंक 0.14 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, टाइटन 1.26, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.20, एचडीएफसी बैंक 0.97, मारुति 0.62, पावरग्रिड 0.07, रिलायंस 0.05 और आईटीसी ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से नाबार्ड ने किया सतर्क

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 'नाबार्ड डेयरी ऋण योजना' के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन** : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 41रिंगिट गिरकर 4236 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.56 सेंट की की गिरावट के साथ 44.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## टेस्ला में छंटनी ने ट्विटर की दिलाई याद, कुछ विभागों में 20 प्रतिशत कर्मचारी हुए प्रभावित

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली दिग्गज कंपनी टेस्ला ने कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। लेक्ट्रिक कार कंपनी के कुछ विभागों में 20 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। एलन मस्क ने 2022 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (अब एक्स) का अधिग्रहण करने के बाद लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारियों (लगभग 7,500 लोगों) को बर्खास्त कर दिया था। कई रिपोर्टों में कहा गया है, 'छंटनी में कई विभागों के 20 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। यह फैसला स्पष्ट रूप से 'खराब वित्तीय प्रदर्शन के कारण' लिया गया है।' टेकक्रंच की एक रिपोर्ट में मंगलवार को दावा किया गया, 'छंटनी से अमेरिका, यूरोप और चीन में 10 प्रतिशत से अधिक या लगभग 14 हजार कर्मचारी प्रभावित हुए। यह छंटनी, लागत में कटौती और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 'विकास के अगले चरण' की तैयारी के लिए की गई।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'हटाए गए कई




कर्मचारी अच्छा प्रदर्शन करने वाले थे।' रिपोर्ट में एक टेस्ला प्रबंधक के हवाले से कहा गया है, 'मैंने अपनी टीम के 20 प्रतिशत और कुछ बहुत अच्छे कर्मचारियों को भी खो दिया है।' टेस्ला के दो हाई-प्रोफाइल अधिकारी - रोहन पटेल और टेस्ला के पावरट्रेन एवं एनर्जी के एसवीपी ड्रू बैग्लिनो ने भी पद छोड़ दिया है, टेस्ला ने करीब 25 हजार डॉलर में कम लागत वाली ईवी विकसित करने की योजना को स्थगित कर दिया है। कंपनी अगले सप्ताह अपनी पहली तिमाही की आय रिपोर्ट करने वाली है।

### नए एक्स यूजर्स को करना होगा भुगतान : एलन मस्क

**नई दिल्ली।** नए एक्स यूजर्स को झटका देते हुए एलन मस्क ने घोषणा की है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर सामग्री पोस्ट करने के लिए उनसे शुल्क लिया जा सकता है। एक एक्स यूजर के जवाब में टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने कहा कि दुर्भाग्य से, 'नए यूजर्स से किसी मैटर को पोस्ट करने के लिए एक छोटा सा शुल्क बॉट्स के निरंतर हमले को रोकने का एकमात्र तरीका है।' मस्क ने पोस्ट किया, 'मौजूदा एआई (और ट्रोल फ़ार्म) 'क्या आप एक बॉट हैं' को आसानी से पास कर सकते हैं।' मस्क ने कहा, 'छोटा शुल्क चुका कर नए यूजर्स तीन तीन माह बाद मुफ्त में पोस्ट कर सकते हैं।' गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में, एक्स ने न्यूज़ीलैंड और फिलीपींस में नए असत्यापित यूजर्स से प्रति वर्ष एक डॉलर का शुल्क लेना शुरू किया था।

# खेल जगत

**मुंबई बनाम चेन्नई मुकाबले को जियो सिनेमा पर 71.5 करोड़ से अधिक व्यूज मिले**

**मुंबई।** जियोसिनेमा ने 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए महामुकाबले के दौरान 71.5 करोड़ से अधिक व्यूज हासिल किए। टाटा आईपीएल के आधिकारिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने 933 करोड़ मिनट का वॉच टाइम और 13 करोड़ दर्शकों का आंकड़ा हासिल किया, जो टाटा आईपीएल 2023 फाइनल से बेहतर है। जियोसिनेमा ने 2024 सीज़न की शुरुआत 59 करोड़ से अधिक व्यूज़ के साथ की, जिसके कारण पहले दिन 660 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम देखा गया। 29 मैचों के बाद इस प्लेटफॉर्म पर 38.3 करोड़ दर्शकों द्वारा 1200 करोड़ से अधिक व्यूज़ और 14,800 करोड़ मिनट का वॉच टाइम दर्ज किया गया। पिछले सीज़न की इसी अवधि की तुलना में दर्शकों की संख्या में 42 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।

JioCinema

आज नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगी दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंटस का मुकाबला

## जीत की हैट्रिक के मकसद से उतरेगी दिल्ली

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ गुजरात और दिल्ली के बीच दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद
■ दिल्ली के पंत और गुजरात के राशिद में रोचक संघर्ष की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने कप्तान ऋषभ पंत के बल्ले और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के फिट होकर वापसी से गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन से जीत की राह पर लौटी अंतिम पूर्व स्थान पर चल रही दिल्ली कैपिटल्स अब पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस को उसी के घर अहमदाबाद में बुधवार को हरा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में सात मैचों में तीसरी जीत के मकसद से उतरेगी। दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंटस को पिछले मैच में लखनऊ में छह विकेट से शिकस्त दी जबकि अपने छह मैचों में अब तक तीन जीतने और इतने ही मैच हारने वाली गुजरात टाइटंस ने छह मैचों में पांच जीत के साथ शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स पर अपने पिछले मैच में उसी के किले जयपुर में अंतिम गेंद पर राशिद खान के आवेश खान की मैच की अंतिम गेंद पर चौके से तीन विकेट से बेहद रोमांचक जीत दर्ज की। ऐसे में ऋषभ पंत की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स और भारत के भविष्य के कप्तान बताए जा रहे शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस के बीच दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद है। दोनों टीमों के बीच अब तक आईपीएल में हुए तीन मुकाबले में बेशक दो गुजरात टाइटंस ने जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए हौसला बढ़ाने वाली बात यह है कि उसने बीते बरस उसे इसी मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में पांच रन से हराया था। दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी दो दो अर्द्धशतक जड़ चुके और उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे कप्तान ऋषभ पंत (कुल 194 रन) और विस्फोटक ट्रस्टन स्टब्ज (कुल 189 रन) के साथ एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले डेविड वॉर्नर (कुल 166 रन), पृथ्वी शॉ(151) और अपने पहले ही मैच में अर्द्धशतक जड़ने वाले फ्रेजर मैकगुर्क पर निर्भर करेगी। गुजरात टाइटंस के लिए तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (8विकेट), उमेश यादव(सात विकेट) के साथ लेग स्पिनर राशिद खान(छह विकेट) और नूर अहमद (तीन विकेट) पर निर्भर है।

आईपीएल 2024

### नए फिनिशर बन रहे हैं राशिद

राशिद खान ने आईपीएल में अपनी अलग छाप छोड़ी है और गुजरात का हिस्सा बनने के बाद उनका रोल भी काफ़ी बदला है। 2022 से ही राशिद का इस्तेमाल अंतिम ओवरों में भी होता आ रहा है। राशिद ने 2022 से 16-20 ओवरों के बीच 29 विकेट लिए हैं। वह इस दौरान डेथ ओवर्स में दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले स्पिनर रहे हैं। उनसे आगे केवल युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 32 विकेट लिए हैं। चहल की इकॉनमी 8.42 की रही है तो वहीं राशिद ने केवल 7.75 की इकॉनमी से रन खर्च किए हैं। राशिद और चहल के अलावा 2022 से किसी अन्य स्पिनर द्वारा डेथ ओवर्स में लिए गए सर्वाधिक विकेट 10 हैं।

### पुराने फॉर्म में लौट रहे हैं पंत

2020 और 2021 सीज़न में पंत ने आईपीएल में 130 से भी कम की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए थे। 2022 में उन्होंने 152 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए, लेकिन चोट के कारण अगला सीज़न नहीं खेल पाए। इस सीजन पंत ने छह पारियों में 158 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। पंत ने इस सीजन बीच के ओवरों में 153 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं जबकि 2020 से लेकर 2022 तक उनका बीच के ओवरों में सर्वाधिक स्ट्राइक-रेट 131 का था। बीच के ओवरों में इस सीजन पंत ने तेज गेंदबाज़ों के खिलाफ 193 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। पिछले तीन सीज़न में उनका सर्वोच्च 126 रहा था।

## छक्के जड़ने में हैनरिक और चौकों में विराट कोहली अव्वल



**बेंगलुरु, 26** अप्रैल (एजेंसियां) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है।

चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवैल, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सौरभ चौहान, मयंक अग्रवाल, उमेश यादव, राहुल त्रिपाठी, सुमित कुमार, अजमतउल्लाह उमरजई, जयदेव उनादकट, शाहरुख खान और दर्शन नालकंडे एक-एक छक्का लगाते हुए निचले पायदान पर है।

## रायुडू ने दिनेश कार्तिक को टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की वकालत की



कार्तिक हमेशा एमएस धोनी की छाया में रहे हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले : अंबाती रायुडू, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज द्वारा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 35 गेंदों में 83 रन की विस्फोटक पारी के बाद 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए दिनेश कार्तिक को शामिल करने की वकालत की। 287 के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए, डु प्लेसिस (28 में 62) और विराट कोहली (20 में 42) ने आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा किया। इसके बाद दिनेश कार्तिक का शानदार प्रदर्शन आया, जिन्होंने अकेले दम पर 35 गेंदों में 83 रन बनाकर मेजबान टीम को मैच में बनाए रखा, क्योंकि आरसीबी की पारी 7 विकेट पर 262 रन बनाकर समाप्त हुई। अब तक 7 मैचों में, अनुभवी कार्तिक ने 75.33 की औसत और 2 अर्द्धशतकों के साथ 205.45 की स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। रायडू ने खुलासा किया कि कार्तिक हमेशा एमएस धोनी की छाया में रहे हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि मैंने बचपन से देखा है कि वह कितना प्रतिभाशाली है। वह हमेशा एमएस धोनी की छत्रछाया में रहे और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उनके पास आखिरी बार भारत के लिए मैच विजेता बनने और विश्व कप जीतकर अपने करियर का अंत करने का सुनहरा मौका है।

### मैक्सवेल ब्रेक लेकर स्वयं को करना चाहते थे तरोताजा

**मुम्बई,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। शारीरिक और मानसिक रूप से आराम की तलाश कर रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धाकड़ बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रन नहीं उगल रहा है और इसलिये स्वयं को तरोताजा करने लिए उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मुकाबले में उनकी जगह किसी और को चुनने की मांग की थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात मैचों छठी हार के बाद मैक्सवेल ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए काफी आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं फाफ और कोच के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी और को आजमाया जाए। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए मैंने स्वयं को खराब परिस्थिति में पाया है। मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं और स्वयं को मानसिक तथा शारीरिक रूप से तरोताजा करूं।

## 300 के आंकड़े को छूना है हमारा अगला लक्ष्य : ट्रैविस हेड



**बेंगलुरु,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 287/3 का स्कोर बनाते हुए आईपीएल इतिहास में सबसे बड़े टीम स्कोर के रिकॉर्ड को इस सीजन में दूसरी बार तोड़ा है। ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए हेड ने कहा कि हमारे स्कोर के सामने अब तीन की ज़रूरत है। यह सही बल्लेबाजी है। हम हमेशा रोमांचक होना चाहते हैं, हम हमेशा खेल में आगे रहना चाहते हैं। पैट और डैन ने बल्लेबाजी क्रम पर दबाव डाला है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम पावरप्ले का पूरा फ़ायदा ले रहे हैं और इसके बाद भी हिटिंग जारी रख रहे हैं। हमारे पास क्लासेन, समद और नीतीश जैसे खिलाड़ी हैं। मध्यक्रम में हमारे पास थोड़ी ताक़त है और हम यही कोशिश करते हैं कि जब तक हो सके खेल धीमा ना हो। मैं जानता हूं कि हर मैच में इसकी गारंटी नहीं ली जा सकती है, लेकिन अभी के लिए तो हम इसे अच्छे से कर पा रहे हैं और हर मैच में जो स्कोर चाह रहे हैं वह बना रहे हैं। हैदराबाद ने मैच में कुल 22 छक्के लगाए जो आईपीएल इतिहास में किसी टीम द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्के हो गए हैं और इसमें से नौ अकेले हेड ने लगाए थे। पावरप्ले में अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर हेड ने हैदराबाद का स्कोर बिना किसी नुकसान के 76 रन कर दिया था। 13वें ओवर में वह 41 गेंदों में 102 रनों की पारी खेलने के बाद आउट हुए। हेड के आउट होने के बाद भी आरसीबी को आराम नहीं मिला क्योंकि क्लासेनने नंबर तीन पर आते हुए 31 गेंदों में 67 रनों की पारी खेल दी। एडन मारक्रम ने 17 गेंदों में नाबाद 32 और अब्दुल समद ने केवल 10 गेंदों में 37 रन बना डाले। एसआरएच द्वारा बनाया गया स्कोर अब टी20 क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर हो गया है।

### सार संक्षेप

#### पेरिस ओलंपिक : इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को लगातार दूसरी ओलंपिक मैराथन तैराकी टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा 10 किमी की स्पर्धा में लीह क्रिस्प और टोबी रॉबिन्सन हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन की 33 सदस्यीय टीम में सात ओलंपिक चैंपियन, नौ ओलंपिक पदक विजेता शामिल है और दस तैराक पर्दापण करेंगे।

#### घरेलू हिंसा मामले में जमानत खारिज, माइकल स्लेटर अदालत में गिर पड़े : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल स्लेटर कथित तौर पर घरेलू हिंसा के आरोप में मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद अदालत में गिर पड़े। 54 वर्षीय व्यक्ति पर 5 दिसंबर, 2023 और 12 अप्रैल, 2024 के बीच कथित अपराधों से संबंधित 19 आरोप हैं, जिनमें पीछा करना, डराना-धमकाना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और गला घोंटना शामिल है। स्लेटर अपनी उपस्थिति के दौरान जेल के हरे कपड़े पहनकर कटघरे में बैठे थे और जब मजिस्ट्रेट रैलेन एलिस ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी तो वह फर्श पर गिर पड़े। एबीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि जेल अधिकारियों ने उसे अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की।

#### आईआरएस एकादश ने जीता यमुना ट्राफी ऑफिसर्स कप

**नई दिल्ली।** यमुना को साफ स्वच्छ रखने के संकल्प और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नौवीं यमुना ट्राफी चैम्पियनशिप आफिसर्स कप के फाईनल में आईआरएस एकादश ने दानिक्स एकादश को 51 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा किया। अक्षरधाम के सीडब्लयूजी मैदान में माननीय न्यायाधीश संगीता ढींगरा सहगल (सीडीआरसी) दिल्ली स्टेट अध्यक्षा ने टॉस सिक्का उछालकर मैच की शुरुआत की। आईआरएस एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 191 रन बनाए। इसके बाद आईआरएस के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए दानिक्स एकादश के सात विकेट चटकाते हुए उसने 140 के स्कोर पर रोककर मुकाबला 51 रनों से जीत लिया।

अंडर-20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल

## पश्चिम बंगाल क्वार्टर फाइनल में



स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़),** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में उत्तराखंड को 3-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में व अपना स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई। ग्रुप ई में आखिरी मैच के दिन से पहले, उत्तराखंड और तमिलनाडु अन्य दो टीमें थीं जो अंतिम-आठ में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। हालांकि, बाद वाला पहले ही बाहर हो चुके पंजाब के खिलाफ हांफते-हांफते हुए ड्रा ही अर्जित कर सका और पहले अंडर-20 पुरुष एनएफसी से बाहर हो गया।

तीसरे मिनट में सांतनु नस्कर के गोल से पश्चिम बंगाल ने इस मुकाबले में शुरुआती बढ़त बना ली। राहुल नस्कर और शिबम मुंडा ने क्रमशः 60वें और 69वें मिनट में दूसरा और तीसरा गोल किया। पूर्व खिलाड़ी अब तक तीन गोल के साथ टूर्नामेंट में पश्चिम बंगाल के शीर्ष स्कोरर हैं। जहां विजेता सात अंकों के साथ ग्रुप ई में शीर्ष पर रहे, वहीं उत्तराखंड ने पहले दिन पंजाब पर एकमात्र जीत के साथ अपना अभियान तीसरे स्थान पर समाप्त किया। 19 अप्रैल को पहले क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल का सामना ग्रुप सी के विजेता से होगा।

## बीसीए ने महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए नई समिति का किया गठन

बीसीए बिहार में क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर बुनियादी ढांचे, रोजगार के अवसर, वेतन और कई अन्य दिशा में काम कर रहा है : राकेश तिवारी

**पटना,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने राज्य में महिला क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना की है।

समिति का प्राथमिक उद्देश्य खेल में युवा महिला क्रिकेटरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के बीच क्रिकेट के प्रचार और विकास पर बीसीसीआई द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, एक महिला क्रिकेट विकास समिति का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से युवा महिलाओं को क्रिकेट में शामिल करने के लिए काम कर रही है। बीसीए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्रिकेट संचालन संस्था राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी काम कर रही है। राकेश तिवारी ने कहा कि बीसीए बिहार में क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर बुनियादी ढांचे, रोजगार के अवसर, वेतन और कई अन्य दिशा में काम कर रहा है। इन प्रयासों के परिणाम बहुत जल्द दिखाई देंगे। इस बीच, बीसीए का रणदीर वर्मा अंडर-19 टूर्नामेंट 2023-24 अभी चल रहा है। बिहार में पुरुष सीनियर इंटर-डिस्ट्रिक्ट वन डे लीग 2023-24 भी खेली जा रही है। टूर्नामेंट का उद्देश्य राज्य में कच्ची प्रतिभा को निखारना है। बीसीए अध्यक्ष ने पिछले महीने कहा कि हर साल बिहार क्रिकेट एसोसिएशन विभिन्न स्तरों और आयु समूहों के अपने युवा खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करता है। इन प्रतियोगिताओं के आधार पर, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बिहार की टीम के लिए चुना जाता है। इन चयनित खिलाड़ियों को बीसीसीआई से प्रमाणित कोचों द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होता है।

### हैदराबाद और बेंगलुरु मैच में रेस लगी थी कि कौन अधिक छक्के जड़ेगा : फिंच

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की 25 रनों की हार के पीछे टीम द्वारा लगाई गई बॉउंड्री के अंतर को मुख्य कारण बताया। ट्रैविस हेड ने 39 गेंदों में अपना पहला आईपीएल शतक बनाने के बाद दिनेश कार्तिक ने आरसीबी के लिए अकेले लड़ाई लड़ी और मात्र 35 गेंदों में 83 रन बनाए। हालांकि, आरसीबी को सात मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा, जब एसआरएच ने 287/3 का रिकॉर्ड बनाया, जो कि आईपीएल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले एसआरएच ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन का स्कोर बनाया था। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से कहा कि उन्हें 14 से शुरू करना था और यदि आपका एक भी ओवर खराब है तो यह 16 तक चला जाता है। इसलिए यह कभी भी ऐसा मैच नहीं होगा जहां आप बल्लेबाजों के बारे में बात करेंगे।

## शिखर धवन की अनुपस्थिति से युवा क्रिकेटरों को मिलेगा मौका : शशांक



■ शिखर कंधे की चोट के कारण एक सप्ताह या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं

**नई दिल्ली,** 16 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी शशांक सिंह ने कहा है कि शिखर धवन का अनुभव बेजोड़ है, लेकिन उनकी अनुपस्थिति से टीम में युवा क्रिकेटरों को मौका मिलेगा। शशांक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रशंसा और ट्रोल से निपटने पर भी अपने विचार साझा किए। पीबीकेएस के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण एक सप्ताह या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच से चूक गए क्योंकि सैम करेन ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। इस पर टिप्पणी करते हुए शशांक ने कहा कि शिखर की चोट खेल का अभिन्न अंग है। लेकिन यह अन्य खिलाड़ियों के लिए भी एक अवसर है। शिखर के पास जिस तरह का अनुभव है उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में टीम से कोई न कोई यह स्थान लेगा। उन्होंने कहा कि टीम में युवा खिलाड़ी हैं जो मौके का फायदा उठाना चाहते हैं। पीबीकेएस फिलहाल छह मैचों में चार हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शशांक ने कहा कि टूर्नामेंट की गति दूसरे हाफ में बदलती दिख रही है। हमारे आठ मैच बचे हैं और हमें विश्वास है कि हम जीतेंगे। हम अपने मैच आखिरी गेंद या दूसरी-आखिरी गेंद पर हार गए। आगे दबाव से निपटने के बारे में बात करते हुए, खेल की प्रकृति और मैच के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसा और ट्रोल को देखते हुए, 32 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा कि मैंने स्टीव स्मिथ, बेन स्टोक्स, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत आदि के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है।

## मनिका, श्रीजा ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की



आईटीटीएफ विश्वकप

**मकाओ** (चीन), 16 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय पैडलर मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने गैलेक्सी एरेना में आईटीटीएफ विश्व कप में अपने-अपने शुरुआती मैच जीते। श्रीजा ने दुनिया की 52वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की नतालिया बाजोर को 4-0 (11-9, 11-6, 11-5, 11-5) से हराया। जबकि, मनिका ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की 46वें नंबर की रोमानिया की एडिना डायकोनू के खिलाफ 3-1 (9-11, 11-8, 11-6, 11-8) से जीत हासिल की। राउंड 16 में आगे बढ़ने के लिए श्रीजा का अगला मुकाबला चीन की दुनिया की नंबर 4 चीन की चेन मेंग से होगा, जबकि मनिका अपने दूसरे ग्रुप-स्टेज मैच में दुनिया की नंबर 2 चीन की वांग मन्यु से भिड़ेंगी। प्रत्येक पुरुष और महिला एकल प्रतियोगिता में 16 ग्रुप हैं। ग्रुप चरण के मैचों में चार गेम शामिल हैं, जिसमें जीत और हार अंतिम रैंकिंग निर्धारित करती है जो नॉकआउट चरणों के लिए जगह बनाने में मदद करेगा।